ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
23 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 33
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

जी 20 वर्चुअल समिट में पीएम मोदी ने कहा आतंकवाद सभी को अस्वीकार्य।






KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL
D. Pharm
Total fee of Two Years- 147000/- (No Any Extra Fee)
ADDMISSION OPEN
AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412
6201100402
9155140177

## झारखंड विधानसभा ने मनाया 23वां स्थापना दिवस, राज्यपाल ने किया उद्घाटन

# मंदिर-मस्जिद-गुरुद्वारे से भी ऊपर है विस: हेमंत

रांची। झारखंड विधानसभा ने बुधवार को अपना 23वां स्थापना दिवस मनाया। इस दो दिवसीय समारोह का उद्घाटन राज्यपाल डॉ सीपी राधाकृष्णन ने किया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष प्रो रविंद्रनाथ महतो, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस गरिमामय समारोह में अतिथियों ने कहा कि लोकतंत्र में विधानसभा का स्थान मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और किसी भी धर्मस्थल से ऊपर है। समारोह में राज्यपाल ने मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह को उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित किया। इसके अलावा विधानसभा के कर्मियों, शहीद जवानों के परिजनों, उत्कृष्ट खिलाड़ियों और 10-12वीं के टॉपरों को भी सम्मानित किया गया।



## श्रेष्ठ बनने के लिए दलगत भावना से ऊपर उठ कर करना होगा काम : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के स्थापना दिवस के मौके पर राज्यपाल डॉ सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि यह हमारा दायित्व है कि हम सदन में ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभायें। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि झारखंड के मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष, दोनों युवा शक्ति के प्रतीक हैं। दोनों काफी ऊर्जावान हैं और दोनों बेहतर कार्य करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं है। हमें लोगों की भलाई के लिए सोचना है। झारखंड विधानसभा को देश की अन्य विधानसभाओं से श्रेष्ठ बनने के लिए हमें दलगत भावना से ऊपर उठ कर काम करना होगा।

### उत्कृष्ट विधायक और कर्मी सम्मानित

झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस समारोह में रामचंद्र सिंह को बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मी संयुक्त सचिव मिथिलेश कुमार मिश्र, अवर सचिव विष्णु पासवान, प्रशाखा पदाधिकारी निलेश कुमार सिंह और नियाज अहमद, वरीय सचिवालय सहायक तापस कुमार यादव और अनुसेवक माइकल लकड़ा को भी सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट विधायक को 51 हजार रुपये और प्रत्येक कर्मियों को 21-21 हजार रुपये की सम्मान राशि भी दी गयी।

## राज्य की सर्वोच्च पंचायत को हर हाल में बचाना होगा : सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि विधानसभा राज्य की सर्वोच्च पंचायत है। यहां पर न सिर्फ राज्य के आम लोगों के लिए, बल्कि झारखंड के जल, जंगल, जमीन और जीव-जंतुओं के लिए भी नीतियां बनती हैं। हजारों-लाखों लोग काफी उम्मीद के साथ अपना प्रतिनिधि यहां भेजते हैं। विधानसभा में पहुंचनेवाले प्रतिनिधि उन लोगों की आवाज बनते हैं, जिनके साथ में कभी रहे नहीं और जिनसे कभी मिले नहीं। हमें हर हाल में इस महापंचायत को टूटने, ढहने और नुकसान से



बचाना होगा। मुख्यमंत्री विधानसभा के 23वें स्थापना दिवस पर बुधवार को समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां से नीतियां बनती हैं। विधेयक पारित किये जाते हैं। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि ऐसी संस्थाओं का महत्व क्या है। लोगों को यहां पहुंचने वाले प्रतिनिधियों से काफी उम्मीद होती है। यहां पहुंचने वाला सबकी आवाज को सदन में रखता है। उन्होंने कहा कि महापंचायत में पंचायती हो, इसके लिए सत्तापक्ष और विपक्ष होता है। दोनों को मिल कर हर हाल में लोकतंत्र की इस महापंचायत को टूटने और नुकसान पहुंचाने से बचाना होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसका दुनिया भर में लोहा माना जाता है। लोकतंत्र की असल परिभाषा विधायिका के कामकाज से ही निकलती है। इसलिए हमें बेहद गंभीरता के साथ ऐसी संस्थाओं को चलाना होगा।

## विधानसभा में पिछले चार साल में हुए तीन ऐतिहासिक विधायी कार्य : स्पीकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्थापना दिवस समारोह में स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने कहा कि पिछले चार वर्षों में झारखंड विधानसभा में तीन ऐतिहासिक विधायी कार्य हुए हैं, जिसके लिए पांचवीं विधानसभा को झारखंड के राजनीतिक इतिहास में लंबे समय तक याद किया जायेगा। झारखंड वासियों की अस्मिता के प्रश्न को ध्यान में रखते हुए सदन के विशेष सत्र में सरना धर्म कोड प्रस्ताव को पास किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम था। स्पीकर ने कहा कि झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण संशोधन विधेयक (2022), झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा



और परिणामी सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक 2022 राज्य गठन के उन मौलिक उद्देश्यों के पूर्ति की ओर एक महत्वपूर्ण कदम थे, जिनके लिए हमारे राज्य निर्माताओं ने राज्य गठन के आंदोलन में अपना रक्त बहाया था। इन दोनों विधेयकों पर भी सदन में पक्ष और विपक्ष का अंतर मिट गया था।

## न्यूज रील्स

### हाजिर नहीं हुए साहिबगंज एसपी 28 को फिर बुलावा

रांची (आजाद सिपाही)। साहिबगंज एसपी नौशाद आलम बुधवार को इडी के सामने उपस्थित नहीं हुए। उन्हें 28 दिसंबर को हाजिर होने के लिए दोबारा समन किया गया है। इडी ने 10 नवंबर को समन जारी कर एसपी को पूछताछ के लिए 22 नवंबर को बुलाया था।

### उत्तरकाशी टनल में अब सिर्फ 12 मीटर ड्रिलिंग बची

उत्तरकाशी (आजाद सिपाही)। उत्तरकाशी की सिल्क्यारा टनल में 11 दिन से फंसे 41 मजदूरों के जल्द बाहर निकलने की उम्मीद नजर आ रही है। टनल के एंट्री प्वाइंट से अमेरिकी ऑगर मशीन करीब 45 मीटर तक करीब 32 इंच की पाइप ड्रिल कर चुकी है।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक में 32 प्रस्तावों पर मुहर

# दारोगा-इंस्पेक्टर भी कर सकेंगे एससी-एसटी मामलों की जांच

बढ़ते केस और डीएसपी कम होने के कारण हुआ निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में कुल 32 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इसमें सबसे अहम प्रस्ताव की स्वीकृति एससी-एसटी अधिनियम के तहत दर्ज मामले को लेकर दी गयी है।

इसके तहत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत थानों में दर्ज मामलों का अनुसंधान दारोगा और इंस्पेक्टर भी कर सकेंगे। यह फैसला थानों में बढ़ते मामले और इसके अनुसंधान में लगने वाले डीएसपी की संख्या कम होने की वजह से लिया गया है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए पीएचडी अनिवार्य नहीं

एक अन्य प्रस्ताव उच्च शिक्षा को लेकर लिया गया है। जिसमें कहा गया है कि अब राज्य के विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए पीएचडी होना अनिवार्य नहीं होगा। नेट पास किये उम्मीदवार इसके लिए योग्य मानें जायेंगे। वहीं साल 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद बोकारो में हुए सिख दंगों के पीड़ितों के बीच 1.20 करोड़ रुपये का भुगतान किया जायेगा। इसका लाभ दंगा पीड़ित 24 परिवारों के परिजनों को मिलने वाला है।

### परगनैत को मिलेंगे अब हर महीने तीन हजार रुपये

कैबिनेट की बैठक में सरकार ने निर्णय लिया है कि राज्य के परगनैत को तीन हजार रुपये प्रतिमाह दिये जायेंगे। पहले सरकार ने एक हजार रुपये देने का निर्णय लिया था। इसके साथ ही सरकार ने हॉकी चैंपियनशिप के दौरान पुलिस के लिए खरीदे गये स्कॉरपियो के लिए झारखंड आकस्मिकता निधि से 2.26 करोड़ रुपये की घटनोत्तर स्वीकृति दी है। अन्य प्रस्तावों में पथ प्रमंडल खूंटी में आने वाले हटिया लोदमा कर्रा चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और नवनीकरण के लिए 109.37 करोड़ की स्वीकृति दी गयी। गुमला जिला के चैनपुर जारी पथ 10.1 किलोमीटर के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए 29.60 करोड़ की स्वीकृति मिली है।

(कैबिनेट के अन्य फैसले- देखें पेज 04 पर)

# अंबा प्रसाद के अवैध कब्जे को प्रशासन ने ढाहा

हुड़हुडू में 50 डिसमिल जमीन पर लोहे की चादर से घेर कर खासमहल की जमीन पर जमाया था कब्जा

प्रशासन ने जेसीबी लगा कर घेराबंदी को ढाहा


आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला प्रशासन ने बुधवार को हुड़हुडू और इमली कोठी स्थित खासमहल की बेसकीमती जमीन को कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के अवैध कब्जे से मुक्त करा दिया। अंबा प्रसाद ने हुड़हुडू में 50 डिसमिल जमीन पर लोहे की चादर से घेर कर कब्जा किया था, उसे जेसीबी लगा ढाह दिया गया। वहीं इमली कोठी में लगभग सात एकड़ जमीन को बाउंड्री से घेरा गया था। प्रशासन ने जेसीबी द्वारा उसे भी ढाह दिया। हुड़हुडू मुख्य मार्ग के किनारे लगभग 50 डिसमिल जमीन को विधायक अंबा और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव गुपचुप तरीके से लोहे के चदरे से घेरवा कर अंदर बाउंड्री कार्य करवा रहे थे। इस जमीन का बाजार मूल्य लगभग 20 करोड़ के आसपास है। यह जमीन मौजा कंटोनमेंट के होल्डिंग नंबर 302 पर स्थित है और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के हुड़हुडू स्थित आवास के बगल में ही स्थित है। इसका कुल रकबा 50 डिसमिल है। 2008 के बाद इसे सरकार ने रिज्यूम कर



लिया है। इस भूमि पर लघु सिंचाई विभाग का पुराना कार्यालय भी है, जो बहुत पहले से बंद है। चदरा से किये गये घेरे के अंदर ईंट, सीमेंट और गिट्टी भी गिरायी गयी थी। जिला प्रशासन की टीम हुड़हुडू में कार्रवाई के बाद इमली कोठी पहुंची और वहां भी लगभग सात एकड़ खासमहल की भूमि पर की गयी बाउंड्री को तोड़ा। टीम में सदर सीओ शशिभूषण सिंह, केरेडारी सीओ राम रतन वर्णवाल, बड़कागांव सीओ बालेश्वर राम, कटकमसांडी सीओ अनिल कुमार, सीआई सीताराम, बड़ा बाजार थाना प्रभारी घनश्याम सिंह समेत बड़ी संख्या में जिला बल के जवान शामिल थे।

सदर सीओ शशि भूषण सिंह ने बताया कि हुड़हुडू स्थित खासमहल की 50 डिसमिल रिज्यूम जमीन को पूर्व विधायक योगेंद्र साव कब्जा कर बाउंड्री देने का काम करवा रहे थे, जिसकी जानकारी जिला प्रशासन को हुई। जिला प्रशासन के आदेश से ही बुधवार को उसे अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। साथ ही कहा कि इस पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। इमली कोठी की जमीन के बारे में बताया कि यह सात एकड़ जमीन है, जिस पर भी अतिक्रमण कारियों ने कब्जा किया था, कब्जा किसने किया था, इसके बारे में जानकारी जुटायी जा रही है और फिर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,200 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो



# सर्टिफिकेशन के नाम पर देश में आठ लाख करोड़ हो रहे हलाक

- योगी आदित्यनाथ का वार, हलाल सर्टिफाइड उत्पादों पर लगाया बैन
- कैसे मांस से शुरू हुआ, आज आटा, दाल, चावल भी हलाल हो गये
- कोई इंडस्ट्री नहीं बाकी, बिल्डिंग और मॉल भी हो रहे हलाल सर्टिफाइड
- नेल पॉलिश से लेकर लिपिस्टिक तक सब हलाल, यहां तक कि सुबह की चाय भी
- विश्व में 166 लाख करोड़ का मार्केट, भारत में आठ लाख करोड़ का मार्केट तैयार

आजाद सिपाही विशेष

आपने एफएसएसएआइ सर्टिफिकेशन सुना होगा, जिसका पूरा नाम फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड ऑथरिटी है। यह एक प्रकार का फूड लाइसेंस है, जिसे भारत सरकार द्वारा दिया जाता है। जिन्हें भी फूड बिजनेस करना होता है, उनके लिए यह लाइसेंस लेना अनिवार्य है, ताकि खाद्य उत्पादों की क्वालिटी और स्टैंडर्ड का पता चल सके। लेकिन हम दूसरे सर्टिफिकेशन की बात कर रहे हैं। आपने हलाल मीट के बारे में तो सुना होगा, लेकिन क्या आपने हलाल सर्टिफिकेशन के बारे में सुना है। अगर नहीं, तो यह जानना आपके लिए बहुत जरूरी है। खासकर भारत के लोगों को इसके बारे में पता होना चाहिए। हलाल सर्टिफिकेशन अब बहुत से फूड प्रोडक्ट्स पर आपको दिखता होगा। फूड प्रोडक्ट्स तो छोड़िये, कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स, बिल्डिंग, मॉल, ऑर्गेनिक इंडस्ट्री, आप जो चाय पीते हैं वह भी सर्टिफाइड किये जा रहे हैं। एक वक्त आइआरसीटीसी का भोजन भी हलाल सर्टिफाइड मिलता था। आइटीडीसी भी हलाल सर्टिफाइड हुआ था। आप जो पिज्जा हट, केएफसी और मैक डॉनल्ड्स में खाते हैं, वह भी हलाल सर्टिफाइड है। यहां तक कि एयरवेज भी। अब तो हलाल डिजिटल करेंसी चालू हो गयी है। फैशन इंडस्ट्री, वेबसाइट्स भी हलाल सर्टिफाइड हो रहे हैं। अब हाल तो यह है कि शुद्ध शाकाहारी चीजें भी हलाल सर्टिफाइड हो रही हैं। हलाल सर्टिफिकेशन का विश्व भर में 166 लाख करोड़ का मार्केट तैयार हो चुका है। वहीं भारत में हलाल प्रोडक्ट का मार्केट आठ लाख करोड़ का बन चुका है। धर्म के आधार पर कई कंपनियां धर्म विशेष के अंदर अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए हलाल सर्टिफिकेट का इस्तेमाल कर रही हैं। लेकिन यह प्रोडक्ट सिर्फ धर्म विशेष ही इस्तेमाल नहीं कर रहा, हर कोई इस्तेमाल कर रहा है, क्योंकि लोगों को कहां आदत है सर्टिफिकेट देखने की। सिर्फ मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट चेक होती है। लेकिन चेक करना जरूरी है कि जो आप खा रहे हैं, वह आपके लिए सही है या नहीं। भारत की बात की जाये, तो यहां एक अलग से ही पैरलल इकोनॉमी खड़ा करने की कोशिश की जा रही है, हलाल इकोनॉमी। कंपनियां भी सिर्फ मुनाफा देख रही हैं। आपको हलाल प्रोडक्ट्स बहुत सारी बड़ी-बड़ी कंपनियों के स्टोर्स में दिख जायेंगे। आप अचंभित भी होंगे कि यह हो कैसे रहा है। यह सर्टिफिकेशन निजी कंपनियां देती हैं, सरकार नहीं। तो यह भारत जैसे देश में फल-फूल कैसे रहा है। जहां तक कानूनी प्रावधानों का सवाल है, तो किसी भी उत्पाद की वैधता और सत्यता की अंतिम गारंटी सरकार की होती है, न कि किसी धार्मिक संगठन की। ऐसे में भारत के लोगों को यह जानना बहुत जरूरी है कि हलाल सर्टिकेशन द्वारा अर्जित पैसा कहां इस्तेमाल हो रहा है। मांस से शुरू हुआ हलाल अचानक आटा, दाल, चावल, मेथी, मसाला, दवा, साबुन, तेल, नेल पॉलिश, लिपस्टिक सब हलाल कैसे हो रहे हैं। इस विषय की गहराई में जाना भी बहुत जरूरी है। यह कोई साधारण विषय नहीं है। वैसे इस विषय को गंभीरता से लिया है उत्तरप्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने। योगी सरकार हलाल सर्टिफिकेशन को लेकर एक्शन में है। उत्तरप्रदेश की योगी सरकार ने राज्य में किसी भी उत्पाद के हलाल प्रमाणन पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है। सरकार को शक है कि यह एक एजेंडा के तहत किया जा रहा है। यह हलाल सर्टिफिकेशन, हलाल मांस से शुरू हुआ सिलसिला कैसे शाकाहारी प्रोडक्ट तक को हलाल किया जा रहा है, क्या है इसका एजेंडा, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश की प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत में 2023 के जुलाई महीने में एक चौंकानेवाली घटना हुई थी। इस घटना का वीडियो बहुत तेजी से वायरल भी हुआ था। इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि वंदे भारत ट्रेन के स्टाफ और एक यात्री के बीच बहस चल रही है। यह बहस हलाल चाय को लेकर हुई। यात्री की शिकायत थी कि सावन का महीना चल रहा है, उसे पूजा करने जाना है और उसे हलाल सर्टिफाइड चाय क्यों दी गयी। दरअसल, यात्री को हलाल सर्टिफाइड चाय का प्री-मिक्स दिया गया था। यात्री का कहना था कि उसने एफएसएसएआइ सर्टिफाइड सुना है, जो सरकार देती है, लेकिन यह हलाल सर्टिफाइड क्या होता है। स्टाफ का कहना था, देखिये यहां हरा मार्क भी है, यह वेज होने का प्रतीक है। चाय दुनिया में कहीं भी वेज ही होती है। लेकिन यात्री का कहना था कि सब ठीक है, लेकिन हलाल सर्टिफिकेशन क्या होता है। मैं हलाल चाय क्यों पियूं। यहां यात्री की बात में दम था, क्योंकि आज तक भारत में ज्यादातर लोग हलाल मीट के बारे में ही जानते थे, कब कैसे चाय भी हलाल हो गयी, उसे कैसे पता। यह विषय सिर्फ उस यात्री के लिए आश्चर्य का नहीं होगा, यह विषय भारत के उन करोड़ों लोगों के लिए आश्चर्य का विषय होगा कि आखिर वेज प्रोडक्ट्स हलाल कैसे हो रहा है। यह तो छोड़िये, आप अपने किचन में अगर झांकेंगे, तो पायेंगे कि आप हलाल प्रोडक्ट्स का सेवन कर रहे हैं। हलाल प्रोडक्ट्स आपको बगल की दुकान, मॉल में भी मिल जायेंगे। क्या है हलाल सर्टिफिकेशन, यह जानना देश को बहुत जरूरी है।

## क्या है हलाल सर्टिफिकेशन

हलाल एक अरबी शब्द है, जिसका अर्थ जायज होता है। हलाल उत्पाद वह है, जिसे इस्लामी कानून का पालन करते हुए तैयार किया गया है। साल 1974 में हलाल प्रमाणिकता की शुरुआत हुई थी। यह साल 1993 तक सिर्फ स्लॉटर मांस उत्पादों पर लागू था, लेकिन अब अन्य खाद्य उत्पादों, दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों, बिल्डिंग, मॉल, हाउसिंग सोसाइटी, आटा, दाल, चावल, कसूरी मेथी, चाय, मिठाई, नमकीन, साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, नेल पॉलिश, लिपस्टिक सब कुछ हलाल सर्टिफाइड किया जा रहा है। हलाल सर्टिफिकेशन इस्लामिक देशों में इस्लामिक संगठन देते हैं। वहीं भारत में करीब 12 ऐसी कंपनियां हैं, जो हलाल सर्टिफिकेशन जारी करती हैं। यह सर्टिफिकेट इस्लामिक कानून के तहत होता है। भारत में इसका व्यापार आठ लाख करोड़ के पार है। यह व्यापार इतना कैसे फैल गया, आम लोगों को इसकी जानकारी तक नहीं है। वैसे दुनिया भर में यह कारोबार 166 लाख करोड़ का हो चुका है। हलाल सर्टिफिकेशन का हवाला देते हुए कारोबारियों का मानना है कि प्रोडक्ट्स का हलाल सर्टिफिकेशन होने के बाद इस्लामिक देशों में प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट आसान हो जाता है। कई इस्लामिक देशों में सिर्फ हलाल प्रोडक्ट्स की ही अनुमति है। ग्लोबल फूड मार्केट का लगभग 19% हलाल प्रोडक्ट्स हैं।

## कौन जारी करता है हलाल सर्टिफिकेट

हलाल सर्टिफिकेट जारी करने के लिए देश में कोई आधिकारिक सरकारी संस्था नहीं है। कुछ संस्थाएं हैं, जिन्हें मुस्लिम धर्म के अनुयायी और दुनिया के तमाम इस्लामिक देश मान्यता देते हैं और मानते हैं कि उस संस्था की ओर से जारी हलाल सर्टिफिकेट सही होगा। हलाल सर्टिफिकेट प्रमुख रूप से हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हलाल सर्टिफिकेशन सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जमीयत उलेमा-ए-महाराष्ट्र (जमीयत उलेमा-ए-हिंद की एक राज्य इकाई) और जमीयत उलेमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट देते हैं। भारत में सरकारी संस्था ऐसा कोई सर्टिफिकेट जारी नहीं करती है। इस्लामिक देशों में निर्यात के लिए उत्पाद का हलाल सर्टिफाइड होना जरूरी है। इसकी देखादेखी देश में भी हलाल सर्टिफाइड उत्पादों की मांग बढ़ गयी। इसका फायदा सर्टिफाई करने वाली कंपनियां उठा रही हैं।

## ऐसे में तो हर धर्म जारी करे सर्टिफिकेट

वंदे भारत एक्सप्रेस के स्टाफ के जवाब पर सोशल मीडिया में बहस छिड़ गयी। लोगों ने तर्क दिया कि क्या अकाल तख्त उपभोक्ता वस्तुओं को अपनी मुहर और प्रमाणन देता है? क्या इसाइयों के सर्वोच्च धर्मगुरु वेटिकन सिटी से इस तरह का सर्टिफिकेट देते हैं? क्या तिब्बती बौद्धों द्वारा उपयोग किये जाने वाले उत्पादों पर दलाई लामा अपनी मुहर लगाते हैं? हिंदू आखिर कहां आवेदन करते हैं? ये भी सवाल उठे कि हलाल प्रमाणपत्र स्वीकार करने का मतलब है कि आइएसआइ और एफएसएसएआइ जैसे उपभोक्ता उत्पादों पर मौजूदा सरकारी प्रमाणपत्र किसी काम के नहीं है।

## योगी सरकार ने किया हलाल सर्टिफिकेशन को बैन

यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने हलाल सर्टिफिकेट वाले प्रोडक्ट्स को बैन कर दिया है। इसके पीछे हवाला दिया गया है राजधानी लखनऊ के हजरतगंज थाने में दर्ज एक एफआइआर को, जिसे दर्ज करवाया है लखनऊ में रहने वाले भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक अधिकारी शैलेंद्र कुमार शर्मा ने। इसमें कहा गया है कि कुछ कंपनियां एक खास समुदाय में अपने प्रोडक्स की बिक्री बढ़ाने के लिए हलाल सर्टिफिकेट का इस्तेमाल कर रही हैं, जिससे जनभावनाएं आहत हो रही हैं। 17 नवंबर को दर्ज इस एफआइआर के बाद 18 नवंबर को ही योगी सरकार ने इस तरह के सर्टिफिकेट वाले प्रोडक्ट्स को पूरे यूपी में बैन कर दिया। पुलिस ने भी चेन्नई की हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली की जमीयत उलेमा हिंद हलाल ट्रस्ट और मुंबई के हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया और जमीयत उलेमा पर गैर कानूनी तरीके से हलाल सर्टिफिकेट जारी करने का केस दर्ज कर लिया है। इस बीच जमीयत उलेमा-ए-हिंद ट्रस्ट ने योगी सरकार के फैसले को अदालत में चुनौती देने का एलान किया है। ट्रस्ट के सीइओ नियाज अहमद फारुकी ने यूपी में हलाल लिखे उत्पादों की बिक्री पर शासन द्वारा प्रतिबंध लगाने को गलत करार दिया है। फारुकी ने कहा कि वह इस मुद्दे को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटायेंगे।





## हलाल सर्टिफिकेशन के नाम पर अरबों की कमाई

हलाल सर्टिफिकेशन के नाम पर अरबों की कमाई हो रही है। अकेले भारत में लगभग चार सौ एफएमसीजी कंपनियों ने हलाल सर्टिफिकेट लिया है। लगभग 32 सौ उत्पादों का यह सर्टिफिकेशन हुआ है। यह सर्टिफिकेट लेने की कतार में यूपी सहित देशभर के फाइव स्टार होटलों से लेकर रेस्टोरेंट तक शामिल हैं। विमानन सेवाओं, स्विगी-जोमैटो और फूड चेन इसके बिना काम नहीं करते हैं। यूपी में हलाल सर्टिफिकेट लेने वाले होटलों और रेस्तरां की संख्या लगभग 14 सौ है। यहां हलाल सर्टिफाइड उत्पादों का बाजार 30 हजार करोड़ रुपये का है। ऐसे में इससे कहीं अधिक कमाई का लालच कंपनियों को है। इसके प्रभाव का असर ऐसे समझा जा सकता है कि वर्ष 2020 में योग गुरु रामदेव की कंपनी पतंजलि को भी हलाल सर्टिफिकेट लेना पड़ा था। दरअसल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन के तहत आने वाले 57 देशों में उत्पाद बेचने के लिए यह सर्टिफिकेट जरूरी है। आचार्य बालकृष्ण को सफाई देनी पड़ी थी कि आयुर्वेदिक दवाओं के लिए हलाल सर्टिफिकेट लिया है, जिनकी अरब देशों में काफी मांग है। हलाल सर्टिफिकेट के एवज में कंपनियों को बड़ी रकम का भुगतान करनी पड़ती है। पहली बार की फीस 26 हजार से 60 हजार रुपये तक है। प्रत्येक उत्पाद के लिए 15 सौ रुपये तक अलग से देने पड़ते हैं। सालाना नवीनीकरण फीस 40 हजार रुपये तक है। इसके अलावा कन्साइनमेंट सर्टिफिकेशन और ऑडिट फीस अलग से है। इसमें जीएसटी अलग से शामिल है। यानी एक कंपनी को एक बार में लगभग दो लाख रुपये देने पड़ते हैं। इसके बाद सालाना नवीनीकरण अलग से है।













## 15 फीसदी आबादी के चलते 85 फीसदी आबादी का मौलिक हनन

इस सर्टिफिकेशन को लेकर देश में कई बार बहस हो चुकी है। यहां तक कि 2022 में यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गयी और हलाल सर्टिफिकेशन पर पूरी तरह से बैन लगाने की मांग की गयी थी। याचिका में कहा गया है कि देश के 15 फीसदी लोगों के लिए 85 फीसदी आबादी को उनकी इच्छा के विरुद्ध हलाल प्रमाणित वस्तुओं के इस्तेमाल के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह गैर मुस्लिमों के मूल अधिकारों का हनन है। एक धर्मनिरपेक्ष देश में किसी एक धर्म की मान्यता और विश्वास को दूसरे धर्म पर थोपा नहीं जा सकता। याचिका में पूछा गया है कि क्या शरिया कानून के तहत दिया जाने वाला हलाल सर्टिफिकेशन भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 से 21 के तहत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता। क्या यह गैर मुसलमानों के मौलिक अधिकार का प्रत्यक्ष उल्लंघन नहीं है, जो उन्हें भारत के संविधान द्वारा भोजन के अधिकार के रूप में अनुच्छेद 21 के तहत दिया गया है। आखिर किस आधार पर उन्हें हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट्स को खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह भी सवाल उठाया गया है कि क्या जमीयत उलेमा-ए-हिंद और कुछ अन्य निजी संगठनों द्वारा हलाल सर्टिफिकेशन की मंजूरी का मतलब यह नहीं है कि प्रोडक्ट्स पर आइएसआइ और एफएसएसएआइ जैसे मौजूदा सरकारी सर्टिफिकेशन पर्याप्त नहीं हैं। क्या प्रोडक्ट्स का हलाल सर्टिफिकेशन अन्य समुदायों के प्रति भेदभावपूर्ण नहीं है। क्या यह गैर अनुयायियों पर भी धार्मिक विश्वास थोपता नहीं है।

> देश की प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत में 2023 के जुलाई महीने में एक चौंकानेवाली घटना हुई थी। इस घटना का वीडियो बहुत तेजी से वायरल भी हुआ था। इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि वंदे भारत ट्रेन के स्टाफ और एक यात्री के बीच बहस चल रही है। यह बहस हलाल चाय को लेकर हुई। यात्री की शिकायत थी कि सावन का महीना चल रहा है, उसे पूजा करने जाना है और उसे हलाल सर्टिफाइड चाय क्यों दी गयी।

> हलाल सर्टिफिकेट जारी करने के लिए देश में कोई आधिकारिक सरकारी संस्था है नहीं। कुछ संस्थाएं हैं, जिन्हें मुस्लिम धर्म के अनुयायी और दुनिया के तमाम इस्लामिक देश मान्यता देते हैं और मानते हैं कि उस संस्था की ओर से जारी हलाल सर्टिफिकेट सही होगा। हलाल सर्टिफिकेट प्रमुख रूप से हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हलाल सर्टिफिकेशन सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जमीयत उलेमा-ए-महाराष्ट्र (जमीयत उलेमा-ए-हिंद की एक राज्य इकाई) और जमीयत उलेमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट देते हैं। भारत में सरकारी संस्था ऐसा कोई सर्टिफिकेट जारी नहीं करती है।

> हलाल सर्टिफिकेशन के नाम पर अरबों की कमाई हो रही है। अकेले भारत में लगभग चार सौ एफएमसीजी कंपनियों ने हलाल सर्टिफिकेट लिया है। लगभग 32 सौ उत्पादों का यह सर्टिफिकेशन हुआ है। यह सर्टिफिकेट लेने की कतार में यूपी सहित देशभर के फाइव स्टार होटलों से लेकर रेस्टोरेंट तक शामिल हैं। विमानन सेवाओं, स्विगी-जोमैटो और फूड चेन इसके बिना काम नहीं करते हैं।

> वर्ष 2020 में योग गुरु रामदेव की कंपनी पतंजलि को भी हलाल सर्टिफिकेट लेना पड़ा था। दरअसल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन के तहत आने वाले 57 देशों में उत्पाद बेचने के लिए यह सर्टिफिकेट जरूरी है। आचार्य बालकृष्ण को सफाई देनी पड़ी थी कि आयुर्वेदिक दवाओं के लिए हलाल सर्टिफिकेट लिया है, जिनकी अरब देशों में काफी मांग है।

> योगी सरकार ने हलाल सर्टिफिकेट वाले प्रोडक्ट्स को पूरे यूपी में बैन कर दिया। पुलिस ने भी चेन्नई की हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली की जमीयत उलेमा हिंद हलाल ट्रस्ट और मुंबई के हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया और जमीयत उलेमा पर गैर कानूनी तरीके से हलाल सर्टिफिकेट जारी करने का केस दर्ज कर लिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.8 °c | 14.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.07 बजे |



## घुसपैठियों के सवाल पर झारखंड हाइकोर्ट ने सरकार से पूछा

# संथालपरगना में बांग्लादेशियों का पता लगाना संभव है या नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संथालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण वहां जनसंख्या की स्थिति में कुप्रभाव को लेकर डेनियल दानिश की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव से पूछा है कि वह सरकार से इंस्ट्रक्शन लेकर बतायें कि केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों की टीम बना कर साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा और जामताड़ा आदि क्षेत्रों में अवैध प्रवासी (बांग्लादेशी घुसपैठियों) का पता लगाना संभव है या नहीं।




कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 13 दिसंबर निर्धारित की है।

हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। दरअसल, पूर्व में कोर्ट ने गृह मंत्रालय से पूछा था कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए प्रवेश कर रहे हैं बतायें, इसे रोकने के लिए क्या किया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पक्ष रखा।

### क्या है याचिका में

प्रार्थी ने याचिका में कहा है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या में कुप्रभाव पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्थापित किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है। प्रार्थी ने मांग की है कि इस मामले में भारत सरकार का गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करे और बताये कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं और उनके द्वारा झारखंड में कैसे लोगों को गुमराह कर वैवाहिक संबंध स्थापित किया जा रहा है।

# अंगरक्षक के साथ प्लेन से नहीं, ट्रेन से दिल्ली गये थे विजय हांसदा

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** इडी के गवाह को धमकाने और उसे मैनेज करने की कोशिश करने के मामले में साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम से इडी पूछताछ करेगी। इस मामले में यह खुलासा हुआ है कि आइपीएस अधिकारी ने प्लेन का टिकट उपलब्ध नहीं कराया था। विजय हांसदा और उनके अंगरक्षक ट्रेन से दिल्ली गये थे। 21 अगस्त 2023 को यह टिकट लिया गया था। पूरी जानकारी पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करायी गयी है।

**क्या है मामला :** इडी का आरोप है कि साहिबगंज के एसपी ने रांची के सार्जेंट मेजर से मिल कर प्लेन का टिकट विजय हांसदा को उपलब्ध कराया था, ताकि वे वहां अधिवक्ता से मिल कर कानूनी सलाह ले सकें और गवाही से मुकर सकें। आइपीएस अधिकारी पर इसके अलावा कई तरह के आरोप भी लगाये गये हैं और इसी सिलसिले में उनसे पूछताछ होनी है।

### क्या है सच

कोर्ट के आदेश पर विजय हांसदा को साहिबगंज जिला पुलिस से अजय कुमार नामक एक आरक्षी को अंगरक्षक के रूप में तैनात किया है। सुरक्षा के लिहाज से अंगरक्षक इडी के गवाह को मिला है। विजय हांसदा ने एक आवेदन जिला पुलिस को दिया और बताया कि सुप्रीम कोर्ट में डेट है। उस सिलसिले में वह अपने अंगरक्षक को दिल्ली लेकर जाना चाहते हैं। इसकी अनुमति दी जाये। डीआइजी के स्तर से इसकी अनुमति भी दी गयी थी।

### अंगरक्षक को मिलता है रेलवे पास

अंगरक्षक को बाहर जाने के लिए रेलवे पास मिलता है। इस पास के जरिये ही अंगरक्षक टिकट लेते हैं। साहिबगंज से टिकट कंफर्म नहीं होने के कारण विजय हांसदा और उनका अंगरक्षक प्लेन से नहीं बल्कि ट्रेन से दिल्ली गये थे। पुलिस मुख्यालय के आला अधिकारियों को यह पूरी जानकारी उपलब्ध करायी गयी है और बताया गया है कि इडी की तरफ से जो आरोप लगाये गये हैं, वे सही नहीं हैं।


**पूर्व तट रेलवे**

(1) ई-निविदा सूचना सं.ST-SBP-TENDER-2023-42, दिनांक : 08.11.2023

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल के सिग्नल एवं टेलीकॉम ड्रॉइंग एवं सर्किट का अपडेशन/ संशोधन।

**निविदा मूल्य (रुपये में) :** 28,66,535/-, बिड सिक्युरिटी (रुपये में) : 57,300/-

(2) ई-निविदा सूचना सं.ST-SBP-TENDER-2023-43, दिनांक : 14.11.2023

**कार्य का नाम :** 03 (तीन) वर्षों की समयावधि के लिए सम्बलपुर मण्डल में 22 संख्यक स्टेशन में लगे डेल्ट्रॉन (Deltron) द्वारा निर्मित यूनिवर्सल फेल सेफ ब्लॉक इंटरफेस सिस्टम (UFSBI) की वार्षिक मरम्मत ठेका।

**निविदा मूल्य (रुपये में) :** 48,17,599.20, बिड सिक्युरिटी (रुपये में) : 96,400/-

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** (क्रम. सं. 1 के लिए) दिनांक : 01.12.2023 को 1100 बजे और (क्रम. सं. 2 के लिए) दिनांक : 06.12.2023 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (सिग्नल एंड टेलीकॉम), सम्बलपुर
PR-797/O/23-24



**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. **1195** dated **17.11.2023**. I, **Soni Devi** W/o Nageshwar Pandit, aged about-68 Years, by faith-Hindu, by Occupation-Housewife, by Nationality-Indian, Permanent Address-Mahamda, P.O-Patam, Dist-Munger (Bihar) 811214, At Present-R/o-Station Head Quarter Ramgarh, P.O-Ramgarh, P.S-Ramgarh, Dist-Ramgarh (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1.That my actual name is **Soni Devi** which is mentioned in my Aadhar Card vide Aadhar No. 5802 1618 8130.

2. That due to clerical mistake my name has been mentioned in my son's Service documents as namely **Sona Devi** which is wrong my son Service No. **JC-834945X Sub Rajendra Kumar.**

3.That my name should be rectified **Soni Devi** in my son's all Service document.

4. That this affidavit is required for authority concern for need full.

5. That above statement made by me are genuine & correct.


### राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — जमीन-जायदाद, स्थिर सम्पत्ति से संबंधित काम बनेंगे, दोस्तों से संबंधों में सुधार में मधुरता आयेगी।
- **वृष** — भाग्य-कर्म-प्रारब्ध के सहयोग से विवादास्पद मामलें दूर होगी, सरकारी पक्ष का सहयोग-समर्थन मिलेगा।
- **मिथुन** — साहस-पराक्रम-पुरूषार्थ से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी, रोजी-रोजगार में शफलता।
- **कर्क** — राजनीति के क्षेत्र में ऊंचाई को छुएंगे, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी।
- **सिंह** — गुप्त शत्रुओं पर विजय मिलेगा, आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा, आर्थिक लाभ।
- **कन्या** — चिर-परिचित लोगों से मुलाकात होगी, अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी।
- **तुला** — नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।
- **वृश्चिक** — रोजी-रोजगार के क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा,मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होग।
- **धनु** — सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होग।
- **मकर** — मन उच्चाभिलाषी रहेगा, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होगी, कोई नया कार्य की योजना सफल होगी।
- **कुंभ** — आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई शुभ कार्य सम्पन्न कर सकते हैं।
- **मीन** — आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं।

# अनुसूचित जजा मोर्चा की रैली में शामिल होंगे मरांडी

**आज से 26 नवंबर तक चार दिवसीय संथाल परगना प्रवास पर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 23 से 26 नवंबर तक चार दिवसीय संथाल परगना प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी। उन्होंने बताया कि 23 नवंबर को प्रदेश अध्यक्ष रांची से सड़क मार्ग से दुमका केलिए प्रस्थान करेंगे। 24 नवंबर को पाकुड़ जिला में विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। 25 नवंबर को अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा आयोजित मोटरसाइकिल रैली में शामिल होंगे। रैली का शुभारंभ शहीद स्थल भोगनाडीह से होगा। रैली विभिन्न स्थानों से गुजरेगी तथा 26 नवंबर को साहिबगंज के बोरियो, तीन पहाड़ होते हुए बरहरवा में संपन्न होगी।



## रिम्स परिसर में चला अतिक्रमण मुक्त अभियान

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची नगर निगम की टीम ने रिम्स परिसर में स्थित आश्रयगृह के आसपास के स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि एक दिन पहले एनाउंस कर अतिक्रमण किये गये स्थानों को खाली करने का निर्देश दिया गया था, जिसके बाद बुधवार की सुबह 26 से ज्यादा दुकानों को हटाया गया। अधिकारियों ने कहा कि रिम्स में 50 बेड का आश्रयगृह बना हुआ है, लेकिन उसके गेट के आसपास की खाली जगह में स्थानीय लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। लोग अपने हिसाब से वहां छोटी-छोटी दुकान खोल कर बैठे हैं, जिससे इलाज के लिए रिम्स आनेवाले लोगों को आश्रयगृह खोजने में दिक्कत आ रही थी। लोगों ने इसकी शिकायत की तो निगम की टीम ने वहां पहले जांच की। फिर आश्रयगृह के आसपास किये गये अतिक्रमण को खाली कराया।

# भाकपा माओवादी संगठन ने 22 दिसंबर को भारत बंद बुलाया

## 16 से 21 दिसंबर तक चलेगा प्रचार अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों ने 16 से 22 दिसंबर तक आंदोलन चलाने का एलान किया है। भाकपा माओवादियों की केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता अभय के द्वारा भारत बंद का एलान किया गया है। प्रवक्ता अभय के अनुसार, नक्सली 16 से 21 दिसंबर तक देशव्यापी प्रचार आंदोलन अभियान चलायेंगे और 22 दिसंबर को भारत बंद को सफल बनायेंगे। हालांकि सभी आवश्यक सेवाएं दूध, एंबुलेंस को बंद से मुक्त रखा गया है।

### पुलिस पर लगाया आरोप

भाकपा माओवादियों के द्वारा जारी किये गये पत्र में यह लिखा गया है कि नक्सल मुक्त झारखंड के नाम पर केंद्रीय बलों के साथ मिल कर झारखंड पुलिस आदिवासी बहुल इलाकों में अत्याचार कर रही है। अगस्त 2022 से लेकर अब तक लगातार लाल दस्ते पर बर्बर हमले किये जा रहे हैं। इन हमलों में हमारे साथियों को पकड़-पकड़ कर मारा जा रहा है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमेटी क्रांतिकारी आंदोलन क्रांतिकारी जनता के उन्मूलन के लिए कार्य करती है। ऐसे में जरूरत है कि पुलिस के नाजायज हमले के खिलाफ आवाज बुलंद की जाये। अभय के अनुसार, 16 नवंबर से लेकर 21 दिसंबर तक देशव्यापी प्रचार आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया है। प्रचार अभियान के बाद संगठन ने यह तय किया है कि 22 दिसंबर को पूरा भारत बंद रहेगा। संगठन ने बंद को सफल बनाने के लिए बुद्धिजीवी और मानवाधिकार संगठनों से मदद मांगी है।

## प्रमोद कुमार बने रांची जेल के नये जेलर

**रांची (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेलर नसीम खान को हटा दिया गया है। नसीम खान को पलामू जिले के मेदिनीनगर के केंद्रीय कारागार का जेलर बनाया गया है, जबकि अजय कुमार श्रीवास्तव को केंद्रीय कारा घाघीडीह जमशेदपुर से गढ़वा के मंडल कारागार का जेलर, रमाशंकर प्रसाद को उपकारा खूंटी से केंद्रीय कारागार दुमका का जेलर, सुबोध कुमार पांडेय को केंद्रीय कारागार दुमका से केंद्रीय कारागार गिरिडीह का जेलर बनाया गया है। इसी प्रकार धर्मशीला देवी को केंद्रीय कारागार मेदिनीनगर पलामू से केंद्रीय कारागार घाघीडीह जमशेदपुर का जेलर और प्रमोद कुमार को केंद्रीय कारागार गिरिडीह से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार का जेलर बनाया गया है। इस संबंध में जेल आइजी ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

# जमशेदपुर उपायुक्त के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक 20 दिसंबर तक बरकरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोकने के खिलाफ दिल्ली में दर्ज जीरो एफआइआर को निरस्त करने को लेकर देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ (वर्तमान में उपायुक्त जमशेदपुर) की याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार एवं प्रतिवादी निशिकांत दुबे को जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। पिछली सुनवाई में ही कोर्ट ने इन दोनों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था, लेकिन इनका जवाब दाखिल नहीं हो सका है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने प्रार्थी मंजूनाथ के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई 20 दिसंबर तक जारी रखी है। प्रतिवादी निशिकांत दुबे की ओर से पार्थ जालान और अमित सिन्हा ने पैरवी की। पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से बताया गया था कि दिल्ली में दर्ज कराया गया जीरो एफआइआर झारखंड पुलिस को सौंप दिया गया है।

# जान से मारने का भय दिखा कर दो किशोरियों के साथ दुष्कर्म

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के तिसरी थाना क्षेत्र के एक गांव में दो किशोरी चचेरी बहनों के साथ जान मारने का भय दिखा कर दो युवकों पर दुष्कर्म करने और तीसरे युवक पर वीडियो बनाने का आरोप लगा है।

तिसरी पुलिस के पास पीड़िता के माता पिता ने शिकायत की। पीड़िता में एक तेरह वर्ष दूसरी सत्रह वर्ष की है। पुलिस जांच में जुट गयी है और आरोपितों की तलाश में जुटी है।

बच्चियां गांव के बगल के जंगल में सोमवार दोपहर को बकरी के खाने के लिए पत्ता तोड़ने गयी थीं। इस बीच गांव के ही सचिन 22 वर्ष, अरुण 20 वर्ष और उदय 20 वर्ष ने मिल कर दोनों पीड़िता को जान से मारने का भय दिखाया।

सचिन यादव ने तेरह वर्ष की किशोरी और अरुण यादव 17 वर्ष की किशोरी के साथ जबरदस्ती की, जिसका वीडियो उदय ने बनाया। कुछ चित्र वायरल भी किया दिया। घर लौटने पर बच्चियों ने घटना की जानकारी अपने माता पिता को दी। पीड़िता के माता पिता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है।

# बसिया में दुष्कर्म के बाद नौ वर्ष की बच्ची की हत्या का प्रयास

**आरोपी को विक्षिप्त बता कर पीड़िता के परिजनों को पुलिस ने बैरंग लौटाया, प्राथमिकी दर्ज करने से किया इंकार**

**चिकित्सक की सूचना के बावजूद बच्ची का बयान लेने नहीं पहुंची पुलिस**

**आजाद सिपाही एक्सक्लूसिव**

**हिमांशु रंजन**

**बसिया।** पीड़िता की आयु महज नौ वर्ष। पहले उसके साथ उसी का चचेरा भाई बलात्कार करे, फिर उसे जान से मारने की कोशिश करे और अपने इस प्रयास के बाद वह पीड़िता को मरा हुआ समझ कर जंगल की तरफ फेंक दें। अब आप सोचिए कितना दर्दनाक और संवेदनशील है यह मामला। अभी इतना ही नहीं, अब बसिया पुलिस की कारगुजारी भी देखते जाइए। पीड़िता का परिवार उसके तात्कालिक इलाज के लिए अस्पताल पहुंचता है, तो बसिया थाना को इस घटना की सूचना चिकित्सा कर्मियों द्वारा दी जाती है। लेकिन बसिया थाना कोई छोटा मोटा थाना थोड़े ही है, जो इस तरह के केस को अटेंड करेगा। उसे मामले को अटेंड करने के लिए बड़ी-बड़ी घटनाओं की जरूरत है। बसिया थाना में प्रतिनियुक्ति जिस पुलिस पदाधिकारी को इस घटना की सूचना दी गयी, उसने खानापूर्ति करते हुए कह दिया कि आप इंज्युरी रिपोर्ट बना दीजिए। बाकी बाद में देख लेंगे। ऐसा हम नहीं कह रहे, यह कहना है उस चिकित्साकर्मी का, जिन्होंने उक्त पुलिस पदाधिकरी से बात की है। अब जिस पर गुजरती है, तकलीफ तो उसे ही होती है न। फरियाद लेकर पीड़िता के परिजन और आरोपी के माता पिता घटना के दूसरे दिन बसिया थाना पहुंचे। घटना शनिवार को घटी। अस्पताल से फोन आने के बावजूद बसिया पुलिस ने इस गंभीर मामले को नजरंदाज कर दिया। तब मामले को लेकर एक बार आरोपी और पीड़िता दोनों के परिजन को बसिया थाना जाना पड़ा। बसिया थाना में आरोपी की मां ने कह दिया कि आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं। तो बसिया थाना में मौजूद पुलिस पदाधिकारी ने न आरोपी के बारे में कुछ जाना, न आरोपी से मुलाकात की और सीधे पीड़िता के परिजनों को वापस भेज दिया। और कहा कि आरोपी की दिमागी स्थिती ठीक नहीं है, इसलिए केस दर्ज नहीं होगा। जबकि आरोपी के पिता का कहना है कि आरोपी गुस्सैल प्रवृत्ति का है, पागल नहीं है। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस को प्राथमिकी दर्ज नहीं करनी चाहिए। क्या आरोपी को थाने बुला कर पूछताछ नहीं होनी चाहिए। क्या अब किसी विक्षिप्त या अर्ध विक्षिप्त का सर्टिफिकेट बसिया थाना से निर्गत किया जायेगा। क्या कोई आरोपी महज आरोपी की मां के कहने भर से विक्षिप्त मान लिया जायेगा या ये बसिया थाना की सरासर लापरवाही का मामला है। क्या ऐसे घोर लापरवाह पुलिस पादाधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। क्या ऐसे पुलिस कर्मी अपनी कर्तव्यहीनता और लापरवाही के कारण पूरे पुलिस महकमे का नाम बदनाम नहीं कर रहे हैं। क्या इन थानों पर वरीय पुलिस पदाधिकारियों का अंकुश नहीं रह गया है। सवाल बहुत है। मगर अभी सवालों से अधिक जरूरी यह है कि पीड़िता की वर्तमान स्थिति कैसी है। और क्या कहते हैं चिकित्सक।

### गंभीर बनी हुई है पीड़िता की स्थिति



पीड़िता की स्थिति अच्छी नहीं है। उसके शरीर और चेहरे, छाती, गला पर काफी चोट है। उसे निजी अंगों में भी गंभीर चोट है। पीड़िता का गला दबाया गया है। पीड़िता के कान पर, शरीर के विभिन्न हिस्सों पर जो चोट के निशान हैं, वे इस बात की गवाही दे रहे हैं कि पीड़िता को बलात्कार के बाद जान से मारने की कोशिश की गयी है। फिलहाल पीड़िता की स्थिति गंभीर बनी हुई है और चिकित्सक उसके इलाज में जुटे हैं।

### इस मामले में क्या है लोगों का बयान

- पीड़ित के पिता ने कहा कि मेरी बेटी के साथ दुष्कर्म किया गया और उसके बाद उसे जान से मारने की कोशिश की गयी और पुलिस ने इस मामले में उसे कोई सहयोग नहीं किया, बल्कि पीड़िता की मां के कहने पर उसे पागल बता कर हमें थाने से लौटा दिया गया
- आरोपी लड़के के पिता हेरमन सोरेंग ने सच्चाई स्वीकार करते हुए कहा कि मेरे बेटे की दिमागी हालत बिल्कुल ठीक है और स्वस्थ है।
- ग्राम प्रधान मुकुल सोरेंग ने कहा कि इस मामले में न्याय को लेकर हम लोगों ने ग्रामसभा आयोजित की है। पुलिस की इस हरकत से हम लोग बहुत दुखी हैं। हम गुमला जिला के एसपी से इस संबंध में कार्रवाई की मांग करते हैं।
- चिकित्सक ने कहा कि पीड़िता के रिश्तेदार ने ही पीड़िता का बलात्कार किया और उसे जान से मारने की कोशिश की। उसके शरीर के प्रत्येक अंग में गंभीर चोट के निशान हैं। उसकी स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। स्थिति इतनी दयनीय है कि अगर आरोपी को सजा नहीं मिलती है, तो यह पीड़िता के साथ अन्याय होगा। उनके द्वारा पुलिस को कार्रवाई हेतु सूचना दी जा चुकी है।
- जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग ने कहा कि इस मामले में आरोपी को सजा होनी चाहिए और कर्तव्य में लापरवाह पुलिस पदाधिकारी के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए

### क्या है पूरा मामला

बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते शनिवार को नौ वर्षीय बच्ची के साथ उसके चचेरे भाई के द्वारा बलात्कार किया गया। उसके उपरांत बच्ची पर जानलेवा हमला कर जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता के बेहोश हो जाने पर उसे मरा हुआ समझ कर जंगल में फेंक दिया। गंभीर रूप में जख्मी बच्ची का इलाज कोनबीर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता के पिता ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को दूसरों बच्चों एवं लोगो के साथ उसकी बच्ची भी घर के पालतू जानवरों को चराने के लिए गयी हुई थी। शाम होने के बावजूद जब वह नही लौटी, तो उसके पिता समेत पूरे परिवार वालों ने उसकी खोजबीन की। खोजबीन के दौरान पीड़िता के पिता ने अपने बड़े भाई के बेटे उम्र लगभग 15 वर्ष से, जो बच्ची के साथ में ही जानवर चराने गया था, उससे पूछा कि उसकी बेटी को कहीं देखे हो, तो लड़के द्वारा पता नही होने की बात कही गयी। बहुत खोजबीन के बाबजूद बच्ची का कोई पता नहीं चल पाया। रात लगभग दस बजे बच्ची को उसके बड़े पिताजी गभीर रूप से घायल स्थिति में घर लेकर आये, जहां बच्ची से पूछने पर पता चला कि उसके साथ उसके बड़े पिताजी के बेटे ने ही गलत काम किया, मारपीट की है। उसके भाई ने उसके ऊपर बैठ कर उसे बुरी तरह मारपीट की, चेहरा गल्ला, छाती में गंभीर चोट पहुंचायी गयी। इसके बाद उसे मरा समझ कर घसीटते हुए खेत मे फेक दिया गया। बच्ची को आरोपी के पिता ने रात लगभग दस बजे खेत से लाकर पीड़िता के घर पहुंचाया। इसके बाद रात को ही इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जहां बच्ची इलाजरत है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel आजाद सिपाही Subscribe NOW



# कार्यसमिति की बैठक में संगठन सशक्तिकरण पर विशेष जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा की अध्यक्षता में बुधवार चिल्ड्रन पार्क, मोरहाबादी में विस्तारित कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, लोकसभा संयोजक केशव महतो कमलेश, जिला प्रभारी जवाहर महथा, मार्केटिंग बोर्ड अध्यक्ष रवींद्र सिंह, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, अजय नाथ शाहदेव, विधायक राजेश कच्छप, कमल ठाकुर, शहबाज अहमद उपस्थित हुए।

बैठक में मुख्य रूप संगठन सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया और रांची महानगर में कांग्रेस पार्टी अच्छा प्रदर्शन करे उस पर विशेष रूप विचार विमर्श कर रणनीति बनायी गयी। इसके साथ ही रांची महानगर कांग्रेस कमिटी ने प्रखंड प्रभारियों की कार्यसूची दी जिसमें प्रखंड कमिटी द्वारा समर्पित प्रखंड कमिटी, मंडल कमिटी, वार्ड कमिटी की समीक्षा एवं सत्यापन करना, अपूर्ण वार्ड कमिटी को तत्काल गठन करने में सहयोग, प्रखंड स्तरीय कांग्रेस समन्वय समिति की समीक्षा, बीएलए की नियुक्ति, प्रखंड, मंडल, वार्ड कमिटी के प्रत्येक पदाधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन, हर प्रखंड में कार्यालय की व्यवस्था, डिजिटल मेंबरशिप को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही प्रत्येक महीने 10-15 तारीख को प्रखंड कार्यसमिति की बैठक करने एवं आगामी माह के कार्यक्रम की पूर्व तैयारी पर निर्णय कर जिला कांग्रेस कार्यालय को प्रतिवेदन करने पर बात हुई।





## लोकसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की जरूरत : राजेश ठाकुर

इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की जरूरत है। जिला, प्रखंड, मंडल, वार्ड, बूथ कमिटी तक संगठन को मजबूत बनाना होगा तभी चुनावों में हम अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। आगामी कार्यक्रम में कांग्रेस कांग्रेस का हाथ-आपके साथ ह्यआपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वारह्व कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता को लाभ सुनिश्चित करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस सशक्तिकरण के लिए हर कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की जरूरत है तभी हम आगामी चुनावों में अच्छा प्रदर्शन कर पायेंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि हर प्रखंड, मंडल, वार्ड, पंचायत बूथ में बनी कमिटी को वोटर लिस्ट से सत्यापन कर आग बढ़ेंगे। वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी हर दृष्टिकोण से अच्छा कार्य कर रहे है और आमजनता के लिए खड़ी है।

रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिया कि हर प्रखंड अध्यक्ष अपनी- अपनी जिम्मेवारियों को ईमानदारी पूर्वक निर्वह्व करेंगे।

बैठक में प्रखंड प्रभारी जितेंद्र त्रिवेदी, जोय चक्रवती, प्रिंट भट्ट, राज कुमार नागवंसी, सोनी नायक, विनिता पाठक, दिलीप सिंह, संजय चौबे, जैकी खान, नंदकिशोर प्रसाद प्रखंड अध्यक्ष- अनिल उरांव, विक्की कर्ममाली, प्रखंड अध्यक्ष-दिलावर खान, कुमार कौशल गांधी, इबरार खान, मनोज कुमार, समीर कुरैशी, मो युसूफ, राहुल वर्मा, सुदीप उरावं, सकलदीप बड़ाईक, अजय चौधरी, धीरज यादव, सुशील सिंह, हरि केवठ, गोपाल उपाध्याय, कार्तिक साहू, चमन रजक, रंजन यादव प्रवीण अग्रवाल, शिव कच्छप, राखी प्रियदर्शनी, अर्चन मिर्धा सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आलोक दुबे को शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए मिला सम्मान



**झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायाल अहमद ने बधाई दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा की 23वीं वर्षगांठ के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे को सम्मानित किया। कोविड-19 महामारी के दौरान जब पूरी शैक्षणिक व्यवस्था ठप हो गयी थी तब पासवा के चेयरमैन आलोक कुमार दुबे ने पठन-पाठन को लेकर काफी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। बच्चों के स्कूल खुलवाने से लेकर अभिभावक, शिक्षक एवं स्कूलों में जागरूकता पैदा करने का काम पासवा ने किया था। इस सम्मान पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद, डीएवी के पूर्व डायरेक्टर एलआर सैनी, सहोदया के अध्यक्ष राम सिंह, डीएवी डायरेक्टर एमके सिन्हा, झारखंड पासवा के उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, विपिन कुमार, महासचिव नीरज सहाय, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, विद्या गौतम, सचिव संजय प्रसाद, तौफिक अंसारी, रांची महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा के साथ प्रदेश पासवा सहित राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने एवं प्रदेश अध्यक्षों ने आलोक दुबे को बधाई दी।

# रांची में 30 से नेशनल साइकिलिंग चैंपियनशिप का होगा आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक सीनियर, जूनियर, सब जूनियर नेशनल साइकिलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जायेगा। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन सह एशियाई साइकिलिंग कॉन्फेडरेशन के सेक्रेटरी सरदार ओंकार सिंह ने बुधवार को रांची के प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। सरदार ओंकार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर से 26 टीमों के 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। वहीं झारखंड के 30 खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

## इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग होने से होगा मेंटेनेंस

सरदार ओंकार सिंह ने कहा कि रांची में जो साइकिलिंग के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर है, उनका उपयोग होना चाहिए, इससे मेंटेनेंस भी होगा और सरकारी संपत्ति का रखरखाव भी बेहतर तरीके से हो पायेगा। कहा कि साइकिलिंग के लिए अनुकूल मौसम है। यहां ट्रैक के अलावा अन्य व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है। बताया कि पिछली बार के कई चैंपियन और इंटरनेशनल स्तर के साइक्लिस्ट भी इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का भी गठन किया गया है। झारखंड सरकार में मंत्री मिथलेश ठाकुर आयोजन समिति के चीफ पैटर्न हैं। वहीं सांसद विजय कुमार हांसदा चैयरमैन, मधुकांत पाठक वॉइस चैयरमैन और शैलेंद्र कुमार पाठक ऑर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी चुने गये हैं।

# इडी कार्यालय नहीं पहुंचे साहिबगंज एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम बुधवार को इडी के क्षेत्रीय कार्यालय नहीं गये। सूत्रों ने बताया कि नौशाद आलम की ओर से इडी को पत्र भेज कर दूसरी तारीख मांगी गयी है। यह लिखा गया है कि उन्होंने पुलिस मुख्यालय से मामले को लेकर सुझाव मांगा है। ऐसे में उन्हें कुछ दिनों का समय दिया जाये और पूछताछ के लिए दूसरी तिथि निर्धारित की जाये। इससे पूर्व एसपी नौशाद आलम को इडी ने 10 नवंबर को समन भेज कर 22 नवंबर को रांची के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया था। उन पर अवैध खनन मामले में इडी के गवाह रहे विजय हांसदा को दिल्ली जाने के लिए टिकट की व्यवस्था करने और उनको भड़काने का आरोप है। इडी ने जांच में पाया था कि विजय हांसदा को सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले में अपना पक्ष रखने के लिए दिल्ली जाना था। एसपी नौशाद आलम के कहने पर एक पुलिस अधिकारी ने ट्रेवल एजेंट के माध्यम से विजय हांसदा के लिए टिकट की व्यवस्था की थी। विजय हांसदा ने नींबू पहाड़ पर अवैध खनन के आरोप में पंकज मिश्रा सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

# प्रेमचंद स्कूल के लिए 14 लाख की राशि आवंटित की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद प्रोफेसर आदित्य कुमार साहू ने प्रेमचंद स्कूल के प्रयोगशाला के लिए 14 लाख 50 हजार राशि आवंटित की है। इस अवसर पर रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ कांके विधानसभा के विधायक समरी लाल, सिमरिया के विधायक किशन दास, जिला परिषद कांके पूर्वी के परिषद सदस्य संजय कुमार महतो, मनन विद्या के अध्यक्ष मराखंड महतो, उदय मेमोरियल कॉलेज के निर्देशक संतोष महतो, प्रेमचंद महतो इंटर कॉलेज के निदेशक प्रेमचंद महतो, प्राचार्य उमेश यादव विद्यालय के प्रधानाध्यापक के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# देवोत्थान जतरा मेला कल भगवान शिव की होगी पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देवोत्थान जतरा मेला 24 नंवबर को आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में देवोत्थान जतरा मेला समिति के संयोजक डॉ बिरेंद्र साहू ने कहा कि बड़गाईं में दो पहाड़ियों के मध्य भगवान शिव का धाम है, जो देवोत्थान धाम के नाम से प्रसिद्ध है। इस देवस्थल पर देवताओं के जगने की खुशी में कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रबोधिनी एकादशी की रात्रि जागरण करते हुए पूजा पाठ कर नृत्य दान करते हैं, जो देवोत्थान मेला के रूप में प्रसिद्ध है। इस मेल में आसपास के गांव सहित अन्य सैकड़ों गांव के बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

वे भगवान शिव की पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना कर मेला का आनंद उठाते हैं। आसपास के गांव के अखाड़े के नृत्य दल एवं नचनी नृत्य दल भी अपने पारंपरिक वेशभूषा एवं वाद्य यंत्रों से सुसज्जित होकर भगवान शिव का पूजन-अर्चन करके नृत्य गान कर अपनी प्राचीन संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए लोगों का मनोरंजन करते हैं।

# रांची समेत 16 जेलों के अधीक्षक बदले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** रांची समेत 16 जेल अधीक्षकों का सरकार ने तबादला कर दिया है। इससे संबंधित अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा बुधवार की देर शाम जारी कर दी है।

## जानें किसका कहां हुआ तबादला

1 कुमार चंद्रशेखर को केंद्रीय कारा दुमका जेल अधीक्षक बनाया गया।

2 अजय कुमार प्रजापति को केंद्रीय कारा घाघीडीह जमशेदपुर का जेल अधीक्षक बनाया गया।

3 भागीरथ कार्जी को पलामू जेल अधीक्षक बनाया गया।

4 जितेंद्र कुमार को हजारीबाग जेल अधीक्षक बनाया गया।

5 हिमानी प्रिया को गिरिडीह जेल अधीक्षक बनाया गया।

6 बेसरा निशांत रॉबर्ट को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार रांची का जेल अधीक्षक बनाया गया।

7 सत्येंद्र चौधरी को देवघर जेल का अधीक्षक बनाया गया।

8 सुनील कुमार को चाईबासा जेल अधीक्षक बनाया गया।

9 अनिमेष कुमार चौधरी को गुमला जेल अधीक्षक बनाया गया।

10 मेनसन बरवा को धनबाद जेल अधीक्षक बनाया गया।

11 प्रभात कुमार को लातेहार जेल अधीक्षक बनाया गया।

12 राजमोहन राजन को कोडरमा जेल अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।

13 अरुनभ को चास जेल अधीक्षक बनाया गया।

14 नरेंद्र प्रसाद सिंह को गढ़वा जेल अधीक्षक बनाया गया।

15 चंद्रशेखर प्रसाद सुमन को साहेबगंज जेल अधीक्षक बनाया गया और वे पाकुड जेल अधीक्षक के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

16 हामिद अख्तर को सहायक कारा महानिदेशक, कारा निरीक्षनालय झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।

# एक नजर में कैबिनेट के फैसले (पेज एक का शेष)

■ राज्य के विश्वविद्यालय और कंसिच्यूएंट कॉलेज में डिजिटल लैंग्वेज लैब बनेगा। इसके लिए 26 पदों के सृजन को स्वीकृति।

■ राज्य में पहले से चल रहे 13 राजकीय पॉलिटेक्निक और राजकीय महिला पॉलिटेक्निक के डिप्लोमा कोर्स के ब्रांच में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मापदंड के अनुरूप शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के नये पदों के सृजन को स्वीकृति दी गयी।

■ बीआइटी सिंदरी में पढ़ाये जा रहे और प्रस्तावित ब्रांच में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मापदंड के अनुसार शिक्षकों और कर्मचारियों के पदों को रीस्ट्रक्चर करने की स्वीकृति दी गयी।

■ झारखंड राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला सेवा नियमावली 2019 में आवश्यक संशोधन करने की स्वीकृति दी गयी।

■ न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को एसीपी की स्वीकृति में एक वर्ष से अधिक विलंब की स्थिति में एसीपी के बकाया राशि की निकासी के समय समायोजन के अधीन, प्रत्येक वर्ष के लिए एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी।

■ स्वर्गीय रवि शंकर उपाध्याय, तत्कालीन पीठासीन पदाधिकारी, राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, रांची को चिकित्सा हेतु एयर एंबुलेंस से रांची से हैदराबाद ले जाने में हुए व्यय के प्रतिपूर्ति की स्वीकृति दी गयी।

■ झारखंड भूगर्भ जल सेवा नियमावली, 2023 के गठन के प्रस्ताव की स्वीकृति दी गयी।

■ डॉ लवलीन पांडेय, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हरिहरगंज, पलामू को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति।

■ 21.03.2023 को झारखंड विधानसभा में उद्भूत और यथापारित जैन विश्वविद्यालय विधेयक, 2023 (हिंदी) के अनुरूप अंग्रेजी रूपांतरण में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।

■ झारखंड राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला सेवा नियमावली, 2019 (संशोधन सहित) में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गयी।

■ वित्तीय वर्ष 2023-24 में डुमरी विधानसभा उप-चुनाव, 2023 के दौरान प्रतिनियुक्त सुरक्षा बलों के आवासन, गमनागमन एवं अन्य कार्यों पर व्यय हेतु झारखंड आकस्मिकता निधि से कुल 4.55 करोड़ रुपये अग्रिम के रूप में स्वीकृत करने की स्वीकृति दी गयी।

■ डॉ तरुण कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, पाकुड़ को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गयी।

■ पंचम झारखंड विधान सभा का द्वादश (मानसून) सत्र (दिनांक 28.07.2023 से 04.08.2023) के सत्रावसान हेतु स्वीकृति दी गयी।

■ झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति-2023 पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।

# राज्य के 23 साल होने के बाद भी आदिवासी और मूलवासी के सवाल वैसे ही बरकरार : लोबिन हेंब्रम

**झारखंड बचाव मोर्चा राज्य के स्थानीय नीति, नियोजन नीति, सीएनटी/एसपीटी एक्ट, भाषा संस्कृति,और जमीन बचाने के लिए आंदोलन की राह पर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड बचाओ मोर्चा ने राज्य की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, सीएनटी/एसपीटी एक्ट, भाषा संस्कृति और जमीन बचाने के लिए आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को पुराना विधानसभा स्थित विधायक आवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मोर्चा के संरक्षक झामुमो के बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम हेमंत सरकार पर जम कर बरसे। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि झारखंड प्रदेश के बने 23 वर्ष हो गये है, अब तक राज्य में एक को छोड़ सभी मुख्यमंत्री आदिवासी ही रहे हैं, लेकिन आदिवासी और मूलवासी के सवाल वैसे ही बरकरार है। उन्होंने कहा कि अगर यहां के सीएनटी /एसपीटी एक्ट नहीं बचे, यहां पर पेशा एक्ट लागू नहीं हुआ, यहां स्थानीय नीति अभी तक बनी नहीं, राज्य में नियोजन नीति नहीं है। जबकि झारखंड राज्य पांचवीं अनुसूची में अधिसूचित क्षेत्र है। आखिर यह राज्य किसके लिए बना है? यह समझने वाली बात है। इन 23 सालों में यहां के लोगों को न तो अधिकार मिला, न जमीन बची। जमीन तो अभी भी लूटी जा रहह है। डैम के नाम पर, खनिज के नाम पर, कोयला खदान के नाम पर, एयरपोर्ट के नाम पर। आज तक इससे विस्थापित लोगों को कोई उचित मुआवजा मिला ना ही पचास प्रतिशत का शेयर रखा गया। सरकार सर्वे कराये कि आखिर आदिवासी कैसे विलुप्त हो रहे हैं। इनकी संख्या कैसे दिन प्रतिदिन कम हो रही है। पिछले दिनों टीएसी की बैठक में निर्णय लिया गया कि थाना क्षेत्र की बाध्यता खत्म होगी, लेकिन एक दूसरे थाना क्षेत्र के आदिवासी से आदिवासी कितनी जमीन खरीद सकता है, इसकी कोई सीमा तो होनी चाहिए। यह निर्णय आइवॉश है। सरकार को तय करना चाहिए कि 10 से 20 डिसमिल से अधिक नहीं खरीद सकते हैं। उन्होंने कहा कि इतने साल से टीएसी को फुटबाल की तरह बना दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार को शर्म आनी चाहिए अब तक अधिसूचित क्षेत्र के अधिकार यहां के आदिवासियों को नहीं दिला पायी है। इस मुद्दे को हम सदन के अंदर और बाहर उठाते रहे हैं, लेकिन सरकार पर कोई असर नहीं हो रहा है। मौजूदा सरकार को आनेवाले समय में बहुत बड़ा खामियाजा उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने अब लोगों को जगाने का काम शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में मोर्चा की बैठक में अगले आंदोलन की रणनीति बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि जल, जंगल जमीन की लड़ाई लड़नेवाली पार्टी के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन डायवर्ट हो गये हैं। यही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब आदिवासियों की जमीन पर स्मार्ट सिटी बनायेंगे। इसमें कौन लोग रहेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 23 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# शिक्षाविद राम इकबाल सिंह नहीं रहे, शोक की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेवीएम श्यामली के पूर्व प्रिंसिपल रहे राम इकबाल सिंह का बुधवार (22 नवंबर) को निधन हो गया। रांची के जाने-माने शिक्षाविद ने ऑर्किड अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गयी है। वह बिहार के सीतामढ़ी जिले के रहने वाले थे। विकास विद्यालय रांची में उन्होंने अध्यापन किया था। फिर खूंटी कॉलेज आ गये थे। वहां से डीएवी श्यामली में प्राचार्य के पद पर रहे और रांची का सर्वश्रेष्ठ स्कूल का दर्जा उन्हीं के कार्यकाल में मिला। पहले डीएवी और बाद में जेवीएम श्यामली को शिखर तक ले जाने वाले आरई सिंह अवकाश प्राप्ति के वर्ष 2001 में ब्रिजफोर्ड स्कूल में प्राचार्य और फिर निदेशक के पद पर रहे। वर्ष 2010 तक उन्होंने उस स्कूल को खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फिर जेके इंटरनेशनल स्कूल में वह निदेशक के पद पर रहे और वहीं से अस्वस्थता के कारण पिछले एक-दो साल से घर पर ही रहने लगे थे।



फाइल फोटो

## बिहार के सरकारी स्कूल में भी पढ़ाया

राम इकबाल सिंह ने बिहार के मधुबनी जिला स्थित खिरहर गांव के खिरहर हाई स्कूल में भी लंबे समय तक अध्यापन किया था। उस स्कूल के पूर्व छात्रों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है और अपने गुरु को श्रद्धांजलि दी है। टाटीसिल्वे के सरला बिरला स्कूल की शिक्षक मुक्तिनाथ शाहदेव ने रांची के इस महान शिक्षक को याद करते हुए कहा कि न जाने उनके पढ़ाए कितने विद्यार्थी आज देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्से में अपने ज्ञान की रोशनी बिखेर रहे हैं। बहुत से टीचर्स को अनुशासन और ज्ञान की बातें उन्होंने सिखाईं।

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष ने साधा निशाना

# आदिवासियों के खिलाफ बोलना बंद करें बाबूलाल मरांडी : बंधु

**कहा- रांची से तेलंगाना और नयी दिल्ली तक दिये जा रहे उनके बयान वास्तव में सत्ता के प्रति उनकी छटपटाहट का ही परिचय देता है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरुद्ध प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा की जा रही अनर्गल बयानबाजी और कुल मिला कर आदिवासियों के खिलाफ उनका बोलना दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री तिर्की ने कहा कि श्री मरांडी द्वारा रांची से तेलंगाना और नयी दिल्ली तक दिये जा रहे उनके बयान वास्तव में सत्ता के प्रति उनकी छटपटाहट का ही परिचय देता है। श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की गतिविधियों के कारण न केवल झारखंड बल्कि आदिवासियों की भी छवि खराब हो रही है और जिस प्रकार से वे एनआरसी, घुसपैठियों आदि के संदर्भ में वक्तव्य दे रहे हैं, उस स्थिति में उन्हें सबसे पहले अपनी अंतरात्मा में झांकना चाहिए क्योंकि केंद्र में पिछले 10 साल से भाजपा की ही सरकार है और इधर प्रदेश में भी 15 साल तक भारतीय जनता पार्टी की है सरकार रही है। श्री तिर्की ने श्री मरांडी को चुनौती दी कि घुसपैठियों के मामले में वह अपने सवाल, भाजपा, केंद्र सरकार और उसके द्वारा नियंत्रित सुरक्षा बलों से करें न कि किसी और से। उन्होंने कहा कि श्री मरांडी की बयानबाजी यह स्पष्ट करती है कि उन्हें झारखंड और यहां के आदिवासियों की बजाय अपनी राजनीति की ज्यादा चिंता है। उन्होंने कहा कि जब श्री मरांडी झारखंड विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष थे तो वे एक हद तक ही सही, लेकिन झारखंड और यहां के आदिवासियों के हित में मुद्दों को सामने लाते थे, लेकिन जब से वे भाजपा में गये हैं, तब से वह राजनीतिक भटकाव के शिकार हैं जो झारखंड के लिए घातक है। श्री तिर्की ने कहा कि श्री मरांडी और भाजपा के कोई भी नेता, कांग्रेस या इसके नेताओं को देशभक्ति का पाठ नहीं पढ़ायें और न ही झारखंड और आदिवासियों के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करें।

# युवा कांग्रेस ने फूड पैकेट का वितरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** युवा कांग्रेस के महासचिव सह रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर रांची शहर में जरूरतमंद एवं फुटपाथ, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन में रह रहे मजदूरों, गरीब तबके के लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया। शहर में घूम कर जरूरतमंदों को भोजन के पैकेट उपलब्ध कराये गये। इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी को नमन करते हुए कहा कि उनकी दृष्टि भविष्यवादी, उनके शब्द प्रेरणादायक, उनके कार्य परिवर्तनकारी, उनके जीवन असाधारण, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी ने शक्ति, साहस, धैर्य, भक्ति और बलिदान की पहचान है। युवा कांग्रेस रांची के हर विधानसभा क्षेत्र में मोहब्बत की दुकान के काउंटर खोलेगी। मौके पर रांची विधानसभा उपाध्यक्ष माइकल मिंज, हुस्ना परवीन, आर्यन कुमार, बृजभूषण पांडेय, सचिव रविंदर कुमार, प्रदीप, सूरज, सुमित, राहुल,मनीष सहित अन्य मौजूद थे।

# सरला बिरला विवि में ब्लॉकचेन के अनुप्रयोग विषय पर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में बुधवार को 'व्यापार विश्व में ब्लॉकचेन के अनुप्रयोग' विषय पर आइएमआई (इंटरनेशनल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट) कोलकाता के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के बी कॉम, बीबीए, बीए अर्थशास्त्र, एम कॉम और एमबीए के छात्रों ने भाग लिया।

कार्यशाला में ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी और वर्तमान विश्व के परिप्रेक्ष्य में इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। विवि के प्रतिकुलपति बिजय कुमार दलान ने आयोजन को सराहा। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए ब्लॉकचेन को व्यापार का भविष्य बताते हुए इसकी उपयोगिता पर जोर दिया। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी माननीय डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस तरह की कार्यशाला से महत्वपूर्ण ज्ञानार्जन और अनुभव प्राप्त होने की बात कही। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए डॉ संदीप कुमार, डीन वाणिज्य और व्यवसाय प्रबंधन विभाग ने दुनिया भर में ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही छात्रों को तकनीकी प्रगति के साथ कदमताल करते हुए इस तरह के आयोजनों में भाग लेने को प्रेरित किया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता आइएमआइ, कोलकाता के प्रोफेसर डॉ अर्णब बंद्योपाध्याय ने ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के मौलिक सिद्धांतों, इसके अनुप्रयोगों और इससे संबंधित उद्योगों को प्रासंगिक बनाये रखने की बात की। कार्यशाला में समापन भाषण डॉ गौतम तांती एसोसिएट डीन, वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग, एसबीयू ने दिया। कार्यशाला में विवि के शिक्षकों, डॉ अशोक अस्थाना, डॉ पूजा मिश्रा, प्रो एल जी हनी सिंह, डॉ आरोही आनंद, डॉ अंजलि श्रीवास्तव, श्वेता कुमारी, किसलय कुमार, श्रेया भारती एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# सांसद ने महाप्रबंधक के साथ बैठक की



आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** बुधवार को पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में पाटलिपुत्र के सांसद रामकृपाल यादव ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल के साथ बैठक की। बैठक में पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में चल रही रेल विकास परियोजनाओं यथा आरओबी, आरयूबी, एलएचएस, अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत स्टेशनों के पुनर्विकास एवं यात्री सुविधा से जुड़े कई मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। बैठक में तरेगना स्टेशन के पास लेवल क्रासिंग सं. 21/ए के पास बनाये जाने वाले आरओबी तथा अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत तरेगना स्टेशन के पुनर्विकास पर विशेष चर्चा की गयी। सांसद को रेलवे द्वारा अवगत कराया गया कि 21/ए के पास बनाये जाने वाले आरओबी का निर्माण कार्य इस माह के अंत तक प्रारंभ हो जायेगा। अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत तरेगना स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य भी जल्द ही चालू कर दिया जायेगा।

# ऊर्जा संरक्षण पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता 21 तारीख को इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था। जहां एनटीपीसी ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की ओर से उक्त प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए नोडल एजेंसी थी।

एनटीपीसी ईआर-टू मुख्यालय ने ओडिशा राज्य में राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता - 2023 का समन्वय किया। इस अवसर पर एनटीपीसी (पूर्व क्षेत्र-टू) के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मुजुमदार मुख्य अतिथि थे जब की सौदामिनी दास संयुक्त निदेशक (ओएसईपीए), रजनीश रस्तोगी महाप्रबंधक (एचआर) एनटीपीसी और इं संग्राम केशरी पटनायक, संपादक ओडिशा स्टेट सेंटर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स पुरस्कार प्रदान करने और छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि थे। ओडिशा के 30 जिलों के 47413 स्कूलों के छात्रों ने स्कूल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया, जबकि ए और बी श्रेणी के 50-50 छात्रों ने राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रत्येक श्रेणी ए और बी के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2023 के शीर्ष तीन विजेतायों ने 11 दिसंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-2023 में भाग लेंगे।

# एंटोड फार्मास्यूटिकल्स ने भुवनेश्वर में मनाया 'नेशनल मायोपिया वीक'

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बीते वर्ष के 'मायोपिया अवेयरनेस वीक' को मिली सफलता के बाद, एंटोड फार्मास्यूटिकल्स ने इस साल 'नेशनल मायोपिया वीक' के आयोजन के लिए मातानंद फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया है। यह आयोजन मातानंद फाउंडेशन की पहल है, जिसमें स्ट्राबिस्मस एंड पीडियाट्रिक ऑप्थेलमोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (एसपीओएसआई) भी सहयोगी है। इसका उद्देश्य दुनियाभर में आंखों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं में से एक मायोपिया के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस प्रभावी पहल में एंटोड फार्मास्यूटिकल्स का भी सहयोग रहेगा।

इस अभियान को 'मोर ग्रीन, लेस स्क्रीन' का नाम दिया गया है। इसके माध्यम से एक करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 20 नवंबर से शुरू किया गया यह अभियान 26 नवंबर तक चलाया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के इन्फ्लूएंसर्स भी शामिल होंगे और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ट्रेंड्स भी चलाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में हजारों ऑप्थेलमोलॉजिस्ट्स और पीडियाट्रिक ऑप्थेलमोलॉजिस्ट्स भाग लेंगे। वे विभिन्न आयोजनों का हिस्सा बनेंगे, जैसे - सीएमई/आरटीएम सत्र, मायोपिया पर वेबीनार, अस्पतालों और स्कूलों के सहयोग से कार्यक्रम और स्कूलों में आंखों की मुफ्त जांच। इसके अलावा, अस्पतालों और क्लीनिक्स में नेशनल मायोपिया वीक समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान, क्लीनिक्स को बंदनवार, पोस्टर और बैनरों से सजाया जाएगा। आंखों की जांच के लिए आने वाले बच्चे कलरिंग की गतिविधियों में भाग लेंगे। इनमें हिस्सा लेने वाले हर बच्चे को एक ड्रैगनफ्लाई, उड़ने वाला खिलौना तोहफे में दिया जाएगा, जिससे बच्चों को आउटडोर गेम्स की प्रेरणा मिले।

मायोपिया के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए 10 पीडियाट्रिक ऑप्थेलमोलॉजिस्ट्स को 'मायोपिया वारियर्स' के सम्मान से सम्मानित भी किया जाएगा। इस प्रभावशाली अभियान के लिए भुवनेश्वर के अलावा इन शहरों को भी चुना गया है : इंदौर, वड़ोदरा, लखनऊ, हैदराबाद और हैदराबाद।

मायोपिया को आम भाषा में निकट-दृष्टिदोष भी कहा जाता है। इससे पीड़ित लोग चश्मे के बिना दूर का दृश्य साफ नहीं देख पाते। यह स्थिति आमतौर पर कम उम्र में पैदा होती है, जो 18 वर्ष की उम्र तक लगातार बढ़ती है। ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) की रिसर्च के मुताबिक, भारत में 5 से 15 साल आयु वर्ग में प्रत्येक 6 में से 1 बच्चा मायोपिया का शिकार है। यह आंकड़ा ही समस्या की गंभीरता बताने के लिए पर्याप्त है। ओडिशा के रायगड़ा शहर में स्कूली बच्चों में अपवर्तक दोष (रिफ्रेक्टिव एरर) का पता लगाने के लिए एक अध्ययन किया गया था। जिन बच्चों की जांच की गई, उनमें से 9.7% में यह कमी मिली और इनमें से 4.9% में मायोपिया और 5.4% में एस्टिगमैटिज्म भी मौजूद था, जो हाइपरोपिया (0.2%) की तुलना में ज्यादा पाए गए। यदि कम उम्र में ही इसका इलाज नहीं किया जाए तो बड़े होने पर यह गंभीर रूप ले लेता है, जिससे आंखों की अन्य गंभीर बीमारियां होने का खतरा भी रहता है। इनमें मोतियाबिंद, ग्लूकोमा और रेटिना के अपने स्थान से हट जाने की समस्याएं प्रमुख हैं। गंभीर मायोपिया से पीड़ित लोगों के लिए लेसिक जैसी सुधार की सर्जरी के विकल्प बहुत कम हैं, इसलिए मायोपिया की शीघ्र पहचान और समय से इलाज बच्चों की आंखों की रोशनी बचाने और उनके सुनहरे भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### राजौरी में मुठभेड़, मेजर और दो जवान शहीद

जम्मू (आजाद सिपाही)। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में बुधवार को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक मेजर और दो जवान शहीद हो गये। धर्मसाल के बाजीमाल इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना पर सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान जंगल में छिपे आतंकियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। इसमें मेजर और दो जवान शहीद हो गये।

### काली पाहन की पुण्यतिथि मनायी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। ग्राम पंचायत चुट्टू में काली पाहन की 12वीं पुण्यतिथि सादगी के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। दो मिनट का मौन धारण किया गया। इसमें मुख्य रूप से पंचायत की मुखिया लक्ष्मी देवी, समाजसेवी जगत मुंडा, गोपाल पाहन, राजेश करमाली, रोहित करमाली, ललित पाहन, अशोक महतो, मेघनाथ चौधरी, नंदकिशोर मुंडा, सोहराई पाहन, राजेश पाहन और स्वर्गीय पाहन के परिजन शामिल हुए।

### शोक प्रस्ताव के बाद सदन स्थगित



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। सदन कल सुबह 10:30 बजे तक के लिए स्थगित। विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने के बाद आज मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सदन में शोक प्रस्ताव पेश किया. मुख्यमंत्री ने दिवंगत नेता के लिए शोक प्रस्ताव पेश किया, जिसका विपक्ष ने समर्थन किया। कांग्रेस विधायकों के नेता नरसिंह मिश्र ने कोशली और उड़िया दोनों भाषाओं में बयान देकर शोक प्रस्ताव के प्रति अपना समर्थन जताया. शोक प्रस्ताव के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करने के लिए सदन के सभी सदस्यों ने शोक दिबंगत नेता के लिए एक मिनट का मौन रखा। जानकारी के लिए बता दें कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र 30 दिसंबर तक चलेगा। इस शीतकालीन सत्र में 30 कार्य दिवस हैं। विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सालुगा प्रधान को विधानसभा का नया उप वाचस्पति चुना गया।

### बच्चों के आंतरिक गुणों को सामने लायेंगे: दिव्या शर्मा



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित फुलवारी स्कूल ने हाल ही में बाल दिवस मनाया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष दिव्या शर्मा ने कहा कि प्रत्येक बच्चा अद्वितीय है। उनके आंतरिक गुणों को बाहर लाने के लिए उन्हें विभिन्न गतिविधियों, अनुभवों और सीखने के अवसरों के माध्यम से सामिल करना आवश्यक है। इससे उन्हें आत्म-सम्मान, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के अलावा अपनी क्षमता को मजबूत करने में मदद मिलेगी। शर्मा ने संगठन के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किये। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### रेलवे कोच मरम्मत कार्यशाला में दी जानकारी



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, मंचेश्वर शाखा द्वारा रेलवे कोच मरम्मत कार्यशाला ने प्रशिक्षण केंद्र में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया, जहां स्कूली बच्चों को कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया और छात्रों को कोच, पहियों, वोल्टमीटर, एमीटर और एसी तकनीकों आदि जैसे रेलवे डिब्बों की मरम्मत के कार्यों के बारे में सिखाया गया। महिला कल्याण संगठन की कार्यकर्ता डोला मित्र, निवेदिता कर और प्रज्ञा महापात्र ने विज्ञान प्रदर्शनी का समन्वय किया।

### हीराकुद स्टेशन पर आपदा प्रबंधन अभ्यास किया



संबलपुर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल ने 22 नवंबर-2023 को हीराकुद रेलवे स्टेशन पर वृहद पैमाने पर संयुक्त आपदा प्रबंधन अभ्यास का आयोजन किया। अभ्यास में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), मुंडुली, ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ), स्थानीय प्रशासन, राज्य अग्निशमन सेवा, राज्य स्वास्थ्य सेवा, रेलवे स्काउट्स एंड गाइड, स्थानीय गैर सरकारी संगठनों और रेलवे के सभी विभागों ने भाग लिया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने स्थल का दौरा किया और सभी प्रतिभागियों के साथ बातचीत की । श्री सिंह ने कहा कि यह अभ्यास रेलवे और सभी भागीदार एजेंसियों को समन्वित तरीके से किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने में मदद करेगा। एस. एस. नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी ने इस अभ्यास में भाग लेने वाली सभी एजेंसियों और स्वयंसेवकों को उनकी भागीदारी के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 23 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# सुप्रीम कोर्ट सख्त

जजों की नियुक्ति और उनके तबादलों का मामला दिनो-दिन उलझता दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर सरकार का ध्यान इस ओर खींचा कि कॉलेजियम की सिफारिशों पर अमल के मामले में कथित सिलेक्टिव रवैये की वजह से कई तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाल में हाइकोर्टों के 11 जजों के तबादले की सिफारिश की थी। इनमें से पांच जजों के तबादले कर दिये गये, लेकिन छह जजों का मामला लंबित है। इन लंबित मामलों में चार गुजरात हाइकोर्ट के जजों का है, जबकि एक-एक इलाहाबाद और दिल्ली हाइकोर्ट का। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में पूछा कि आखिर सरकार क्या संकेत देना चाहती है? जजों की नियुक्ति के मामले में भी ऐसे कई नाम हैं, जो कॉलेजियम की सिफारिश के बाद भी क्लियर नहीं किये गये हैं, जबकि उन्हें कॉलेजियम के पास पुनर्विचार के लिए भेजे जाने की अपेक्षित अवधि बीत चुकी है। अप्रैल 2021 के अपने एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि अगर कॉलेजियम सर्वसम्मति से अपनी सिफारिशें दोबारा भेजता है, तो उसके बाद तीन से चार सप्ताह के अंदर केंद्र सरकार को जजों की नियुक्ति कर देनी चाहिए। इन लंबित मामलों में ऐसा नहीं हुआ और अब सुप्रीम कोर्ट केंद्रीय कानून और न्याय मामलों के मंत्रालय के खिलाफ अवमानना संबंधी याचिका पर सुनवाई कर रहा है। इस गतिरोध के पीछे जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर कार्यपालिका और न्यायपालिका में उपजे मतभेदों का हाथ माना जा रहा है। यह बात पब्लिक डोमेन में आ चुकी है कि सरकार नियुक्ति के कॉलेजियम सिस्टम के खिलाफ है। 2015 में ही उसने नेशनल ज्यूडिशल अप्वाइंटमेंट कमीशन एक्ट लागू किया था, जिसके मुताबिक जजों की नियुक्ति एक आयोग के जरिये होनी थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उस एक्ट को असंवैधानिक करार देते हुए मौजूदा कॉलेजियम सिस्टम को ही बहाल रखा। नियुक्ति की इस प्रक्रिया पर कई तरफ से सवाल उठते रहे हैं। इनमें से कई सवाल वाजिब भी हैं। खुद सुप्रीम कोर्ट भी मान चुका है कि यह सिस्टम फुलप्रूफ नहीं है। लेकिन जब तक किसी नयी वैकल्पिक व्यवस्था पर सहमति नहीं बनती, तब तक इसी से काम चलाना होगा। ऐसे में अगर इसे सही ढंग से लागू नहीं किया जायेगा, तो न्यायपालिका का काम करना मुश्किल हो जायेगा। व्यवस्था कोई भी हो, यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि देश में न्यायपालिका स्वतंत्र ढंग से अपना काम करे और उसके कामकाज में सरकार की अनावश्यक दखलंदाजी न हो। अगर किसी वजह से यह संदेश जाता है कि सरकार कुछ खास जजों के तबादलों को लेकर कोई विशेष आग्रह रखती है तो यह किसी के लिए भी अच्छा नहीं होगा। जजों की नियुक्ति का मसला भी ऐसा ही है। इस गतिरोध को जल्द दूर करना चाहिए। इसमें जितनी देर होगी, मामला उतना ही जटिल होता जायेगा।

**जजों की नियुक्ति और तबादलों का मामला उलझा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को सवाल किया कि उनकी सिफारिशों की वजह से कई समस्याएं हो रही हैं। जजों की नियुक्ति के मामले में भी समस्याएं हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है, जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता आदि शामिल हैं।**

# बेहद खतरनाक है डीपफेक का यह दौर

**ललित गर्ग**



**देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं।**

डीपफेक व्यक्तिगत जीवन से आगे बढ़ कर अब राजनीतिक एवं वैश्विक संदर्भों के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इक्कीसवीं सदी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआइ) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नये रास्ते खोले हैं, तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है, एआइ के जरिये डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किये जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राजनीतिक मुद्दों के साथ व्यक्तिगत छवि को घूमिल करने का हथियार बनकर अनेक चिन्ताओं को बढ़ा रहा है और बड़े संकट का सबब बनता जा रहा है। डीपफेक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी नहीं बक्शा है, उन्हें भी परेशान कर दिया है। उनका एक वीडियो इन दिनों यू-ट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खूब चर्चित हो रहा है, इसमें उनको गरबा करते दिखाया गया है। ये पूरा वीडियो डीपफेक नाम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है। इसी तरह देश एवं विदेश की अनेक हस्तियों के अनेक अश्लील एवं राजनीतिक डीपफेक व्यापक स्तर पर प्रसारित हो रहे हैं।

**कंटेंट की कलरिंग को भी देखकर पता लग सकता है कि तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ हुई है।**

डीपफेक एक ऐसी तकनीक है, जिसमें आप कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद एवं तकनीक से वीडियो, तस्वीरों और ऑडियो में हेरफेर कर सकते हैं। इस तकनीक की मदद से आप किसी दूसरे व्यक्ति की फोटो या वीडियो पर किसी और का चेहरा लगाकर उसे पूरी तरह से बदल भी सकते है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल लगभग 96 प्रतिशत के आसपास अश्लील सामग्री बनाने में होता है। कुछ लोग इसका इस्तेमाल अपने मर चुके रिश्तेदारों की तस्वीरों को ऐनिमेट करने में भी करते हैं लेकिन अब डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल देश एवं विदेश की राजनीति में भी होने लगा है। राजनीतिक पार्टियां अपने चुनावी प्रचार में इस तकनीक का जमकर इस्तेमाल कर रही है। आम जनता को गुमराह करने एवं बड़ी हस्तियों की छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने में अब इस तकनीक का व्यापक उपयोग होने लगा है। अनेक फिल्मी हस्तियों विशेषतः हीराइनों की अविश्वसनीय अश्लील एवं नग्न वीडियो बड़ी संख्या में ऑनलाइन आसानी से देखी जा सकती हैं। पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद फोटोज की मदद से आसानी से डीपफेक वीडियो बनाया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब कोई नौसिखिया भी आसानी से फर्जी वीडियो बनाकर सच और झूठ का फर्क मिटा सकता है, किसी भी वीडियो पर झट से भरोसा ना करें क्योंकि डीपफेक वीडियोज से घिरी वर्चुअल दुनिया में आंखों देखा सबकुछ हमेशा सच नहीं होता।

देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित एवं सावधान करने पर जोर दिया है। भारत के लिये यह बड़ा खतरा इसलिये भी है, क्योंकि भारत विविधता वाला देश है, यहां की जनता छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती है एवं भड़क जाती है। असली एवं नकली यानी डीपफेक का पता लगाने के लिये सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपेक्षा है। अगर वीडियो में आंख और नाक कहीं और जा रही है या वीडियो में पलक नहीं झपकायी गयी है, तो समझ जाइए कि यह डीपफेक कंटेंट है। कंटेंट की कलरिंग को भी देखकर पता लग सकता है कि तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ हुई है। ढेरों चर्चित महिला हस्तियों एवं सिने कलाकारों के चेहरे डीपफेक टेक की मदद से पॉर्न वीडियोज पर लगाकर उन्हें ऑनलाइन शेयर किया जा रहा है। पॉप्युलर अमेरिकन अडल्ट साइट की ट्रेंडिंग टैग्स रिपोर्ट दिखाती है कि ऐसे वीडियोज पिछले कुछ महीने में तेजी से चर्चित हुए हैं और इन्हें व्यापक रूप में सर्च किया जा रहा है या देखा जा रहा है। इस टेक से किसी का फेक न्यूड वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया जा सकता है और ऐसे मामले सामने आये भी हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैसे-जैसे यह टेक्नॉलजी पॉप्युलर होगी, इसका गलत इस्तेमाल और ऐसे क्राइम भी बढ़ते जाएंगे।

कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धि का दावा इतना है कि मानव की बुद्धि का मशीन द्वारा अनुकरण किया जा सकता है। बिजली के बल्ब और मूवी कैमरे के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने कहा था कि हर नयी तकनीक सुविधाओं के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी लाती है। नित नयी तकनीक के दौर से गुजर रही दुनिया में उनका कथन प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। किसी भी बात या घटना के सच होने का सबसे बड़ा सबूत उसके किसी वीडियो को माना जाता रहा है लेकिन अब चीजें बदल गयी हैं। आंखों देखी पर और किसी भी तरह के डिजिटल फोटो या वीडियो पर भरोसा नहीं किया जा सकता। डीपफेक टेक्नॉलॉजी की मदद से ऐसे वीडियो बनाए जा सकते हैं कि बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स भी गच्चा खा जायें। सामान्य इंटरनेट यूजर शायद ही समझ पाये कि वीडियो डीपफेक है और उसमें दिखने वाला शख्स कोई और है। यह टेक्नॉलॉजी वीडियोज के साथ बिल्कुल वैसे ही काम करती है, जैसा फोटो के लिए फोटोशॉप करता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# सीजीपीसी के भवन निर्माण में शामिल हुए काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सीजीपीसी के द्वारा भवन निर्माण में समाजसेवी और पूर्व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल हुए। मौके पर काले ने स्वास्थ और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रयास की प्रशंसा करते हुए इस पुनीत कार्य में कार-सेवा कर अपने आप को भाग्यशाली बताया। बुधवार को अमरप्रीत सिंह काले ने स्वयं माथे पर ढलाई सामग्री ढोकर कार-सेवा कर जरूरतमंदों के कल्याण के लिये किए जा रहे इस महान कार्य का हिस्सा बने। उन्होंने इस सराहनीय कार्य पर अपनी बात रखते हुए कहा कि भगवान सिंह और उनकी टीम की अगुवाई में सीजीपीसी काफी अच्छा कार्य कर रहा है। शिक्षा और अच्छे स्वास्थ से समाज सशक्त होगा। सीजीपीसी यह नेक कार्य सरानीय है।

# पुलिस के खौफ से आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** बीते दिनों आरआईटी थाना अंतर्गत रेलवे कॉलोनी के पास झाड़ी में मिले युवक का शव के मामले में मुख्य आरोपी ने पुलिसिया खौफ से बचने के लिए खुद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी का नाम सुमित मुखी उर्फ त्रिशुल है। आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। मृतक के साथ उसकी पुरानी रंजिश थी। मृतक सूरज महानंद उर्फ गोलू पूर्व में रेलवे कॉलोनी में ही रहता था। फिलहाल वह गम्हरिया में रह रहा था। थाना प्रभारी सागर लाल महथा ने बताया कि घटना के दिन हत्यारे ने मृतक को रेलवे कॉलोनी बुलाकर जमकर नशापान कराया। उसके बाद धारदार हथियार से उसकी हत्या कर शव को साक्ष्य छुपाने के नीयत से कॉलोनी से सटे झाड़ी में फेंक दिया। अनुसंधान के क्रम में त्रिशूल का नाम सामने आया था। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाई जा रही थी। पुलिस के बढ़ते दबिश को देखते हुए उसने सरेंडर कर दिया। फिलहाल पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कल से, सभी पंचायतों में लगेगा शिविर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में राज्य सरकार की कल्याणकारी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुक्रवार से सभी पंचायतो में शिविर लगाकर शुरू किया जायेगा, जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। बुधवार को जिले के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री के अध्यक्षता में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीसी ने सभी पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के दिशा निर्देश पर 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक पंचायत स्तर में शिविर लगाकर कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया योजनाबद्ध तरीके से किया जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तरीय शिविर क्के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करायें ताकि ज्यादा से ज्यादा की संख्या में लोग पंचायत स्तरीय शिविरों में लाभ उठा सके। प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें। डीसी ने तीन दिवसीय 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में शिविर के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में निवासरत लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। साथ ही ग्रामीणों द्वारा दिये गये आवेदन समयबद्ध निष्पादन का निर्देश सभी विभागीय पदाधिकारी को दी। उन्होंने कहा दूरस्थ पंचायत स्तरीय शिविरों में जिला स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थिति रहेंगे। डीसी ने कहा कि शिविर में राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय, जन्म-मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र,राजस्व से जुड़े म्यूटेशन, मापी लगान रसीद, ऑनलाइन रिकॉर्ड में त्रुटियों को दूर करने, सामुदायिक व व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए भी आवेदन, सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फुले, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सीएम पशुधन योजना,श्रम विभाग के श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण, राशन कार्ड में संशोधन,बिजली बिल से संबंधित शिकायतों,सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े परियोजनाओं के लिए आवेदन, ऑन द स्पॉट परिसम्पतियों और सरकारी लाभों का वितरण साथ ही पूर्व में स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु एक अभियान चलाया गया था। इस अभियान में निर्मित परन्तु अवितरित जाति प्रमाण पत्रों को इन शिविरों में बाँटा जायेगा। साथ ही प्रत्येक शिविर में छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल क्रय के लिए प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया जायेगा। क्लस्टर सदस्यों के बीच आईडी कार्ड का वितरण, धोती, साड़ी, लुंगी व कंबल का वितरण,पशुधन योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, अबुआ आवास योजना तथा अन्य योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने निर्देश दिया योजना को सैचुरेशन मोड में ले जाना है।शत प्रतिशत लाभूकों को इस योजना से जोड़ना है। बैठक में डीसी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया वे कार्यक्रम को सफल संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिया योजनाओं को सेचुरेशन मोड में क्रियान्वित करना है। पंचायत स्तरीय शिविरों में 12वीं के विद्यार्थियों को मोबिलाइज करते हुए गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए आवेदन लिए जाने का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा शिविर में लगाए गए स्टॉल में कंप्यूटर, प्रिंटर व इंटरनेट सेवा संबंधित सभी तैयारी ससमय पूर्ण कर ली जाए। साथ ही जिले में आयोजित होने वाले सभी कैंपों में ग्रामीणों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता, साफ सफाई, मूलभूत सुविधाएं, माइकिंग सिस्टम को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। बैठक में एसडीएम पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, एसओआर दीपू कुमार, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# घायल के परिजनों से मिले भाजपा प्रदेश प्रवक्ता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बीते दिनों शहर के बमार्माइंस ईस्ट प्लांट बस्ती मे झामुमो नेता द्वारा फायरिंग में घायल प्रवेश कुमार के परिजनों से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने मुलाकात की। बुधवार को परिवारजनों से मुलाकात के दौरान घटना से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी ली। मौके पर उन्होंने परिजनों का हौसला बढ़ाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। साथ ही कोलकाता न्यूरो साइंस के डॉक्टर से फोन पर बात कर शीघ्र बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने जिले के एसएसपी से बात कर घटना में शामिल संलिप्त फरार अभियुक्त का अविलंब गिरफ्तारी के लिए आग्रह किया। मौके पर उन्होंने युवा प्रवेश कुमार के साथ हुई दिल दहला देने वाली घटना को दुःखद बताया। उन्होंने कहा दुःख की इस घड़ी में वे स्वयं और भाजपा संगठन उनके साथ खड़ी है। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर बिना किसी संकोच के संपर्क करें। उन्होंने परिवारजनों को इलाज में आर्थिक सहयोग के लिए जरूरी पहल करने की बात कही।

# वृंदावन में तीन दिवसीय कृष्णायन महोत्सव को लेकर काव्यगोष्ठी का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** वृंदावन में तीन दिवसीय कृष्णायन महोत्सव को लेकर एक काव्यगोष्ठी सह बैठक आयोजन किया गया। बुधवार को बैठक के पूर्व रीना सिन्हा के द्वारा सुमधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। स्वागत भाषण अध्यक्ष पद्मा प्रसाद व संचालन निवेदिता श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। बैठक के दौरान वृंदावन में होने वाले कृष्णायन महाकाव्य को लेकर चर्चा की गई। सचिव वीणा नंदिनी ने बताया तीन दिवसीय कृष्णायन साहित्योसव एक और दो दिसंबर को रखा गया है। मौके पर देश भर से सैकड़ों साहित्यकार शामिल होंगे। वही 1 से 3 दिसंबर तक देश भर के रचनाकारों का वृंदावन में महाकुंभ होगा। साहित्योदय द्वारा वात्सल्य ग्राम में तीन दिवसीय श्री बाँके बिहारी अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव' कृष्णायन' का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन वात्सल्य ग्राम की अधिष्ठात्री और प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु दीदी माँ साध्वी ऋतम्भरा करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद आर के सिन्हा करेंगे।

# मेराल में पंचायत ने सुनाया तालिबानी हुक्म

## चरित्रहीन और डायन बता कर बीस जूते मारे, थूक कर चटाया

### विरोध करने पर पति को कान पकड़ कर सौ बार उठक-बैठक करायी, 51 हजार का जुर्माना लगाया

### घटना के तीन महीना बाद ऑनलाइन कंप्लेंट, पुलिस रेस, मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के तिसरटेटुका गांव में तीन महीना पहले मुस्लिम समाज की एक महिला पर समाज के ही दर्जन भर लोगों ने पंचायत बुला कर महिला तथा पति के साथ अमानवीय व्यवहार किया था। ऑनलाइन कंप्लेंट होने पर अब पुलिस महकमा रेस हो गया है। घटना तीन महीना पहले की है। घटना के संबंध में महिला ने आपबीती बताते हुए कहा कि भरी पंचायत में उसे 20 जूते मारे गये, फिर उसी जूता पर थूक कर चटवाया गया। इसका विरोध करने पर मेरे पति को भी प्रताड़ित किया गया। उनसे


प्रताड़ित महिला आपबीती बताते हुए

एक सौ बार कान पकड़ कर उठक-बैठक करायी गयी तथा 51 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया। साथ ही चरित्रहीनता तथा डायन का आरोप लगाते हुए सामाजिक बहिष्कार का निर्णय सुनाया गया। **घटना के बाद घर से गायब थी महिला, पति ने थाने मे गुमशुदगी का दिया था आवेदन**

घटना के दूसरे दिन मध्य रात्रि 12 बजे से महिला अपने घर से गायब हो गयी थी। उसके पति ने 17 अगस्त को मेराल थाना में गुमशुदगी का आवेदन दिया था। पति ने बताया कि घटना के बाद बिना बताये ही आधी रात को मेरी पत्नी घर से कहीं चली गयी। सभी रिश्तेदारों के यहां खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चलने पर 17 अगस्त को मेराल थाना में पत्नी के गुम हो जाने को लेकर आवेदन दिया था।

#### अब कराया ऑनलाइन कंप्लेंट दर्ज

महिला ने आपबीती बताते हुए कहा कि पंचायत के लोगों तथा समाज के डर से मैं घर में बिना किसी को बताये बनारस चली गयी थी। उसने कहा कि चरित्रहीन और डायन बता कर उस पर काफी जुल्म किया गया है। कंप्लेन में कहा है कि विगत 15 अगस्त की रात्रि में गांव के ही जब्बार अंसारी, मुजाहिद अंसारी, इलियास अंसारी, साकिर अंसारी, मोकिर अंसारी, असगर अली, इमामुद्दीन अंसारी और इरशाद अंसारी उसके घर पहुंचे और उसे एवं उसके पति को पकड़ कर पंचायती में ले गये। वहां सार्वजनिक तौर पर गांव के ही एक युवक से नाजायज संबंध रखने तथा डायन होने का भी आरोप लगाया गया।

महिला और उसके पति ने इन आरोपों को गलत बताते हुए झूठा आरोप लगाने की बात कही, मगर पंचायत में महिला के साथ-साथ उसके पति को भी दंडित किया गया। ऑनलाइन कंप्लेन के आधार पर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार इस मामले में अब तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

# सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत, दो घायल

मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर गुलरिया ढोढ़ा के समीप मंगलवार के रात्रि 7 बजे के लगभग जिले के मेराल थाना अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय चुहिया टोला अकलवानी के प्रधान सहायक अध्यापक महेश्वर राम 55 वर्ष लगभग की मौत सड़क पर मोटर साइकिल और ट्रक में टक्कर हो जाने के कारण घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो



गयी। जब कि मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेश्वर राम गढ़वा लगमा खजूरी के निवासी बताए जाते हैं। जो पिछले मंगलवार को अपना समधी विजय राम हरिगावां मझिआंव के लड़के की शादी के लिए लड़की देखने रंका थाना के कंचनपुर गांव में आए थे। लड़की देखने के बाद वे अपने घर के लिए वापस जा रहे थे। जाने के क्रम में यह घटना हो गई। घटना की खबर सुनते ही रंका थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुँची और शव को अंत्य परिक्षण हेतु गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दी जहां पर बसपा जिलाध्यक्ष सुनिल कुमार गौतम और बामसेफ के रघुनाथ राम पहुंचे और हाल चाल जाना और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

# कौशल्या देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत हुलुला खुर्द गांव में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। हुलहुला ग्राम निवासी राहुल कुमार की पत्नी कौशल्या देवी ने आपसी पारिवारिक विवाद के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतिका कौशल्या देवी पारिवारिक विवाद के कारण पिछले कुछ महीने से मानसिक रूप से परेशान रहती थी उसके पति राहुल कुमार ने बताया कि वह घर के बाहर बच्चों को खेला रहा था इसी दौरान क्या हुआ उसे पता नहीं जब वह अंदर जाकर देखा है तो उसकी पत्नी कौशल्या फांसी के फंदे पर लटकी थी।

इसके बाद उसे फंदे से उतार का इलाज के लिए तत्काल अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर दिनेश कुमार मीणा ने उक्त महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## अबुआ आवास योजना पर उप विकास आयुक्त ने प्रेस को जानकारी दी

# अबुआ आवास योजना की सहायता राशि दो लाख रुपये होगी

आाजद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अबुआ आवास योजना एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के विषय पर उप विकास आयुक्त कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना के विषय पर मीडिया को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 24.11.2023 से 26.12.2023 तक प्रत्येक पंचायत में आयोजित होने वाली शिविर में योग्य परिवारों से अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। योजना का लाभ लेने हेतु योग्य लाभुक आवेदन पत्र पंचायत या प्रखंड कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। योग्य परिवार निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता और जॉब कार्ड की छाया प्रति समर्पित करेंगे। इस दौरान उन्होंने अबुआ आवास योजना की विशेषताएं बताते हुए



कहां कि कच्चा मकान और आवास विहिन परिवारों को पक्का आवास का लाभ देने हेतु अबुआ आवास योजना का शुभारंभ झारखंड सरकार द्वारा किया गया है। इस योजना अंतर्गत न्यूनतम 31 वर्ग मीटर में तीन कमरे और स्वच्छ रसोईघर का आवास निर्माण किया जायेगा। योजना अंतर्गत घरों को अनिवार्य रूप से परिवार की महिलाओं के नाम पर पंजीकृत किया जायेगा, महिला की मृत्यु अनुपस्थिति की स्थिति में परिवार के मुखिया के नाम पर आवास पंजीकृत किया जा सकता है। अबुआ आवास योजना के तहत प्रति यूनिट आवास की सहायता राशि 2 लाख रुपये होगी। अभिसरण के माध्यम से शौचालय निर्माण का प्रावधान है। साथ ही मनरेगा के तहत अधिकतम 95 मानव दिवस अकुशल मजदूरी भुगतान करने का प्रावधान है। लाभार्थियों को सहायता राशि का भुगतान केवल आधार से जुड़े हुए उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किया जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उप विकास आयुक्त ने योजना स जुड़े लाभ और पात्रता रखने वाले लाभुकों की जानकारी देते हुए बताया कि कच्चे घरों में रहने वाले परिवार, आवास विहीन और निराश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के परिवार प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार, कानूनी तौर पर रिहा किए गए बंधुआ मजदूर, वैसे परिवार जिन्हें राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, बिरसा आवास योजना, इंदिरा आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो वैसे लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जायेगा। इस आवास योजना का निर्माण लाभार्थी स्वयं अपने परिवार के सदस्यों की सहायता से करेंगे। आवास निर्माण में किसी भी बिचौलियों को शामिल नहीं किया जायेगा और बिचौलिए का प्रवेश पूर्णता निशिद्ध रहेगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में योजना के लिए पात्रता नहीं रखने वाले लाभुकों की भी जानकारी दी गयी। बताया गया कि वैसे परिवार जिनके पास पूर्व से पक्का मकान अथवा राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना का लाभ ले चुके हैं उन्हें इस योजना का लाभ नहीं दिया जायेगा। साथ हीं वैसे परिवार जिनके पास चार पहिया वाहन है, या मछली पकड़ने वाली नाव रखते हो, वैसे परिवार जिनके पास तीन पहिया या चार पहिया वाले कृषि उपकरण हो, वैसे परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी या अर्ध सरकारी (सेवारत या सेवानिवृत्त) नौकरी में हो, जिस परिवार का कोई सदस्य चुनाव द्वारा जनप्रतिनिधि चयनित किया गया हो, जिस परिवार का कोई सदस्य आयकर दाता हो, जिस परिवार या परिवार का कोई सदस्य व्यावसायिक करदाता हो, वैसे परिवार जिनके पास रेफ्रिजरेटर हो, वैसे परिवार जिनके पास 2.5 एकड़ या ज्यादा सिंचित भूमि न्यूनतम एक सिंचाई उपकरण के साथ हो, वैसे परिवार जिनके पास 5 एकड़ या ज्यादा सिंचित भूमि हो, उन्हें इस योजना का लाभ नहीं दिया जा सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर भी उप विकास आयुक्त द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि यह योजना भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है जो विभिन्न चरणों में संपादित होगी, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री के द्वारा झारखंड के खूंटी जिले से 15 नवंबर को शुभारंभ किया गया है।

# आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम को लेकर कर्मी प्रतिनियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर बीडीओ विकास कुमार ने प्रखंड के सभी पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करने के लिये तिथि निर्धारित कर कर्मियों की प्रतिनियुक्त कर दी है। कार्यक्रम आगामी 24 नवंबर से लेकर 26 दिसंबर 23 तक आयोजित किया जायेगा। जिसके लिये पंचायतवार कार्यक्रम निर्धारित है। भोजपुर पंचायत भवन में 24 नवंबर को भू अर्जन पदाधिकारी की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमे प्रखंड संवन्यक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह के साथ पंचायत सचिव वीरेन्द्र सिंह, रोजगार सेवक आनंद विश्वकर्मा, विलासपुर पंचायत में 28 को




पंचायत भवन मवि बिलासपुर में डीसीएलआर बंशीधर नगर की देखरेख में जिसमे प्रखंड के जेई जितेंद्र कुमार 15 वें वित्त के साथ जनसेवक विकास कुमार, रोजगार सेवक श्रवण राम, चितविश्राम पंचायत में एक दिसंबर को हाईस्कूल चितविश्राम में ईई भवन प्रमंडल गढ़वा की देखरेख में जिसमे प्रखंड संवन्यक पंचायत राज कौशल कुमार के साथ पंचायत सेवक वीरेन्द्र सिंह, रोजगार सेवक आनंद विश्वकर्मा, गरबांध पंचायत में 4 दिसंबर को पंचायत भवन गरबांध में मजिस्ट्रेट बंशीधर नगर हेम्ब्रोम की देखरेख में जिसमें जेई 15 वें वित्त जितेंद्र कुमार के साथ पंचायत सेवक नंदकुमार मेहता, रोजगार सेवक श्रवण राम, हलिवन्ता पंचायत में 7 दिसंबर को पंचायत भवन हलिवंता में एसडीओ रतन कुमार सिंह की देखरेख में जिसमें बीपीओ जेएसएलपीएस धनंजय कुमार के साथ पंचायत सेवक नंदकुमार मेहता, रोजगार सेवक मनोज कुमार ठाकुर, हुलहुला खुर्द पंचायत में 11 दिसंबर को पंचायत भवन हुलहुला खुर्द में डीटीओ धीरज प्रकाश की देखरेख में जिसमें बीपीओ मनरेगा राजदीप कुमार के साथ जनसेवक प्रशांत कुमार, रोजगार सेवक अबिंका सिंह, कधवन पंचायत में 13 दिसंबर को हाईस्कूल कधवन में उत्पाद अधीक्षक गढ़वा की देखरेख में जिसमें एई मनरेगा उज्ज्वल कुमार के साथ जनसेवक विकास कुमार, रोजगार सेवक आलोक राज, कोलझिकी पंचायत में 16 दिसंबर को पंचायत भवन कोलझिकी में एसडीओ रतन कुमार सिंह की देखरेख में जिसमें प्रखंड संवन्यक लघु और कुटीर उद्योग सुमित कुमार के साथ पंचायत सेवक नंदकुमार मेहता, रोजगार सेवक रामचंद्र पांडेय, कुंबा खुर्द पंचायत में 18 दिसंबर को पंचायत भवन कुंबाखुर्द में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा गढ़वा की देखरेख में जिसमें जेई मनरेगा रणधीर कुमार के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक संजीत कुमार, कुशडंड पंचायत में 21 दिसंबर को पंचायत भवन कुशडंड में ईई विद्युत की देखरेख में जिसमें ग्राम सेविका उषा देवी के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक अबिंका सिंह, नरही पंचायत में 23 दिसंबर को पंचायत भवन नरही में मजिस्ट्रेट अजय तिर्की की देखरेख में जिसमें ग्राम सेविका लालती देवी के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह। रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुवेर्दी, एसडीओ रतन की देखरेख में जिसमें जनसेवक ज्ञानचंद केशरी के साथ पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक वीरेंद्र यादव को प्रतिनियुक्त किया गया है।

# 16वीं राज्य स्तरीय अंतर जिला यूथ बालक और बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज

प्रदेशभर के जिले की टीम प्रतियोगिता में हो रही है शामिल

## उपायुक्त शेखर जमुआर करेंगे उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला वॉलीबाल संघ के तत्वावधान में 16वां राज्य स्तरीय अंतर जिला यूथ बालक और बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता 23 से 26 नवंबर तक आयोजित किया गया है। इसको लेकर आज गढ़वा जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक तथा सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने संयुक्त रूप से एक प्रेस वार्ता कर बताया कि दोनों पहली बार गढ़वा में इस तरह का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा। स्थानीय गोविंद इंटर कॉलेज के मैदान में 23 तारीख को इसका विधवत उदघाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय संयुक्त रूप से 11.30 बजे करेंगे। उन्होंने कहा कि आयोजन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। मैच चार ग्रुप में आयोजित किए जाएंगे ग्रुप में लिस्ट के हिसाब से मैच आयोजित किए जाएंगे जिसमें टॉप 4 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगे। आयोजित प्रतियोगिता के लिए रांची गोड्डा खूंटी सिमडेगा हजारीबाग की बालक बालिका टीम पहुंच चुकी है । सभी टीमों को उन्हें भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई तैयारी को लेकर समिति के लोग रात दिन कर लगे हुए हैं। मैच के लिए दो प्लेग्राउंड बनाए गए हैं इसमें एक में बालक एक दूसरे में बालिका खेलेंगी आयोजन को लेकर एक उप समिति गठित की गई है। जिसमें यातायात कमेटी में अध्यक्ष डीटीओ गढ़वा, समन्वयक आशुतोष पांडेय, सदस्य अखिलेश प्रसाद, कुलदीप कुमार शुभम कुमार, सुमित मिश्रा ,राजा सिंह रवि कुमार को रखा गया। इनके अलावे भोजन व्यवस्था में अध्यक्ष जितेंद्र सिन्हा, कोऑर्डिनेटर रमाशंकर सिंह, सदस्य अरुण तिवारी, आशु दुबे संपत कुमार, संतोष कुमार को रखा गया है। इसी तरह भोजन व्यवस्था में अध्यक्ष नवीन पाठक, कोऑर्डिनेटर शैलेश तिवारी, सदस्य अरविंद दुबे रामप्रवेश तिवारी, विवेक तिवारी चंद्र केतु कुमार, धर्मेंद्र कुमार पाल ओमप्रकाश गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता को रखा गया है। इनके अलावा स्टेज व्यवस्था में कमलेश पांडेय, संजीव पांडेय, ओमप्रकाश चौबे, विशाल पांडे को रखा गया है। वॉलीबॉल कोर्ट के व्यवस्था में डीएसओ गढ़वा को अध्यक्ष, प्रभात रंजन तिवारी के कोऑर्डिनेटर श्रीप्रकाश यादव, विकास तिवारी, प्रशांत कुमार ओझा समर राजा, कुलदीप कुमार गौड़ शुभम कुमार, सनी कुमार, बबलू कुमार को सदस्य रखा गया है। इसी तरह ओपनिंग क्लोजिंग सेरेमनी के लिए शैलेंद्र कुमार पाठक को अध्यक्ष धीरज कुमार दुबे को कोऑर्डिनेटर पंकज मिश्रा, पंचम सोनी, आशु दुबे विशाल पांडेय, समर राजा को सदस्य बनाया गया है। मीडिया मैनेजमेंट में धीरज कुमार दुबे को अध्यक्ष राजकमल तिवारी को समन्वयक संजय कुमार, समर राजा, सुमित मिश्रा को सदस्य बनाया गया है। कल्चरल प्रोग्राम के लिए श्याम नारायण पांडे को समन्यवयक बनाया गया है। प्रेस वार्ता में उपरोक्त के अलावे संघ के प्रशासनिक सचिव संजीव कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष प्रणव, संजय कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## छठ महापर्व के उपलक्ष्य में भक्ति जागरण का आयोजन

# छठ महापर्व सनातन धर्म का पवित्र और महान त्योहार : रामपति देवी

आजाद सिपाह संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के रबदा गांव के जामुन घाट छठ घाट पर छठ महापर्व के उपलक्ष्य में छठ पूजा युवा संघ के तत्वाधान में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मुखिया रामपति देवी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो कंचनपुर पंचायत के युवा अध्यक्ष विजय कुमार भुईया, झामुमो कंचनपुर पंचायत के अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, कन्हाई यादव, लवली उरांव, मधुसूदन राम भुईया और अवधेश चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मुखिया रामपति देवी ने




कहा कि छठ महापर्व सनातन धर्म का सबसे पवित्र और महान त्योहार है। उन्होंने भगवान भास्कर और छठी मइया से सभी कंचनपुर पंचायत वासी भक्त जनों की मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो पंचायत युवा अध्यक्ष विजय कुमार भुईया, झामुमो कंचनपुर पंचायत अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, झामुमो पंचायत सचिव मधुसूदन राम भुईया, झामुमो नेता लवली उरांव, झामुमो के कन्हाई, अवधेश चंद्रवंशी, चंतू चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, पूजा कमेटी के अध्यक्ष शशि कुमार सचिव श्रवण, संजय चंद्रवंशी, पप्पू, आशीक अंसारी, जबार, मनोज भुईया सहित काफी संख्या में छठ ब्रती पंचायत की जनता उपस्थित थे।

# मुस्लिम एकता संगठन ने किया मरीजों के बीच फल-ब्रेड और पेयजल वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढवा सदर अस्पताल में मुस्लिम एकता संगठन के बैनर तले मरीजों के बीच फल-ब्रेड एवम पेयजल वितरण किया। इस मौके पर मुस्लिम एकता संगठन के अध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि संगठन बनाने का मुख्य उद्देश्य लोगो की सेवा करना है। संगठन उन सभी लोगो के साथ जुड़ कर आर्थिक रूप से कमजोर लोगो की मदद करने का काम करेगी। वही संस्थापक शादाब खान ने कहा की मुस्लिम एकता संगठन रक्तदान के छेत्र में भी सराहनीय कार्य कर रही है। साथ ही समाजिक हर छोटे बड़े समस्या




को आपसी सहयोग से खत्म करने का भी काम किया जा रहा है। संगठन के लोगो के अलावा भी रक्तदान के लिए लोगो को जागरूक किया जा रहा है । मौके पर संगठन के सचिव- सोएब खान उपाध्यक्ष आसिफ खान तौहीद आलम प्रवक्ता-इशराक खान आईटी सेल प्रमुख-शेरू खान मीडिया प्रभारी - प्रिंस खान संरक्षक मुखिया अजीज अंसारी, नौशाद आलम, बबली आलम, सद्दाम हुसैन, इफ्तिखार खान, फखरे आलम खान, सक्रिय सदस्य-डब्लू सिद्दीकी आदि अन्य उपस्थित थे।

# सीएम के लोहरदगा आगमन को लेकर बनायी रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिला समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन कार्यक्रम ऐतिहासिक हो इसे लेकर सभी कार्यकर्ता अभी से ही तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कार्यकताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने हेतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडू प्रखंड के चिरी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में आगमन होने वाला है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयारियों में लग जाएं और सीएम के कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता की उपस्थिति बेहतर हो इसके लिए रणनीति बनाकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार में दिलचस्पी दिखाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की जनता को सरकार के चार साल कार्यकाल पूरा होने के उपलब्ध में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने को लेकर राजनीति तैयार की है। जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बेहतर सोच को लोहरदगा के हर एक जनता तक पहुंचाने और विकास योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने को लेकर प्रोत्साहित करें। मुख्यमंत्री की मंशा है कि लोहरदगा जिला के अलावा पूरे राज्य की जनता को विकास योजनाओं का बढ़ चढ़कर लाभ सभी विभागों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 23 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in
08

## एससी-एसटी एक्ट में संशोधन प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं: विजय शंकर नायक



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने हेमंत सरकार के कैबिनेट के एसटी/ एससी एक्ट की जांच दारोगा एवं इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारी के द्वारा किये जाने के प्रस्ताव का विरोध किया। श्री नायक ने कहा कि एसटी एससी एक्ट का सुपरविजन करने का अधिकार पूर्व में डीएसपी एवं वर्तमान में भी डीएसपी को है। ऐसे में कैबिलेट द्वारा किस परिस्थिति में इंस्पेक्टर एवं दारोगा से सुपरविजन करने का प्रस्ताव कैबिनेट में रख गया, जो समझ से परे है।

# उत्तराखंड के टनल में फंसे मजदूरों के स्वजनों से मिले विधायक कोचे मुंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उत्तराखंड के उत्तर काशी में सुरंग (टनल) ढहने से फंसे 41 मजदूरो में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के भी दो मजदूर शामिल हैं। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को गुमडू गांव जाकर टनल में फंसे मजदूर विजय होरो(उम्र 22 वर्ष) के पिता अर्जुन मुंडा और उनके स्वजनोंसे मुलाकात की। बाद में विधायक डुमारी गांव पहुंचे और उत्तर काशी के टनल में फंसे मजूदर चमरा उरांव(उम्र 35 वर्ष) के पिता भक्तु उरांव से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया और मजदूर के परिवार वालों को आश्वस्त किया कि टनल में एक्सपर्ट की टीम रेस्क्यू के लिए लगातार काम कर रही है। सभी मजदूर सकुशल वापस आएंगे। विधायक ने मजदूरों के परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा गोविंदपुर मंडल के अध्यक्ष रामध्यान सिंह, विनोद सिंह, विशेश्वर सिंह सहित कई कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## मामलों का निष्पादन करायें: प्रधान जिला जज

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय परिसर में आगामी नौ दिसंबर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। प्रधान जिला जज ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोग अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वे भी अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की कि वे मामले के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुंचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करायें। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य दिवस में व्यवहार न्यायालय आकर ऐसे मामलों का निष्पादन कराया जा सकता है।

## रैली निकाली, प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मानव धर्म और मानव समाज के अधिकारों को लेकर जय गुरुदेव संस्था से जुड़े भूमि जोतक समूह के लोगों ने बुधवार को खूंटी में रैली निकाल कर समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया। कुछ देर तक आयोजित प्रदर्शन के बाद अपनी मांगों से संबंधित हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि जिस प्रकार हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई आदि को उनके अवतारी शक्तियों के अधिकारों का प्रयोग करने की मान्यता प्रदान की गई है, उसी प्रकार भूमि जोतक खेतिहर काश्तकारों को प्रकृति के अधिकारों को प्रयोग करने के लिए मानव धर्म और मानव समाज को स्वीकृति प्रदान की जाए। काश्तकारी अधिनियम के अनुसार प्रकृति के अधिकारों का प्रयोग करना ही मानव धर्म माना गया है। रैली प्रदर्शन में रूपवा मुंडा, लखन मुंडा, चमन मुंडा, मोसो मंडा, पुसा मुंडा सहित बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े लोग झंडा-बैनर के साथ शामिल हुए।

## पर्व-त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान : संजय

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पुराने बिजैन गांव में बुधवार को छठ देवथान जतरा मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार उपस्थित थे। आयोजन समिति के द्वारा ढोल मांदर और पारंपरिक नृत्य के साथ अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया, जिसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया गया। वहीं आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों को बुके देकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व गांव के पाहन के द्वारा खुटां जतरा की विधिवत्त पूजा अर्चना की गई। मेला मे कई प्रकार के झुला,दुकान और प्रतिष्ठान लगाया गया था,जिसमे लोगो ने जमकर खरीदारी की। वही बाहर से आयी टीम के द्वारा मांदर की धुन पर पारंपरिक नृत्य पेश किया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि झारखंड में मनाए जाने वाले सभी तरह के पर्व त्यौहार और मेला हमारी संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के अंत तक उक्त भूमि पर प्रबंधन के द्वारा वृक्ष लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों से सीसीएल प्रबंधन को सहयोग करने की अपील की,इसके अलावे विस्थापित रैयतो की समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया। इस मौके पर सच्चिदानंद सिंह, आयोजन समिति के रंथु गंझु, कुलदीप राम,पच्चु गंझु, कैलाश राम,फकीरा गंझु, सुरेंद राम,तुफान गंझु,चन्दर गंझु, सुलेन्द्र राम, सत्रुधण मुंडा,बुटन मुंडा, बाबुलाल राम, नीरज राम, वकील गंझु सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बचना में प्रभात फेरी का भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे 27 नवंबर को गुरुनानक देव जी की जयंती मनाई जाएगी। गुरुनानक जयंती को लेकर बचरा के सिख समुदाय के लोगों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी बचरा गुरुद्वारा से प्रारंभ हुआ जो पूरे बचरा के आवासीय कॉलोनियों का भ्रमण किया। बचरा गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यो ने बताया कि इस बार 27 नवंबर को बचरा में गुरुनानक जयंती धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान बचरा अशोक विहार कॉलोनी में कादिर खान और बसंत विहार कॉलोनी में अमन मेहरा के द्वारा प्रभात फैरी का स्वागत किया गया। इस मौके पर सरदार कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह,बक्शी सिंह,सेवा सिंह,प्रताप सिंह,कलवंत सिंह, दिलबाग सिंह,अमन मेहरा, कमलजीत सिंह, जगजीत सिंह, हरजिंदर सिंह, बल्लू सिंह, रंजीत सिंह के अलावे झारखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह, कादिर खान,मन्टु यादव मौजूद थे।

## धीरज बहादुर खलारी प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोनीत

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** बुकबुका पंचायत निवासी धीरज बहादुर को खलारी प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोनित किया गया है। उनके मनोनयन को लेकर बुधवार को कांके विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद खालिद सैफुल्लाह ने एक पत्र जारी किया है। साथ ही उन्होने आषा जताया कि धीरज बहादुर कांग्रेस पार्टी के लिए महत्वपुर्ण भुमिका निभाते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्रखण्ड के युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। इधर धीरज बहादुर के मनोनयन पर उन्नहे बधाई देने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व प्रत्याशी कांके विधानसभा सुरेश बैठा, जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, कांग्रेस प्रदेष लेबर सेल महासचिव राजन सिंह राजा, खलारी प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी, राजेश सिंह मिंटू, तनवीर आलम, इंदिरा देवी, विकेश सिंह विक्की, रंजन सिंह बिट्टू, रमण सिंह बंटी, गोपाल सिंह, रमेश चैहान, सुरेंद्र चैहान, बाबू खान, राजा केशरी, मनोज यादव, भोला यादव, सुरेंद्र यादव, तानो देवी, मुन्ना देवी मारुति, जाहिर अंसारी, प्रिंस सिंह, रवि सिंह, अरुण यादव, मिक्की पासवान, दीपू सिंह सहित अन्य लोग शामिल है।

## योजनाओं की दें जानकारी : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागार आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग के अध्यक्षता में सभी विभागों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में श्री नाग ने बताया की राज्य सरकार के चार वर्ष पूरा होने पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 24 नवंबर से लेकर 26 दिसंबर तक प्रखंड के सभी पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर शिविर का आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, प्रखंड समन्वयक 15वें वित्त आयोग असित कुमार, प्रखंड समन्वयक पीएमएवाई किशोर कुजूर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्यनाथ झा, बीपीएम जेएसएलपीएस जया कुमारी, कनीय अभियंता रमेश कुमार गुप्ता, प्रेमचंद मुर्मू, रवि रंजन, प्रवीण उरांव, पंचायत सचिव महावीर महतो, परीक्षित महतो, पूषा मुंडा, हरकुलश साहू, राजेंद्र नायक, रंजीत कुंडू, बिपिन वर्मा, स्वाति कुमारी, रिशु कुमारी, रोजगार सेवक विष्वरंजन कुमार, लालमोहन राम, कुणाल कुमार, मणिलाल उरांव, बाल विकास से सुषमा कुमारी उपस्थित थे।

### आरसीएमएस (इंटक) एनके एरिया ने पुरनाडीह परियोजना में प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में की गेट मीटिंग, कहा

# प्रबंधन की गलत नीतियों के कारण मजदूरों को नुकसान हो रहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** आरसीएमएस (इंटक) एनके एरिया ने पांच सुत्री मांगों को लेकर पुरनाडीह परियोजना में प्रथम पाली एंव द्वितीय पाली में गेट मीटिंग किया। इस दौरान यूनियन के एनके एरिया अध्यक्ष बीएन पांडे ने परियेजना कामगारों को संबोधित करते हुए कहा कि यूनियन अपनी पांच सुत्री मांगों को लेकर लगातार दूसरे दिन गेट मीटिंग कर रहा है। उन्होने कहा कि प्रबंधन की गलत नीतियों के कारण मजदूरों को नुकसान हो रहा है। संडे डयुटी पर प्रबंधन द्वारा थोपे गए निर्णय से मजदूर खुष नही है। मजदूरों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रबंधन जब तक पांच सुत्री मांगों को मान नही लेता तब तक मजदूरों के हक लिए यूनियन की लड़ाई जारी रहेगी। वहीं एरिया सचिव अब्दुल्लाह अंसारी ने मजदूरों से कहा कि हम सभी को एकजुटता का परिचय देते हुए प्रबंधन का विरोध करने का जरूरत है। उन्होने मजदूरों से कहा कि 25 नवंबर दिन षनिवार को सुबह 11 बजे गुरुद्वारा चैक डकरा में एकत्रित होकर अपनी चट्टानी एकता को दिखाए और अधिक से अधिक संख्या में महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष आयोजित धरना प्रदर्षन में षामिल हो। गेट मीटिंग को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान उपस्थित यूनियन के लोगों एवं मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गेट मीटिंग में मुख्य रूप से यशवंत पांडे, सोनू पांडे, मुमताज अहमद, कुलदीप कुमार, कोलेष्वर महतो सहित सैकड़ों की संख्या में मजदूर षामिल थे।

एनके एरिया महाप्रबधंक संजय कुमार के साथ बुधवार को आरसीएमएस (इंटक) एनके एरिया की पांच सुत्री मांगों को लेकर हुई वार्ता बिना किसी निर्णय के विफल हो गई। आरसीएमएस (इंटक) एनके एरिया अध्यक्ष बीएन पांडे ने बताया कि वार्ता में प्रबंधन के द्वारा यूनियन की मांगों को लेकर दो दिनों का समय मांग गया। जिस पर यूनियन की ओर से कहा गया कि प्रबंधन दो दिन की जगह दो महिने का समय लेना चाहती है ले परंतु जब तक वर्तमान में संडे ड्यूटी नियम को वापस नही लिया जाता और मजदूर हित में यूनियन की मांगों को प्रबंधन मान नही लेती तब तक यूनियन का आंदोलन जारी रहेगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक समीक्षा बैठक

तमाड़ (आजाद सिपाही)। रांची जिला कांग्रेस कमेटी की तमाड़ विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक समीक्षा बैठक ज़िला अध्यक्ष की अध्यक्षता में तमाड़ में हुई। बैठक में आगामी लोकसभा के निमित्त तमाड़ विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक समीक्षा की गई। बैठक में तमाड़ और बुंडु के प्रखंड अध्यक्षों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक महीने मंडल अध्यक्षों के साथ पंचायत और बुथ प्रमुखों की बैठक जरुर करें।जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़े और अल्पसंख्यकों से समन्वय बनायें

### रामप्रसाद सिंह मुंडा का आकस्मिक निधन

अड़की (आजाद सिपाही)। अड़की प्रखंड के कोटा गांव के सक्रिय भाजपा के कार्यकर्त्ता मोहन सिंह मुंडा के पिता - रामप्रसाद सिंह मुंडा का आकस्मिक निधन हो गया, जिनको अंतिम विदाई मिट्टी देने सांसद प्रतिनिधि अनूप साहू, कालीचरण मुंडा, हेमंत सिंह मुंडा, दुर्गा प्रसाद स्वांसी एवं अन्य भाजपा के कार्यकर्त्ता शामिल हुए ।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी तेज

बुंडू(आजाद सिपाही)। बुडू प्रखंड के कांची पंचायत में 24 नवंबर को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार द्वारा ग्रामीण जन समस्या के निदान को लेकर चलाई जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुंडू अनुमंडल अंतर्गत बुंडू प्रखंड के कांची पंचायत सचिवालय राहे प्रखंड के अंबा झरिया पंचायत सोनाहातु प्रखंड के बारुहातू और तमाड़ प्रखंड के आमलेशा के सचिवालय में आगामी 24 नवंबर को आयोजित की गई है. बुंडू एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो ने बताया इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी के द्वारा स्टाल लगाए जाएंगे और वहीं पर ग्रामीणों की समस्या को सुनकर शीघ्र समस्या का समाधान करेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को अपनी अपनी समस्या को लेकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है.

### समस्याओं का किया जायेगा समाधान

तमाड़ (आजाद सिपाही)। सरकार आपके द्वार आपकी सरकार कार्यक्रम के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही है 35 योजनाएं तमाड प्रखंड में तिथि अनुसार प्रत्येक पंचायत में होना है । पंचायत अध्यक्ष अपने सक्रिय साथी के साथ कार्यक्रम में उपस्थित हुए तथा विभागीय पदाधिकारी से जो लॉन्च मुद्दों के निराकरण करें कार्यक्रम की जानकारी स्वतंत्र रूप से सभी आमजनों को दिन कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंबुआ आवास वृद्धा पेंशन सम्मिलित रहेगा कार्यक्रम में प्रत्येक पंचायत में पर्यवेक्षक के रूप में प्रखंड अध्यक्ष हलधर महतो के नेतृत्व में राजेन्द्र सिंह मुंडा सुखवा महतो लखमणि देवी रतनलाल लोहरा के साथ उपस्थित रहेंगे झा मु मो सरकार की उपलब्धि एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हाथ मजबूत हो यह जानकारी प्रखंड अध्यक्ष झामुमो हलधर महतो ने दिया।

### पिपरवार के कुटकी में 24 नवंबर को बलिदानी सिंगी दई प्रतिमा अनावरण का होगा आयोजन

पिपरवार(आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कुटकी पुरनाडीह में 24 नवंबर को वीर बलिदानी रोहतास गढ राजकुमारी सिंगी दई की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम सह जतरा मेला समारोह का आयोजन किया गया है। इस प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता और विशिष्ट अतिथि मे चतरा जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी,जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव,टंडवा मध्य जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव,टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी,टंडवा बीडीओ देवलाल उरांव,बेती पंचायत मुखिया सरिता देवी,खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा सहित कई गणमान्य लोग शामिल होगे।कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जारी है।

### बड़कीटांड़ में 10 जनवरी को मनेगी नीलांबर-पीतांबर की जयंती

खलारी।(आजाद सिपाही)। खरवार भोगता समाज विकास संघ खलारी प्रखंड की बैठक बुधवार को बड़कीटांड में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, केंद्रीय सरंक्षक यौधेष्वर सिंह भोगता, केंद्रीय सलाहकार झलकु गंझू तथा रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता उपस्थित थे। जिसकी अध्यक्षता बिगन सिंह भोगता तथा संचालन रामलखन गंझू ने किया। बैठक में दस जनवरी को खलारी बड़कीटाँड़ में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की जयंती समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इसकी तैयारी को लेकर सभी को प्रचार प्रसार एवं गांव में बैठक करने का निर्देश दिया गया। वहीं 15 दिसम्बर को चंदवा में समाज के अगुवा स्वर्गीय रामदेव गंझू की पुण्यतिथि कार्यक्रम को भी सफल बनाने के लिए निर्णय लिया गया। साथ ही भारी संख्या में इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर विष्वनाथ गंझू, बुल्ला गंझू, प्रभाकर गंझू, शिवनाथ भोगता, जगदीश गंझू, रमेश गंझू, भोला गंझू, सिद्धार्थ भोगता, अमर भोगता, बिगना गंझू, प्रकाश गंझू आदि मौजूद थे।

### सांसद ने सड़क का शिलान्यास किया



सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली प्रखंड के मेदनी पिसका एवं सिंगपुर चौख में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लगभग 11 करोड़ 14 लाख की लागत से बनने वाली दो सड़क का शिलान्यास बुधवार को सांसद संजय सेठ और विधायक सुदेश कुमार महतो ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें से सिल्ली से मेदनी पिसका होते हुए लवादाग तक 11.620 किमी तथा सिंगपुर चौक से कांटाडीह तक 1.557 किमी । मेदनी पिसका में शिलान्यास के पश्चात पंचायत सचिवालय में मुखिया सोमरा मांझी की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा कि गांव का विकास निरंतर हो रहा है। सरकार की सोच है कि गांव में रहने वाले लोगों को सभी प्रकार की सुविधा मिले और इसके लिए हमलोग मिलकर काम कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि गांव के मुलभुत समास्याओं को दुर करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। बिजली, पानी, शिक्षा, सड़क आदि क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास को गति के लिए हम सजग हैं। आगे भी इसी तरह विकास की सभी काम तेजी से चलेगी । उन्होंने लोगों को जागरूक रहते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं गांव में एकजूटता बनाए रखने का आग्रह किया। सभा को जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी वप्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रामाकांत बेदिया ने किया। इस मौके पर उप प्रमुख आरती देवी, बीडीओ रेणु बाला जयपाल सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी गोतम कृष्ण साहू, शुशील महतो, डॉ रमनेश प्रसाद, अरविंद कुशवाहा, रामस्वरूप मंडल, मुखिया सोमरा मांझी, हरिपद मांझी, दुधनाथ बेदिया, दिनेश मांझी, चंद्रीका देवी, पस अनिल मांझी, जलेश्वर मांझी, नान्हु महतो, दिलीप महतो, धीरेन महतो, रवि सिंह, शिशुपाल महतो, गणेश महतो, विकास महतो समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# दुर्व्यहार किये जाने के विरोध में किया कांके थाना का घेराव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांके।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सक्रिय सदस्य देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में दर्जन भर कार्यकर्ताओं ने बुधवार को थाना का घेराव किया। थाना को दिये आवेदन में बताया कि वह गारु गांव में आयोजित सोहराई जतरा में शामिल होने कांके पहुंचा था। एक भुक्तभोगी के एक मामले को लेकर मंगलवार रात 10 बजे दर्जन भर कार्यकताओं के साथ थाना पहुंचा था। आरोप लगाया कि डयूटी में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा उनके साथ अभ्रद व्यवहार, गाली गलौज, उंची आवाज में बात करने, धक्का मुक्की करने व थप्पड़ लात जूता मारने का आरोप लगाया है। साथ ही घटना की सीसीटीवी फुटेज निकाल कर दोषी पुलिस अधिकारियों पर कारवाई करने की मांग की है। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी के छुट्टी पर जाने पर प्रभार में रहे पुलिस अधिकारी बिरेन्द्र कुमार मेहता ने बताया कि उनलोगों के साथ किसी तरह की मारपीट व गाली गलौज नहीं की गयी है। उन लोगों से अपनी बात रखने को कहा गया था जिसपर वे भड़क गए। आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। मामले के बारे में बताया कि आइआइसीएम के समीप मंगलवार रात लगभग 9 बजे गारु गांव के एक व्यक्ति गैरमजरुआ जमीन पर बोरिंग करा था। उसके बाद वहीं के रहने वाले दो बदमाशों ने गैरमजरुआ जमीन पर बोरिंग करने से मना किया। साथ ही बोरिंग वाहन के शीशे भी तोड़ डाला। उसके बाद दोनों बदमाश व बोरिंग करा रहे व्यक्ति को थाना लाकर पूछताछ की जा रही थी। तभी बोरिंग कराने वाले व्यक्ति के पक्ष में देवेंद्र महतो अपने 15-20 समर्थकों के साथ थाना आकर हल्ला करने लगा।

# रातू में नौकरी दिलाने के नाम पर महिलाओं से 62 लाख की ठगी

## दर्जनों महिलाएं पहुंची रातू थाना, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

झखराटांड़ में द चिल्ड्रेन केअर के नाम खुला था कार्यालय

कार्यालय बंद कर फरार हुआ ठग हफिजूर रहमान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के झखराटांड़ में द केयर चिल्ड्रेन नाम के संस्था का कार्यालय खोल एक ठग ने सैकड़ो महिलाओं को नौकरी दिलाने, एजुकेशन स्कॉलरशिप सेनेटरी नेपकिंग, पोषाहार, सब्सिडी लोन व रोजगार दिलाने के नाम पर लाखो रुपये की उगाही कर फरार हो गया। महिलाओं को ठगी का एहसास तब हुआ जब संस्था का संस्थापक हफिजुल रहमान अक्टूबर माह में ही कार्यालय में ताला जड़ फरार हो गया। ठगी की महलाओं के ने बताया कि रुपया कैश के अलावा यूपीआई के माध्यम से दिया गया है। 30 महिला व पुरूष से लगभग 62 लाख रुपया की ठगी की गयी है। ठगे गये सभी लोग एजेंट है जो विभिन्न प्रखंडो के लगभग 700 महिलाएं व पुरुषों से लोन, एजुकेशन, सब्सिडी दिलाने व अन्य प्रलोभन दे कर रुपये की वसूली करते थे और द केयर चिल्ड्रन संस्था के संस्थापक हफीजुल रहमान को देते थे। ठग हफीजुल रहमान बरियातू थाना क्षेत्र के फातमा अपार्टमेंट के जामा मस्जिद के पास रहने वाले रेयासत अंसारी का पुत्र है। वह झखराटांड़ के एक मकान में बतौर किराये में कार्यालय खोल कई सालों से लोगो को अपने जाल में फंसता था। इसके लिए उसने कमिटी बनाकर दर्जनों एजेंट बनाये है। वसूले के बदले एजेंटो को संस्थापक द्वारा प्रतिमाह 6 हजार रुपया दिया जाता था। रातु प्रखंड के लिये हुरहुरी बाड़ी टोला निवासी दुर्गा उरांव को अध्यक्ष बनाया गया है। सिर्फ एक एजेंट दुर्गा उरांव के द्वारा ठग हफीजुल को 10 लाख रुपया दिया गया है। इसके अलावा दर्जनों महिलाओं से लगभग 62 लाख रूपया की ठगी की गई है। मामले को लेकर भुक्तभोगियों ने रातु थाने में ठग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का आवेदन दिया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### ठगी के शिकार लोग

अध्यक्ष दुर्गा उरांव 10 लाख, तराना नाजमी 10 लाख, अफसरी बेगम 4.32 लाख, हलीमा परवीन 2.80 लाख, गजाला परवीन 3 लाख, गुलअफसा खातून 2.50 लाख, शिल्पा तिर्की 3.32 लाख, हीरावती देवी 1 लाख, किरण देवी 1.50 लाख, तबस्सुम परवीन 1.68 लाख, नुजहत परवीन 1.50, लाख यासमीन परवीन 1.8 लाख साजिया अनवर 1.50 लाख, गुलशन खातून 1,50 लाख, मजहबी परवीन 1.50 लाख, सफीना खातून 30 हजार, नुसरत प्रवीण 24 हजार, रेशमा परवीन 1.50 लाख, ललिता देवी 1लाख, सुनीता कुजूर 1 लाख, रूमाना परवीन 1.50 लाख, सीता देवी 24 हजार, नेहा टोप्पो 1.50 लाख, नीता तिर्की 30 हजार, खुशबू गुप्ता 1.50 लाख, चिंतामणि कुजूर 1.50 लाख, असिफुन खातून 66 हजार, हाजरा खातून 24 हजार, रूपा देवी 30 हजार, वीणा देवी 42 हजार ।

## टर्बो की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम खरसीदाग ओपी क्षेत्र के पिंडारकोम मजरेलो स्कूल के समीप टर्बो की चपेट में आकर बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गयी। मृतक की पहचान कोचाटोली निवासी राजन बड़ाईक (52) के रुप में की गयी है। बताया जा रहा है राजन खूंटी में पेयजल विभाग में कार्यरत थे। राजन अपने घर से बाइक (जेएच 01 एके 3773) पर सवार होकर खूंटी जा रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर रोड पर गिर गया। वहीं, पीछे से आ रही टर्बो (जेएच 01 सीयू 6645) ने उसे कुचल दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। इधर, खरसीदाग पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रांची रिम्स भेज दिया और दोनों ही वाहनों को जप्त कर थाने ले आयी। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। देर शाम पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया।

## खीरा बेड़ा के मजदूर और मृतक के परिजनों को पहुंचाई गयी सहायता



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी टनल में पिछले कई दिनों से 41 मजदूर फंसे हुए हैं जिसमें तीन मजदूर खीरा बेड़ा गांव के निवासी है राजेंद्र बेदिया, सुखराम बेदिया, अनिल बेदिया तीनों म परिवार को विधायक राजेश कच्छ्प के सौजन्य से 50-50 किलो चावल मुहैया कराया गया ।साथ ही मंगलवार को चुटूपालू घाटी में सड़क दुर्घटना में शंकर बेदिया और, दिनेश बेदिया की मौत हो गयी थी। दोनों मृतक परिवार को भी 50-50 किलो चावल सहयोग के रूप में दिया गया। सहायता पहुंचाने में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सह विधायक सलाहकार रमेश उरांव, विधायक प्रतिनिधि प्रो प्रेमनाथ मुंडा, त्रिवेणी बेदिया, चंदा बेदिया, रवि बेदिया, मनोज बेदिया आदि मौजूद थे ।

## बेड़ो के ग्रामीण क्षेत्र में बिजली पर निर्भर स्मार्ट क्लास का संचालन

# बिजली कट और खराब इन्वर्टर, कैसे स्मार्ट बनें छात्र

बिजली आने पर चलायी जाती है स्मार्ट क्लास, बैठने के लिए बच्चों को नहीं मिली कुर्सी, जमीन में बैठने को मजबूर हैं छात्र





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के खुखरा व सेरो उत्क्रमित उच्च विद्यालय में स्मार्ट क्लास अंधेरे में गोते खा रही है। गांव के स्कूलों में बिजली गुल होने पर तकनीकी शिक्षा दम तोड़ रही है। स्कूलों के कक्षों में एलईडी हैं, लेकिन बिजली के अभाव व इंवर्टर खराब होने के कारण शोपीस बनी हुई हैं। वहीं खुखरा स्कूल में 330 बच्चे नामांकित है जिसमें उपस्थिति 230 वही सेरो में 524 बच्चे नामांकित है जिसमें 400 छात्र छात्राओं की उपस्थिति रहती है। खुखरा स्कूल के प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश व सेरो स्कूल की प्रधानाध्यापिका आत्मिका टोप्पो ने बताया कि इंवर्टर खराब हो गए है। बिजली रहने पर स्कूल में स्मार्ट कक्षा चलाई जाती हैं। इस बारे में अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। वहीं दोनों स्कूलों में बच्चों को बैठने के लिए कुर्सी उपलब्ध नहीं कराया गया है। बच्चे जमीन पर बैठते है। इधर उच्च विद्यालय दिघिया में आईसीटी के शिक्षक नहीं है। जिसके कारण शिक्षक व बच्चों परेशानी हो रही है।

# सदर पद के लिए मो खालिद ने नामांकन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मांडर।** मांडर प्रखंड अंजुमन चुनाव समिति द्वारा बुधवार को चुनाव कार्यालय में सदर पद के लिए लोयो के मो खालिद ने नामांकन दाखिल किया। सेक्रेट्री पद के लिए डुमरी निवासी अफरोज हुसैन और सुरसा निवासी आबिद अंसारी ने नामांकन दाखिल किया। नायब सेक्रेटरी पद के लिए बरगड़ी निवासी हाजी अल्ताफ अंसारी और बीसहा खटंगा निवासी अमानत अली ने नामांकन दाखिल किया। नायब सदर पद के लिए मो माशूक अली ने नामांकन दाखिल किया। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए सुरसा के मो एनामुल्लाह और टांगरबस्ली के इमरान अंसारी ने नामांकन दाखिल किया। मौके पर मो खालिद ने कहा कि वह हमेशा आम लोगों के हित के लिए कार्य करते आ रहे हैं। सदर पद का चुनाव जीतने पर वह सभी के सहयोग से मांडर प्रखंड अंजुमन कमिटी को एक अलग मुकाम दिलाने का प्रयास करेंगे। वहीं आबिद अंसारी ने कहा कि कमेटी बन जाने के बाद सामाजिक मामलों को कमेटी के स्तर पर सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही समाज में हो रही बुराइयों को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन से मिलकर कई कदम उठाने की कोशिश की जायेगी। नामांकन की आखिरी तारीख 23 नवम्बर है। नाम वापसी की आखिरी तारीख 26 नवंबर है। मौके पर पूर्व मुखिया हाजी अयूब खान, रबुल अंसारी, चुनाव प्रभारी इरशाद इमाम, सईद अख्तर, आरिफ, इरशाद, शाहिद मिंया, फिरोज अंसारी, नसीम, जहीर खान, समीम अंसारी, अमानत अंसारी, आबिद अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## आयुक्त ने आरोग्यशाला परिसर से भवनों को हटाने के कार्य का किया निरीक्षण



**इटकी (आजाद सिपाही)।** आयुक्त मनोज जयसवाल ने बुधवार को इटकी यक्ष्मा आरोग्य शाला परिसर से हटाये जा रहे भवनों का निरीक्षण किया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को हस्तांतरित की गयी जमीन जिसमें आरोग्यशाला के 38 भवन है। जिसे हटाया जाना है प्रशासन ने एक सप्ताह के अन्दर भवन को खाली करने का नोटिस जारी किया था। इस दौरान आयुक्त ने घंटो आरोग्य शाला में रह कर अधिकारियो को दिशा निर्देश दिया । जानकारी के अनुसार अबतक एक दर्जण से अधिक भवन हटाये जा चुके है बाकी बचे भवनो को तोर कर हटाने का कार्य जारी है। उक्त भूमि पर 3000 हजार करोड़ की लागत से विश्व विद्यालय, अस्पाताल सहित कई संस्थान स्थापित करने की योजना है। इसके बाद आयुक्त कुन्दी मध्य विद्यालय और सेमरा गांव पहुंच कर मतदाता सूची सुधार कार्य का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा पर मतदाता सूची में नये मतदाताओं को जोड़ने और सुघार कार्य को पूरा कर लेने का निर्देश दिया है।

## विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मे नारो पतरा से झींझरी तक पथ का विषेश मरम्मति कार्य का शिलान्यास बुधवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजनांतर्गत स्वीकृति पथ 1.92 करोड़ रुपये के लागत से लगभग-3.10 किलोमीटर कार्य का मरम्मति किया जाना है। इस रोड की हालात इतनी खराब हो गयी थी कि ग्रामीण को आवागमन मे काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता था। इस दौरान ग्रामीण काफी खुश थे। इस दौरान विधायक ने कहा कि इसके निर्माण कार्य से कुछ बेरोजगार लोगो को रोजगार कुछ समय के लिए मिल जायेगा। साथ ही रोड मरम्मति पूर्ण होने पश्चात ग्रामीणों को चलने मे कठिनाइयों का सामना नही करना पड़ेगा। सरकारी योजनाओं के बारे मे बतलाया और उसका लाभ लेने को कहा। अबूआ आवास के बारे मे बतलाया कि जिन लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नही मिला है वे लोग हेमंत सरकार द्वारा निकली गयी अबूआ आवास का लाभ ले सकते है।

## कर्मियों की कार्यशैली से नाराज पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रमुख, उप प्रमुख के साथ की बैठक

# जनप्रतिनिधियों को सम्मान दें सीओ, बीडीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांके।** कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा और उप प्रमुख अंजय बैठा ने बुधवार को कांके प्रखंड के सभागार में प्रखंड के सभी पंचायत सामिति सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख के समक्ष विकास योजनाओं से संबंधित समस्याओं को रखा। मौके पर मौजूद कुछ जनप्रतिनिधियों ने प्रखण्ड और अंचल के कर्मियों और अधिकारियों के कार्यशैली से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि, कार्यालय में जनप्रतिनिधियों का कोई सम्मान नही है। जनप्रतिनिधि जनता की समस्या को लेकर प्रखंड और अंचल के कार्यालय आते है लेकिन यहां के कर्मी जनप्रतिनिधियों को भी टरकाते रहते है। यंहा तक कि उन्हें बैठने तक का नही पूछा जाता है। प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा और उप प्रमुख अंजय बैठा ने भी इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई भी जनप्रतिनिधि गांव की सरकार होती है। जनता का समस्या का निष्पादन करना उनकी जिम्मेदारी होती है। ऐसे में अगर जनप्रतिनिधियों की बात अधिकारी नही सुनेंगे तो सरकार की योजनाओं का लाभ कैसे धरातल पर उतरेगी। अधिकारी और कर्मी अपनी कार्यशैली को सुधार करे, जनप्रतिनिधियों को सम्मान दे अन्यथा प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में धरना दे कर अधिकारियों और कर्मियों का विरोध करेंगे। इस दौरान अंचलाधिकारी सह प्रभारी बीडीओ जयकुमार राम ने प्रखण्ड प्रमुख और उप प्रमुख को आश्वस्त किया है कि हर हाल में जनप्रतिनिधियों का सम्मान का ख्याल रखा जायेगा। अगर कोई कर्मी बात नही सुनते है तो सीधा मुझसे संपर्क करे। सभी के सहयोग से विकास कार्य को आगे बढ़ाया जायेगा।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का होगा आयोजन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा नगड़ी के प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की ने नगड़ी प्रखंड क्षेत्र के आमजनता को राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य मे प्रायोजित कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन होना है। निर्धारित अवधि 24 नवंबर से 22 दिसंबर तक अलग अलग पंचायत मे शिविर (कैंप) लगाकर आमजनों से उनकी शिकायत का आवेदन लिया जायेगा। साथ ही इसका तुरंत निदान भी होगा। इन्होंने आग्रह किया है कि शिविर में अधिक से अधिक लोग पहुंचे और योजना का लाभ उठावें चेटे पंचायत 24 नवंबर,बलालौग पंचायत 28 नवंबर, कुदलौग पंचायत 30 नवंबर, चिपरा पंचायत 2 दिसंबर, उत्तरी टुंडुल पंचायत 4 दिसंबर, दक्षिण टुंडुल पंचायत 6 दिसंबर, देवरी पंचायत 8 दिसंबर, एडचोरो पंचायत 11 दिसंबर, लाल गुटवा पंचायत 13 दिसंबर, नगडी पंचायत 15 दिसंबर, नारो पंचायत 18 दिसंबर, साहेर पंचायत 20 दिसंबर, सपारोम पंचायत 22 दिसंबर का समय निर्धारित है। इस अवसर पर जेएमएम के वरीय नेता नंद किशोर मेहता, कलाम आजाद, लालजय कुमार नाथ शाहदेव, विनोद तिर्की, बांदे उरांव, धुचु तिर्की तस्लीम अंसारी, सुरेश महतो, बरून कुमार महतो, राखी देवी, सोमारी, पुजा, उम्रीला देवी, नीलम,सुकरमनी देवी, आदि शामिल थे।

## समसुल होदा की हत्या में शामिल दो अपराधियों को पुलिस ने भेजा जेल

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी नायसराय निवासी समसुल होदा की हत्या में शामिल दो और अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। इनमें शशि गोप साकिन बरहे थाना चान्हो जो वर्तमान में नगड़ी थाना क्षेत्र के नारों बस्ती में रहते थे। और दूसरा बॉबी अंसारी साकिन टिकरा टोली थाना नगड़ी जिला रांची को नगड़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने इसके पास से एक देसी कट्टा, एक मिसफायर गोली और एक आल्टो कार (जेएच01सिटी 4259) बरामद किया। विदित हो कि 14 नवंबर को इस कांड में शामिल दो अभियुक्त प्रवीण तिर्की और सन्नी भगत को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इनकी गिरफ्तारी में प्रभारी रोहित कुमार,पु0आ0नि0 प्रदीप कुमार केशरी, अविनाश कुमार, सुहागिनी सोरेन, उदित प्रकाश, कुलदेव प्रसाद सहित सिपाही शामिल थे।

# अमर चौधरी उतराखंड टनल में फंसे मजदूरों के परिजनों से मिले

**आजाद सिपाही संवाददता**



**अनगड़ा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अमर कुमार चैधरी बुधवार को उतराखंड में निमार्णाधीन टनल में फंसे खिराबेड़ा चुटुपालू के मजदूर राजेन्द्र बेदिया, अनिल बेदिया एवं सुखराम बेदिया के परिजनों से मिले। मौके पर डॉ अमर चैधरी नें परिजनों को भरोसा दिया कि सभी मजदूरों को अतिशीघ्र टनल से सुरक्षित निकाल लिया जायेगा। कहा कि केन्द्र सरकार मजदूरों के सकुशल घर वापसी को लेकर लगातार कोशिश में जुटी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उतराखंड की सरकार सीधे रेस्कुय टीम के साथ संपर्क में है तथा मजदूरों को टनल से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्य की सराहना की तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद पहुंचाने की मांग राज्य सरकार से की है। विगत दिनों सड़क दुर्घटना में मृत इसी गांव के दिनेश बेदिया एवं शंकर बेदिया के परिजनों से भी डॉ अमर कुमार चैधरी मिले तथा उन्हें सांत्वना दी। मौके पर सुनील महतो, प्रकाश महतो, सुनील महतो आदि मौजूद थे।

## संस्कृति और परंपरा को बरकरार रखना चाहिए



**इटकी (आजाद सिपाही)।** समाज को अपनी सभ्यता, संस्कृति एवं परंपरा को बरकरार रखना चाहिए। इसके लिए इस तरह का आयोजन आवश्यक है। इसी के तहत हमारे पूर्वजों ने इस प्रकार के जतराओ का आयोजन किया होगा। उक्त बातें बारीडीह मौज के इटकी मोर के पास स्थित शक्ति स्थल पर रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक डॉ दिवाकर मिज ने बतोर मुख्य अतिथि ने कहा। इस जतरा में 12 परहा इटकी, पांच परहा रानी खटंगा, 21 परहा कुल्ली तथा सात परहा चचगुरा के खोरहाओ ने भाग लिया । सभी खोरहा अपने पहचान चिन्ह घोड़ा, हाथी, व सांड के साथ भाग लिया। जिसमें सभी राजा पहचान को सजाकर पूजा किया तत्पश्चात उस पर सवार होकर पूरे जतरा स्थल स्थित शक्ति खूटा का परिक्रमा किया। जिस में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक डॉ दिवाकर मिंज एवं जन्मेजय गोप ने अलग-अलग पढ़हा निशान पर सवार होकर परिक्रमा करते हुए जतरा का संचालन किया। जतारा स्थल के चारों ओर सैकड़ो होटल, खिलौने व मिठाई के दुकान के स्टाल लगाए गए थे। किसान भी अपने-अपने फसलों को केताड़ी का स्टाल लगाया था । कुछ दुकानदारो को जगह नहीं मिलने के कारण वे अपनी दुकान को सड़क के किनारे सजा दिया। सभी आए खोरहाओ के सदस्य अपने पारंपरिक नृत्य बारी बारी से शाम तक करते रहे। कार्यक्रम में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भाजपा नेता सनी टोप्पो, ढेलोमयी हांसदा, जीपास रीना देवी, मुखिया फ्रॉमसिस्का केरकेट्टा बीगा मिंज आनंद कुजूर विमल केरकेट्टा, संजय गोप, सुखदेव उरांव एतो भगत सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जनकल्याण समर्पण संस्थान का खेल महोत्सव संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिकिदिरी।** जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी ने सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में आयोजित, खेल महोत्सव बुधवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम में फुटबॉल बालक/बालिका, कबड्डी बालक/बालिका, खो-खो बालक/बालिका, क्रिकेट के विजेता टीम और ऐथलीट और तैराकी की चैंपियन खिलाड़ियों को ट्रॉफी, नगद पुरस्कार, पदक एवं सार्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। सुधीर तिवारी ने अपने संबोधित में कहा कि संस्थान के द्वारा सिकिदिरी जैसे सुदूर क्षेत्र में 184 खेलों के खेल महोत्सव आयोजित की जो हमें शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इससे क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए संस्थान के द्वारा जो समर्पण भाव से कार्य किया जा रहा है यह अति प्रसंसनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजीत व संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया। ये खिलाड़ी हुए पुरस्कृतः फुटबॉल बालक अंडर 14, ब्लैक निंजा विजेता, जेकेएसएस फुटबॉल क्लब उपविजेता, फुटबॉल सीनियर जेएफसी आगरटोली, उपविजेता जेकेएसएस फुटबॉल क्लब, बालिका फुटबॉल जेकेएसएस फुटबॉल क्लब, उपविजेता अगरटोली की टीम, कबड्डी बालिका केजीवीके अनगड़ा, उपविजेता मालघोंसा आदरपखना की टीम, कबड्डी बालक देशी बॉयज विजेता, उपविजेता जेकेएसएस की टीम, खो-खो बालक माथागोड़ा रामगढ़, उपविजेता जेकेएसएस की टीम, खो-खो बालिका कुल्ही रामगढ़, उपविजेता जेकेएसएस की टीम जबकि क्रिकेट की विजेता पठान क्लब बक्सीडीह, उपविजेता एसआरएचपी सिकिदिरी की टीम बनी चैंपियन ऐथलीटः सब जूनियर बालिका प्रिया, बालक रीतेश साहू, जूनियर बालिका श्रेया कुमारी, बालक जगदीश, सीनियर बालिका रीता कुमारी, बालक सौरव कुमार बने चैंपियन ऐथलीट चैंपियन तैराकीः बालिका जूनियर श्रेया, बालक साहिल पाहन, सीनियर बालिका सुष्मिता, बालक सौरव कुमार बने चैंपियन तैराक।

## पलामू में मुख्यमंत्री के परिभ्रमण को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा

# सभी बीडीओ और सीओ वर्चुअल मोड से जुड़े रहें

**कहा- कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाये**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पलामू परिभ्रमण को लेकर डीसी शशि रंजन ने समाहरणालय में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को कई निर्देश दिये। उन्होंने संभावित कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन स्टेडियम से हवाई अड्डा तक विधि व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। डीसी ने कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपते हुए इमानदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाये, चाक-चौबंद व्यवस्था के तहत आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता का निदेश सभी पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दिन कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जायेगा इस हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी डीडीसी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सूची सौंपना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सभागार में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता समेत अन्य जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे वहीं सभी बीडीओ-सीओ वर्चुअल मोड से जुड़े रहें।

### बायोमीट्रिक अटेंडेंस बनाना सुनिश्चित करें

बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, अभियंता को अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय में बायोमीट्रिक अटेंडेंस बनाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बायोमीट्रिक अटेंडेंस नहीं बनाने वाले पदाधिकारी व कर्मचारी एब्सेंट समझ जाएंगे इसके बाद इन सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जायेगी।

## हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान के तहत सरसोत में लगा कैंप

**फसलों में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी लिक्विड प्रयोग करने की दी गयी सलाह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत सचिवालय में बुधवार को हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान के तहत मुखिया विनय कुमार सिंह के अध्यक्षता में कैंप का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों के द्वारा हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान का शपथ ग्रहण किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा,बाल विकास परियोजना, एचपी, इंडियन गैस एजेंसी एवं एसबीआई के द्वारा स्टॉल लगाये गये एवं जानकारी दी गयी। वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन, उज्जवाला योजना तथा पीएम आवास योजना समेत कई योजनाओं के लाभुकों को आमंत्रित कर उनके साथ अनुभव साझा किया गया एवं केंद्र सरकार मोदी जी के प्रति लोगों ने आभार व्यक्त किया। वहीं संकल्प यात्रा अभियान के तहत सहकारिता विभाग के कमलकिशोर तिवारी एवं ड्रोन पायलट तमन कुमार ने इफको नैनो यूरिया और नैनो डीएपी लिक्विड का किसी भी फसलों में प्रयोग करने की सलाह किसानों को दी और ड्रोन से आलू और सरसों के लगी फसल में नैनो यूरिया और डीएपी का लिक्विड छिड़काव कर दिखाया गया। कमलकिशोर तिवारी ने बताया कि नैनो यूरिया और नैनो डीएपी लिक्विड फसलों में प्रयोग से मिट्टी, जल एवं वायु प्रदूषण में कमी लाने के साथ ही फसल उपज एवं गुणवत्ता में वृद्धि होती है। पारंपरिक दानेदार यूरिया एवं डी.ए.पी. खाध से सस्ता है और भंडारण की समस्या नहीं है। कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी विनोद रवि, घनश्याम कुमार गुप्ता, पंस इंद्रदेव यादव, जेइ विद्यासागर कुमार, रोजगार सेवक अशोक कुमार, जेएसएल -पीएस पीआरपी जितेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य छोटु कुमार, सुरेंद्र कुमार सिंह के अलावे आजिविका सखी मंडल के महिलाएं एवं कई किसान उपस्थित थे।



कैंप के दौरान मुखिया के साथ अनुभव का साझा करते और ड्रोन से फसल पर छिड़काव।

## कल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी गयी जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का जागरूकता रथ बुधवार को पलामू जिला के हैदरनगर प्रखंड पहुंचा। यहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बभंडी में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, किसान, छात्र, महिला स्वयं सहयता समूह और ग्रामीण जनता के मध्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजना यथा आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि तहत लाभ प्राप्त करने तथा योजना से संबंधित समस्त जानकारी को जागरूकता के विभिन्न साधनों द्वारा साझा किया गया।

कार्यक्रम दौरान पंचायत अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल लाभार्थी द्वारा आमजन के साथ अपना अनुभव साझा कर सत्र सतत कृषि गतिविधियों के संदर्भ में भी प्रगतिशील किसानों को अवगत करवाया गया।



## लॉगिन-आइडी बनाने का कंप्यूटर ऑपरेटरों को दिया गया प्रशिक्षण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक जिले की 21 प्रखंडों के सभी पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाना है। शिविर में आने वाले लोगों को अधिकाधिक योजनाओं से लाभान्वित करने व कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने तथा इस दौरान प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री करने के लिए उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिले के सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को विभिन्न विषयों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सभी कंप्यूटर ऑपरेटर को लॉगिन आईडी बनाने तथा कैंप की डिटेल को भरने का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही किस आवेदन को कौन पेज में अपलोड करना है,रजिस्ट्रेशन पर्ची कैसे निकलेगा आदि विषयों पर जानकारी दी गयी। इसमें जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह तथा यूआईडी डीपीओ उदय व ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पंकज कुमार पांडेय ने सभी प्रखंड व नगर निगम के कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के बाद सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को कैंप डिटेल और अन्य विवरण का ऑनलाइन इंट्री सुनिश्चित कराने संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

**आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री की जायेगी**

## 'तनाव से मुक्ति के लिए रामनाम जाप आवश्यक'



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर के जेपी चौक स्थित पूर्व उप प्रमुख यमुना सिंह के आवास परिसर में आयोजित अष्टजाम अखंड कीर्तन का समापन समारोह का आयोजन किया गया। विसर्जन कार्यक्रम की शुरूआत अयोध्या विवहूति भवन के शिष्य व परिकर चंद्रदीप सिंह ने रामधुनी व मंगलाचरण से की। उन्होंने कहा कि कलियुग में इस तरह के रामनाम का जाप से ही विश्व का कल्याण होगा।

भृगुनाथ सिंह ने कई कर्ण प्रिय भजन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम में कहा कि इस तरह के आयोजन से सुखद अनुभूति होती है। मौके पर भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष अक्षय नवमी तिथि को यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र व समाज में सुख शांति व समृद्धि की कामना की जाती है। तनाव से मुक्ति के लिए रामनाम का जाप अति आवश्यक है। मौके पर मुख्य रूप से गुप्तेश्वर सिंह, बशिष्ठ सिंह, यमुना सिंह, शैलेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, अनुप कुमार सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, रामराज मेहता, लुटकुन शरण, रविंद्र सिंह, उदय सि, शैलेंद्र कुमार सिंह, उदित कुमार, पुकार सिंह, जयराम सिंह, लक्ष्मण शर्मा, सतेंद्र ठाकुर, उदित कुमार, सुनील सिंह सहित शहर के अलावा सिंदुरिया, कोशी, टोंगरा, निमहत, पोलडीह, मांडर, चनकार समेत दर्जनों गांव के कई लोग मौजूद थे।

## कर्नल कप फुटबॉल 'महाकुंभ' का आगाज आज से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद में कर्नल कप₹ का आगाज आज गुरुवार 23 नवंबर से हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में हो रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में क्षेत्र की 20 बेहतरीन टीमें ट्रॉफी के लिए जोर आजमाइश करती हुई नजर आयेंगी। फाइनल 23 दिसंबर को खेला जायेगा। नाक आउट स्टेज में 10 मुकाबले खेले जायेंगे। इनमें से शानदार प्रदर्शन करने वाली 8 टीमें अगले दौरे के लिए क्वालीफाई करेंगी। कर्नल बिग्रेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण होंगे। अमही और झरहा के बीच शुरुआती मुकाबले से पूर्व गुरूवार को दोपहर 12:30 बजे से उद्घाटन समारोह शुरू होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन एक मुकाबला खेला जायेगा जो दोपहर 2:00 बजे से शुरू होगा। उन्होंने फुटबॉल प्रेमी दर्शकों से अधिक संख्या में अनुमंडल मैदान में पहुंचने का आग्रह किया है। मौके पर स्पोर्ट क्लब के अध्यक्ष माणिक सिंह, सचिव मनोज शर्मा विनय कुमार सिंह महेंद्र चौधरी सगीर अहमद इशरार अहमद (गुड्डू) निर्णायक सुदय सिंह कमेंदर पासवान रविंद्र सिंह सुभाष कुमार मनोहर सिंह प्रदीप कुमार मुकेश सिंह पिन्टु कुमार भानु प्रताप सिंह सहित सभी टीमों के कैप्टन व खिलाड़ी मौजूद थे।




एसडीओ को उद्घाटन सत्र के लिए आमंत्रित करते कर्नल संजय और अन्य।

## साधन दादा के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एनसीपी के पूर्व जिला अध्यक्ष 70 वर्षीय प्रभाष दास गुप्ता उर्फ साधन दादा के आकस्मिक निधन पर एनसीपी के हुसैनाबाद कार्यालय में शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि प्रभाष दास गुप्ता पार्टी के मेरुदंड थे। वह दिन रात मेदिनीनगर में हुसैनाबाद क्षेत्र के मरीजों की सेवा में रहते थे। उन्होंने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की कामना की है। उन्होंने उनकी आत्मा की शांति की कामना की है। शोक सभा में हुसैनाबाद प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सह एनसीपी नेता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, बिनय पासवान, सतेंद्र सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, चंदन सिंह, रतन लाल, राजकुमार ठाकुर, बैरिस्टर सिंह, बबन सिंह, रजनीश सिंह, अजय कुमार समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



# स्पोर्ट्स



भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली 5 मैचों की टी20 सीरीज के इतर आईपीएल 2024 को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। दरअसल, आईपीएल 2024 के लिए ट्रेड विंडो खुल गई है

## विशाखापत्तनम में भारत-ऑस्ट्रेलिया में महासंग्राम 23 को

**एजेंसी**

**विशाखापत्तनम।** आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 समाप्त होने के बाद अब भारतीय टीम एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया से लोहा लेने वाली है। लेकिन इस बार फॉर्मेट दूसरा होगा। जी हां, भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की रोमांचक टी20 सीरीज 23 नवंबर से खेली जानी है। पहला टी20 मैच विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।

हालांकि इस टी20 सीरीज के लिए भारत के सीनियर खिलाड़ियों को रेस्ट दिया गया है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी भी टीम में मौजूद हैं। आइये ऐसे में जानते हैं कि पहला टी20 आप कब और कहां देख सकते हैं।

**कब खेला जाएगा भारत-ऑस्ट्रेलिया में पहला टी20?**

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी20 23 नवंबर को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।

**कितने बजे शुरू होगा भारत-ऑस्ट्रेलिया का पहला टी20 मुकाबला?**

भारत -ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी20 मुकाबला गुरुवार




शाम 7 बजे खेला जाएगा।

भारत-ऑस्ट्रेलिया का मैच लाइव टेलिकास्ट टीवी पर स्पोर्ट्स 18 पर होगा। भारत-ऑस्ट्रेलिया के टी20 मैच की लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा एप पर होगी। भारत-ऑस्ट्रेलिया का पहला टी20 मैच फैंस फ्री में जियो सिनेमा एप पर देख सकते हैं। बस आपको उसके लिए अपने फोन में इस एप को डाउनलोड करना होगा।

### पहले टी20 के लिए दोनों टीमों का स्क्वाड

भारतः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), इशान किशन, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, अवेश खान, मुकेश कुमार।

ऑस्ट्रेलियाः मैथ्यू वेड (कप्तान), आरोन हार्डी, जेसन बेहरेनडोर्फ, सीन एबॉट, टिम डेविड, नाथन एलिस, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस, केन रिचर्डसन, एडम जम्पा।

## टीम होटल लौटती थी, मैं हॉस्पिटल जाकर इंजेक्शन लगवाता था : शमी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** 'हिम्मत ए मर्दा मदद ए खुदा'... उर्दू की इस कहावत का मतलब होता है कि जो इंसान हिम्मत रखते हैं यानी कोशिश करना नहीं छोड़ते उनकी खुदा भी मदद करता है। भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी इसकी जीती-जागती मिसाल है। आपको जानकर हैरानी होगी कि वर्ल्ड कप के शुरुआती चार मैच से बाहर रहने के बावजूद सात मुकाबलों में 24 विकेट चटकाने वाले शमी 2015 वर्ल्ड कप में इंजेक्शन लगवाकर खेलते थे। करियर दाव पर लगाकर मैच के बाद हॉस्पिटल जाते अपना इलाज करवाते और फिर अगले मैच के लिए तैयार होते। ये खुलासा खुद 33 वर्षीय पेसर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में किया।

दरअसल, बीते रविवार अहमदाबाद में भारत पर छह विकेट की जीत के साथ कंगारुओं ने छठी बार वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीती। 240 रन का बचाव करने उतरी भारतीय टीम के लिए मोहम्मद शमी ने अपनी पहली ही बॉल पर डेविड वार्नर को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को करारा झटका दिया, लेकिन इसके बावजूद वह टीम को फाइनल नहीं जीता सके।

### बाघमारा में बाबा धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम जिला प्रशासन से अब तक अनुमति नहीं मिलने से टला

# झारखंड में सरकार और जिला प्रशासन हिंदू विरोधी: ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा विधायक ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी**



**धनबाद।** बाघमारा के चिटाही स्थित रामराज मंदिर में 2 से 4 दिसंबर तक प्रस्तावित बाबा धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की अनुमति के लिए आधा दर्जन से अधिक बार जिला प्रशासन को आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई जवाब न देना यह दशार्ता है कि वर्तमान राज्य सरकार सनातन विरोधी है। जिला प्रशासन के नकरात्मक रवैये के कारण बाबा का प्रस्तावित कार्यक्रम रद्द किया जा रहा है। अब बाबा से नए तारीख मिलने के बाद सीधा न्यायालय में आवेदन कर अनुमति लेंगे। उक्त बातें बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि कई बार उपायुक्त, एसडीएम और सीओ से इस बाबत संपर्क किया पर सिर्फ जांच का आश्वासन ही मिला। न ही इनकार किया गया और न ही स्वीकार किया गया। दर्जनों मेल किये गए पर कोई रिप्लाई नहीं आया। इस बीच एक सिटी एसपी जांच के लिए जरूर पहुंचे। विधयाक ने आरोप लगाया कि सिटी एसपी जांच के नाम और मात्र कुछ सेकंड के लिए उक्त मैदान में रुके और फिर गाड़ी में बैठ चले गए। ढुल्लू ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार सनातन धर्म और हिन्दू विरोधी है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने हिन्दू धर्म के लोगों के भावना को ठेस पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने बाबा धीरेंद्र शास्त्री के भक्तों से आग्रह करते हुए कहा कि आप निराश न हों मैं आपको आश्वस्त करता हूँ कि इस मामले को लेकर न्यायालय के शरण मे जाऊंगा और बाबा से दूसरी तारीख मिलते ही न्यायालय में आवेदन देकर अनुमति लूंगा। सरकार और जिला प्रशासन सरवोपरि नहीं है मुझे न्यायालय पर पूरा भरोषा है। न्यायालय से आदेश मिलते ही बाबा का कार्यक्रम बाघमारा की धरती पर कराया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं किसी का विरोधी नहीं हूं परन्तु अपना काम और अपने धर्म को जरूर आगे बढाने का प्रयास जरूर करूंगा।

# सीसीएल और डीवीसी का चक्का जाम आंदोलन ऐतिहासिक होगा : सचिन महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश प्रकाश चौधरी द्वारा 27 नवम्बर 2023 को आहूत कार्यक्रम सीसीएल और डीवीसी का चक्का जाम आंदोलन ऐतिहासिक होगा। उक्त बातें आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने गोविंद मध्य विद्यालय बालीडीह में बुधवार को जिला कार्यसमिति की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी आंदोलन से उपजी हुई पार्टी है। इसलिए पार्टी लगातार राज्यहित से लेकर जिला स्तर तक आंदोलनरत है। भय, भ्रष्टाचार और बेरोजगार के खिलाफ पार्टी लगातार अपनी आवाज विधानसभा के पटल पर रख रही है। उन्होनें कहा कि 26 नवम्बर को पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो के बोकारो आगमन के दौरान जगह स्वागत किया जायेगा। उन्होनें कहा कि ग्राम प्रभारियों का चयन हेतू चास प्रखंड से सचिन महतो, कार्तिक गोराई, राजेश महतो, सुशेन रजवार, अश्विनी महतो, दुर्गाचरण महतो चन्दनकयारी से सुभाष शेखर, राजेश भगत, आलोका देवी, वशिष्ठ सिंह चौधरी, तपन सिंह चौधरी, तपन रजवार, मानिक माहथा, अनवर आंसरी जरीडीह से काशीनाथ सिंह, डॉ बीएन महतो कसमार से अजय सिंह, नरेंद्र महतो पेटरवार से राजेश विश्वकर्मा, प्रभात मिश्रा, सुरज महतो गोमिया से अमरदीप महाराज, बुच्चू सिंह, कुलदीप प्रजापति बेरमो से काशीनाथ सिंह, शक्ति प्रसाद महतो चन्द्रपुरा से नवीन महतो, बिगन महतो,अनुप मुर्मू नावाडीह से जयलाल महतो जेली, टिकैत महतो, सुरेश महतो, प्रो अलाउद्दीन आंसरी, फकरूद्दीन अली चास नगर से अशोक महतो, संतोष कुमार महतो, बंकु बिहारी सिंह, अहमद सौदागर, अभय शर्मा बोकारो महानगर से संजय चक्रवर्ती, विकाश माहथा, सपन मिश्रा फूसरो नगर से संतोष महतो, महेन्द्र चौधरी, अरविंद पांडे, दीपक महतो को प्रखंड स्तरीय प्रभारी नियुक्त किए है। मौके पर पार्टी के जिला प्रवक्ता प्रकाश शर्मा, उमेश जयसवाल, मिश्रीलाल महतो, तापेश मेहता, अजय गोस्वामी, अभय शर्मा, मुन्ना ओझा, वीरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# एकड़ा कांड : ढुल्लू समर्थक घायल यशवंत की मौत की अफवाह पर धड़ाधड़ गिरे दुकानों के शटर

## रागिनी समर्थक सतेंद्र के घर लटका ताला, परिवार हुआ भूमिगत, क्षेत्र में अभी तनाव वयाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** एकड़ा में ढुल्लू महतो व रागिनी सिंह समर्थकों के बीच हुई मारपीट की घटना में घायल हुए यशवंत राय की मौत की गलत खबर पर एकड़ा में हड़कंप मच गया। अफवाह फैलते ही सारे दुकानों के शटर धड़ाधड़ धड़ गिर गए। घायल के करीबियों की माने तो यशवंत कोमा में चला गया है। चिकित्सकों ने कहा कि गुरुवार तक होश नही आया तो कुछ भी कहना संभव नही है। दुगार्पुर में इलाजरत यशवंत का अबतक तीन बार सर का ऑपरेशन हो चुका है। अस्पताल प्रबंधन परिजनों को दूसरे कहीं बेहतर अस्पताल में ले जाने के लिए भी कह चुका है। बताया जाता है कि बुधवार को करीब 12 बजे दिन में किसी ने घायल यशवंत की मौत की खबर फैला दिया। एकड़ा के रहने वाले बुधन का बेटा को बासदेवपुर के लोगो ने मारने के लिए दौड़ाया। वह करकेन्द की तरफ जा रहा था। इससे माहौल खराब हो गया। लोग डरकर अपनी दुकानें बंद करने लगे। सूचना पर केंदुआ थाना की पुलिस भी पहुंच गयी। फिलहाल स्थानीय लोगो में भय वयाप्त है।

### रागिनी समर्थक सतेंद्र के घर लटका ताला

रागिनी सिंह समर्थक सतेंद्र के घर पर ताला लटक गया है। परिवार के लोग घर बंद कर कहीं चले गए हैं। मंगलवार की शाम तक सभी घर मे मौजूद थे। बुधवार को जब पड़ोस के लोगों ने सतेंद्र के घर पर ताला लटका देखा तो सभी दहशत में आ गए। सतेंद्र के घर और दुकान के पास पुलिस फोर्स तैनात है। घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी किसी ओर से पुलिस को शिकायत नहीं की गयी है।

### किसी महिला ने मौत की अफवाह फैलायी

जब एकड़ा के लोग अपनी दुकानें बंद कर रहे थे तो मैं भी वही था। मौत की खबर महज अफवाह है। दोनों पक्षों में से किसी ने अबतक लिखित शिकायत नही दिया है। फर्द ब्यान लेने का प्रयास हो रहा है। उसके बाद कांड अंकित किया जायेगा। सतेंद्र के परिवार डर से कहीं चला गया होगा। घटना के बाद वहां पुलिस तैनात है।

# ओपी लाल की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**लोयाबाद।** लोयाबाद दुगार्मंदिर समीप राकोमयू के संयुक्त महामंत्री रवि चौबे के आवासीय परिसर में बुधवार को पूर्व मंत्री ओपी लाल की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा ओपी लाल के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रध्दांजलि दी गई ।वक्ताओं ने देश की वर्तमान स्थिति, मंहगाई और बेरोजगारी सहित केंद्र सरकार की नीतियों का मुद्दा उठाया ।यूनियन के महामंत्री ए के झा ने ओपी लाल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे हमेशा मजदूरों को हक और अधिकार दिलाने के लिए संघर्षशील रहे। कहा कि देश की स्थिति क्या है यह लोगों से छुपी नहीं है। लोगों की निगाहें कांग्रेस की तरफ है। भारतीय मजदूर संघ के विंदेश्वरी प्रसाद ने कहा कि ओपी लाल जैसे मजदूर नेताओं की कमी हो गई है ।उन्होंने अपनी पूरे जीवन में न्याय के लिए लडने का काम कभी वकील बनकर तो कभी नेता बनकर किया ।मौके पर रामप्रीत यादव, शकील अहमद, असलम मंसूरी, राजकुमार महतो, इम्तियाज अहमद, वैभव सिन्हा, शकुंतला श्रीवास्तव, राजेश्वर यादव, लग्न देव यादव, जावेद राजा, माधव सिंह, रामगोपाल भुवानिया, राम बचन पासवान, हकीम खान, विजय यादव, चांद खान, केके पांडे, गुड्डू मिश्रा, इंदर यादव, विश्वनाथ महतो आदि मौजूद थे।

# चिरकुंडा में घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के तालडांगा हाउसिंग कॉलोनी स्थित स्व आत्मानंद राय के घर बुधवार की सुबह चोरों ने घर का ताला तोड़ लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर लिया। सूचना पाकर चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई। घर के सदस्य अरविंद कुमार राय का कहना है कि हम लोग दिन के 11 बजे पूरा परिवार बाजार गए हुए थे। लगभग 3 बजे वापस आए तो देखा कि घर के चारों रूम का ताला टूटा हुआ है और वही अलमारी व बक्सा का भी ताला टूटा हुआ है एवं अलमारी में रखे हुए गहने जेवरात व नगदी सहित सभी सामान गायब है। श्री राय ने बताया कि खुरपी के सहारे अलमारी एवं बक्सा का ताला तोड़ लगभग 5 से 6 लाख के जेवरात की चोरी हुई है। सभी को मालूम है की स्व आत्मानंद राय की मृत्यु के बाद इनकी तीन लड़कियां इस घर पर रहती है। अभी फिलहाल एक लड़की और दामाद घर पर रह रहा था। वही घर के दामाद अरविंद कुमार राय का कहना है कि हमारे दो साली का कितना गहना जेवरात इस अलमारी में था अभी मालूम नहीं है उनके आने के बाद ही मालूम चल सकेगा। फिलहाल भुक्तभोगी द्वारा चिरकुंडा थाने में लिखित कोई भी शिकायत नहीं दी गई है। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर चिरकुंडा पुलिस निरीक्षक ने कहा की परिजनों के लिखित आवेदन मिलने के बाद ही कोई कार्रवाई की जायेगी।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA.**

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/F2-01/2023-24 Date :- 22-11-2023**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Name of the work :- Construction of Single Checkdam on Dhuma Bandh Nala Block- T.Tangar | Estimated Cost (Rs.)<br>91,02,000.00 | Earnest Money (Rs.)<br>1,82,500.00 | Cost of Tender Paper (Rs.)<br>10,000.00 |
| 2. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) | | |
| 3. | Date of Publication of Tender on website | 05-12-2023 (2:00PM.) | | |
| 4. | Last date/Time for submission of Bids (online) | 19-12-2023 (up to 5:00 PM.) | | |
| 5. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (http://jharkhandtenders.gov.in )<br>19-12-2023 (up to 5:00 PM.) | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 20-12-2023 ( 02.00 PM) | | |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | EXECUTIVE ENGINEER,MINOR IRRIGATION, DIVISION,SIMDEGA. | | |
| 8(a)<br>(b) | Contact no. of Procurement officer<br>E-mail of e-procurement Officer | 7004377291<br>midivsimdg@gmail.com | | |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 | | |

**Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**M.I.Division,Simdega.**

PR 311754 Minor Irrigation(23-24)D


# बोकारो में हवाई सेवा शीघ्र : बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण बोकारो में शीघ्र हवाई सेवा शुरू करने को लेकर फायर के डीजी अनिल पालटा से मिले। बोकारो हवाई अड्डा में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 16 फायर कर्मियों की आवश्यकता है लेकिन यहां सिर्फ 10 कर्मी की पोस्टिंग हैं बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने इस ओर फायर के डीजी अनिल पालटा का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसे शिघ्र पूरा करने का आग्रह किया कि 6 फायर कर्मियों की शीघ्र पोस्टिंग हो, फायर के डीजी अनिल पालटा ने विषय की गंभीरता को देखते हुए कल ही 6 फायर कर्मियों की पोस्टिंग कर देने की बात कही हैं। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने डीजी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा बोकारो वासियों के हवाई सेवा शुरू होने के सपना पूरा होने में जो बाधा थी उसमे से एक बाधा फायर की दूर हो गई है शीघ्र ही बोकारो वासियों का सपना पूरा हो सकेगा।

# नियोजन की मांग को लेकर ग्रामीण करेंगे आंदोलन

**भूमिगत खदान चालू करने वाले कंपनी नहीं दे रही रोजगार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद कोलियरी में फिर से उत्पादन चालू करने के लिए आउटसोर्सिंग कंपनी वेन्सर कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड द्वारा लगातार क्षेत्र का सर्वे चालू है। बुधवार को भी कम्पनी के अधिकारी पी के राय के नेतृत्व में लोयाबाद अंतर्गत विभिन्न स्थानों का सर्वे किया गया ।उससे पहले पीके राय ने बीसीसीएल के अधिकारियों से मुलाकात किया। करीब एक महीने से क्षेत्र का फिजिकल सर्वे चालू है। इसी बीच करीब आठ मजदूर को नियोजन देने की बात क्षेत्र में फैली हुई है। हालाकि इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। नियोजन की खबर सुन आसपास के गांवों के लोगों ने भी नियोजन की मांग शुरू कर दी है। सर्वे द्वारा कम्पनी समझना चाहती है कि किस जगह से माइंस का ऑपरेशन बेहतर होगा। जहां से शुरूवाती समय से कोयला मिलना चालू हो जाये। जमीन के उपर अबतक कितना जगह खाली है,कितने जगह में अवैध रूप से लोग बसे हुई हैं। करीब 15 दिनों तक सर्वे चलेगा। सर्वे के बाद एक डीपीआर तैयार कर मंत्रालय स्वीकृति के लिए भेजा जायेगा।

लोयाबाद में भूमिगत खदान चालू करने वाले कम्पनी में नियोजन की मांग को लेकर पांच गांव के लोगो ने कनकनी सात नंबर में बैठक किया है। युवा बेरोजगार मंच ने कहा कि हमलोग स्थानीय बेरोजगार है। कम्पनी यहां 25 वर्षो तक काम करेगी ।हमलोगों को नियोजन देना होगा ।अन्यथा आंदोलन होगा,युवा बेरोजगार मंच यहां के बीसीसीएल अधिकारी से पहले मुलाकात करेंगे,और उनसे जानेंगे कि,स्थानीय लोगो के लिए आपके पास नियोजन नीति क्या है ।लोगो को लग रहा है कि कम्पनी मजदूरो बहाली शुरू कर दी है ।सूत्रों ने कहा कि आठ लोगो काम रखा जा रहा है,जिसमे एक मजदूर को सर्वे करने के लिए उतारा गया है। बैठक अध्यक्षता मुकेश कुमार ने किया, बैठक में विजय यादव सुनील पासवान पप्पू कुमार धर्मेंद्र पासवान कृष्णकांत विजय पासवान प्रिंस कुमार मंटू यादव फनी चौहान शमशेर खान सुरेंद्र सिंह लवकुश कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीण बैठक में शामिल थे। ज्ञात्त हो कि करीब 16 साल से बंद पड़े लोयाबाद भूमिगत खदान को चालू करने के लिए हैदराबाद के वेन्सर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कम्पनी को दिया गया ।करीब 42 मिलयन टन कोयला का उत्पादन करीब 25 वर्षो में पूरा करना है ।नई कम्पनी भूमिगत खदान के जरिये ही,कोयला खनन करेगी,और खुद बाजार में सेल करेगी।।मुनाफे में केवल 7.5 प्रतिशत बीसीसीएल को हिस्सेदारी मिलेगी।यहां कोकिंग कोल है ।जो भारत देश ऑस्ट्रेलिया से आयात करता है। यहां कोयला खनन हुआ तो,देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA.**

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/F2-01/2023-24 Date :- 22-11-2023**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Name of the work :- Construction of Single Checkdam on Dhuma Bandh Nala Block- T.Tangar | Estimated Cost (Rs.)<br>91,02,000.00 | Earnest Money (Rs.)<br>1,82,500.00 | Cost of Tender Paper (Rs.)<br>10,000.00 |
| 2. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) | | |
| 3. | Date of Publication of Tender on website | 05-12-2023 (2:00PM.) | | |
| 4. | Last date/Time for submission of Bids (online) | 19-12-2023 (up to 5:00 PM.) | | |
| 5. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (http://jharkhandtenders.gov.in )<br>19-12-2023 (up to 5:00 PM.) | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 20-12-2023 ( 02.00 PM) | | |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | EXECUTIVE ENGINEER,MINOR IRRIGATION, DIVISION,SIMDEGA. | | |
| 8(a)<br>(b) | Contact no. of Procurement officer<br>E-mail of e-procurement Officer | 7004377291<br>midivsimdg@gmail.com | | |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 | | |

**Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**M.I.Division,Simdega.**

PR 311754 Minor Irrigation(23-24)D

## राजस्थान की जनता के नाम प्रधानमंत्री का खुला पत्र

# 'राजस्थान को कांग्रेस ने अपराध में नंबर वन बना डाला'

### राजनीतिक हलचल

- लाचार कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ बेकाबू अपराध, निरंकुश प्रशासन और हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार यही कांग्रेस का विकास मॉडल है



**पीएम** मोदी ने राजस्थान की जनता के नाम पत्र लिख कर भाजपा को जिताने का आह्वान किया है। पीएम ने पत्र में लिखा कि मैं राजस्थान की पुण्य भूमि को प्रणाम करता हूं, जहां जन्मे वीरों और वीरांगनाओं ने सदैव इस देश पर पड़े संकट का डट कर मुकाबला किया है। मैं यहां के गौरवशाली इतिहास को नमन करता हूं जो त्याग, वीरता, तपस्या और बलिदान का प्रमाण है। अगले कुछ दिनों में राजस्थान में मतदान होनेवाला है। ऐसे समय में जब आप सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करने जा रहे हैं, मेरे विचार में आया कि मैं अपनी बात आपके बीच रखूं और आपसे भाजपा के लिए आशीर्वाद मांगूं। पांच वर्ष पूर्व आपने अपनी इस तपोभूमि की आकांक्षाएं पूरी करने की जिम्मेदारी कांग्रेस को दी थी। लेकिन दुर्भाग्य से इन पांच वर्षों में राजस्थान को लाचार कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ बेकाबू अपराध, निरंकुश प्रशासन और हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार ही देखने को मिला। कांग्रेस ने राजस्थान की साख को जो नुकसान पहुंचाया है, उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। ऐसा लगता है जैसे कांग्रेस ने इन पांच वर्षों में राजस्थान से किसी पुरानी दुश्मनी का बदला लिया है। राजस्थान की धरती हमेशा से ईमानदारी, न्याय और लोक शासन की प्रतीक भूमि रही है। जब भी राजस्थान के बारे में बात होती है, तो हमारे मन में हमेशा सम्मान, गौरव और मर्यादा के एक राज्य की तस्वीर बनती है। लेकिन आज राजस्थान के लोगों को कांग्रेस सरकार के कारण शर्मिंदा होना पड़ रहा है। कांग्रेस ने राजस्थान को अपराधों में नंबर एक राज्य बना डाला है। राजस्थान में कांग्रेस ने जिस तरह असामाजिक तत्वों को खुली छूट दी, उसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। आज स्थिति यह है कि राजस्थान में अपनी आस्था का पालन भी मुश्किल हो गया है। अपनी तुष्टिकरण की नीति के कारण कांग्रेस सरकार आपराधिक तत्वों पर कार्रवाई करने तक से बच रही है। राजस्थान की धरती नारी शक्ति के सम्मान के लिए अपना जीवन गंवाने वालों की धरती है। लेकिन बीते पांच साल राजस्थान में नारी शक्ति के लिए सबसे असुरक्षित वर्ष बने हैं। इसलिए आज राजस्थान की महिलाओं ने इस कांग्रेस सरकार को उखाड़ कर फेंकने का संकल्प ले लिया है। राजस्थान की भूमि व्यापार की भूमि भी है, लेकिन खराब कानून व्यवस्था के कारण व्यापार पर भी संकट खड़ा हो गया है। जब व्यापार प्रभावित हो रहा है, तो इसका सबसे अधिक असर राज्य के युवाओं पर हुआ है, रोजगार के नये अवसरों पर हुआ है। शासन सिर्फ शक्ति से नहीं, लोगों के प्रति जिम्मेदारी के भाव से जुड़ा होता है। लेकिन दुर्भाग्य से राज्य की सरकार यह मूल कर्तव्य भूल चुकी है।

### भाजपा ने हमेशा से राज्य के विकास और समृद्धि के बारे में सोचा

बीजेपी ने हमेशा से राज्य के विकास और समृद्धि के बारे में सोचा है। हमारा विजन प्रयास, प्रतिष्ठा और प्रगति के रास्ते का है। राजस्थान में आनेवाली बीजेपी की सरकार डबल इंजन सरकार के रूप में काम करेगी। इस डबल इंजन सरकार के लिए तेज विकास, गरीबों को सम्मान और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति ही सुशासन के मूल मंत्र होंगे। पिछले नौ वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने राज्य की महिलाओं के लिए मुफ्त गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, घर-घर में शौचालय इत्यादि का निर्माण कराया है। राजस्थान का कोई गरीब भूखा न रहे, उसके लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था करायी है। आवास योजना से सबके सर पर पक्की छत का सपना भी साकार हो रहा है। किसान भाइयों को किसानी के छोटे बड़े खर्चों में सहायता करने के लिए सम्मान राशि उनके खातों में पहुंचायी जा रही है। आयुष्मान भारत योजना और जन औषधि केंद्र, गरीबों का बहुत बड़ा संबल बने हैं। राजस्थान के लोगों से ज्यादा पानी की अहमियत कौन समझ सकता है। केंद्र की भाजपा सरकार हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए बहुत बड़ा अभियान चला रही है। पूरे देश में सिंचाई नेटवर्क को भी और सुदृढ़ किया जा रहा है। राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनने के बाद जल संसाधन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। केंद्र सरकार राजस्थान में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण भी कर रही है। आधुनिक होती कनेक्टिविटी से किसानों और व्यापारियों के लिए नये बाजारों के विकास का रास्ता भी बन रहा है। इससे आने वाले वर्षों में राज्य की प्रगति और तेजी से होगी।

## राजस्थान चुनाव से पहले अशोक गहलोत की प्रदेशवासियों से मार्मिक अपील



राजस्थान चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेशवासियों से एक मार्मिक अपील की है। उन्होंने कहा कि जनता यह समझ कर मतदान करे कि सभी 200 सीटों से अशोक गहलोत चुनाव लड़ रहे हैं। सीएम गहलोत ने कहा कि सभी सीटों पर चुनाव हो रहे हैं और प्रत्याशी वहां पहुंचने की डिमांड कर रहे हैं। सब जगह पहुंचना संभव नहीं हो पा रहा। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे स्थानीय स्तर के प्रत्याशियों को ना देखें कि कौन चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने जनता से अपील की है कि समय बहुत कम है। जनता को यह समझ लेना चाहिए कि सभी 200 सीटों से वे खुद चुनाव लड़ रहे हैं। सीएम गहलोत ने कहा कि इस बार माहौल ऐसा बन गया है कि उनके वक्त में जो योजनाएं बनीं, जो कानून पास हुए और सरकार ने जो गारंटियां दीं, उनका बहुत वेलकम हो रहा है। पहले सरकारी योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचने की गारंटियां महंगाई राहत कैंप में दी गयी। बाद में कांग्रेस ने आगे के लिए 7 और गारंटियां दी है।

## राजस्थान में भाजपा पर साधा निशाना

# एक जेबकतरा ध्यान भटकाता है, दूसरा पीछे से जेब काटता है, तीसरा धमकाता है : राहुल गांधी



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने बुधवार को धौलपुर के राजाखेड़ा और भरतपुर के नदबई में आयोजित जनसभा में भाजपा पर निशाना साधा। कहा कि भाजपा की मीटिंग में सब लोग भारत माता की जय करते हैं। पूछा कि ये भारत माता है कौन? ये है क्या? फिर जवाब दिया, ये (भारत माता) भारत की जनता है। राहुल ने कहा, जब हम भारत माता की जय करते हैं तो हम जनता की जय करते हैं।

राहुल गांधी ने अपने अंदाज में समझाया कि जब जेबकतरे किसी की जेब काटना चाहते हैं, तो सबसे पहले वो उस उस आदमी का ध्यान भटकाते हैं। एक जेबकतरा सामने आकर ध्यान भटकाता है, उसी समय दूसरा जेबकतरा पीछे से जेब काट देता है। साथ ही कहा, तीसरा जरूरत पड़ने पर डराता-धमकाता है। कहा, मोदी ध्यान भटकाते हैं, अडाणी जेब काटते हैं और अमित शाह लाठी चलाते हैं। वो (मोदी) टीवी पर आते हैं। वे हिंदू-मुस्लिम, नोटबंदी, जीएसटी, मुझे फांसी लगा दो। आदि बात करते हैं। अडाणी आपके पैसे लेकर चला जाता है। राहुल गांधी ने अपने भाषण के क्रम में कहा कि पहले हिंदुस्तान सरकार देश के युवाओं से कहती थी, अगर आपने देश की रक्षा की तो हम सारा जीवन आपकी और आपके परिवार की रक्षा करेंगे। लेकिन अब मोदी जी अग्निवीर योजना लेकर आये हैं, जिसमें युवाओं को सिर्फ 4 साल के लिए नौकरी दी जायेगी।







# राष्ट्रपति ने 'नये भारत के लिए नयी शिक्षा' अभियान का शुभारंभ किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को ओड़िशा के संबलपुर में संबलपुर के ब्रह्म कुमारियों के एक शिक्षा अभियान नए भारत के लिए नयी शिक्षा का शुभारंभ किया। इस अभियान की परिकल्पना मूल्यों को विकसित करने और बेहतर समाज के लिए छात्रों की चेतना के उत्थान के उद्देश्य से की गयी है।

इस अवसर पर बोलते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा ने हमेशा समाज निर्माण में एक महत्वपूर्ण एवं परिवर्तनकारी भूमिका निभाई है। उन्होंने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि सेवा, समानता तथा सहानुभूति जैसे नैतिक एवं मानवीय मूल्य हमारी संस्कृति की नींव हैं और युवाओं को इन महान आदर्शों से परिचित होना चाहिए। बेहतर समाज बनाने के लिए उन्हें अपने बुजुर्ग माता-पिता और समाज के वंचित वर्ग के लोगों की देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चों के मन में इन मूल्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि नैतिक शिक्षा हमारे जीवन के निर्माण में सहायक होती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती है। नैतिक शिक्षा हमें करुणा, दया, मित्रता और बंधुत्व के जीवन मूल्यों से अवगत कराती है। इन गुणों से लैस व्यक्ति में सकारात्मक परिवर्तन आ सकते हैं। किसी व्यक्ति में सकारात्मक परिवर्तन आने से बेहतर समाज बन सकता है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चरित्र-निर्माण, आत्म-साक्षात्कार एवं दिव्य अनुभव के माध्यम से सुख, शांति और आनंद का मार्ग सुलभ बना रहा है।

### वीएसएसयूटी के 15वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओड़िशा के संबलपुर के बुर्ला में वीर सुरेंद्र साई प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 15वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं और उन्होंने इस समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश का विकास युवाओं के योगदान पर निर्भर करता है। इस विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाले छात्र नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हुए सड़कों, इमारतों, बांधों और कारखानों के निर्माण में भागीदारी बनेंगे। इंजीनियरों के रूप में, वे प्रगति के वास्तुकार बनेंगे और इनोवेटर्स के रूप में, वे कल्पना और वास्तविकता के बीच पुल का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि तेजी से प्रगति कर रही दुनिया में, यह संस्थान, जो कौशल और ज्ञान प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह आधार बनने जा रहा है, जिस पर उनके भविष्य के साथ-साथ राष्ट्र के भविष्य का भी निर्माण होगा। राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि वीर सुरेंद्र साई प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा विकसित एक विशेष उपग्रह प्रक्षेपण यान प्रायोगिक आधार पर सफल रहा है। इसे इसरो से सराहना प्राप्त हुई है और आगे के शोध के लिए विश्वविद्यालय और इसरो के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस विश्वविद्यालय के परिसर में एक नवाचार और इनक्यूबेशन केंद्र स्थापित किया गया है। उन्होंने रचनात्मक कार्य के लिए विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि हमने 2047 से पहले भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और कहा कि प्रौद्योगिकी एक माध्यम है जो विकास की गति को तेज कर सकती है और इसलिए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और इंजीनियर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रपति ने छात्रों को सलाह दिया कि वे इस तथ्य का ध्यान में रखें कि उनकी सफलता केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियां नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इसका इस आधार पर भी आकलन किया जायेगा कि वे दूसरों के जीवन पर क्या सकारात्मक प्रभाव डालेंगे। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे उत्कृष्टता के लिए हर सभव प्रयास करें, न केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए भी। उन्होंने छात्रों से सकारात्मक परिवर्तन के एजेंट, विविधता के पैरोकार और अखंडता का चैंपियन बनने का भी आग्रह किया।













| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**